हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 25.09.2023 वर्ष 10, अंक 262
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**रांची का तापमान**
अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

**सुविचार**
हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है !

## रांची-हावडा वंदे भारत एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेन को प्रधानमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# 11 राज्यों को मिली 9 वंदे भारत ट्रेन की सौगात

### वंदे भारत ट्रेनें नए भारत के नए जोश, नए उत्साह और नई उमंग का प्रतीक है : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों को एक साथ नौ वंदे भारत ट्रेनों का तोहफा दिया। पीएम मोदी दक्षिण मध्य रेलवे की दो सेवाओं सहित नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये काचीगुडा-यशवंतपुर और विजयवाड़ा-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल मार्गों के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया। वहीं, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश में आधुनिक कनेक्टिविटी विस्तार का यह अभूतपूर्व अवसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की यह गति और स्केल 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मैच कर रही हैं और यही आज का भारत चाहता है। उन्होंने कहा कि आज जिन ट्रेनों को शुरू किया गया है, वे पहले की तुलना में ज्यादा आधुनिक और आरामदायक हैं। ये वंदे भारत ट्रेनें नए भारत के नए जोश, नए उत्साह और नई उमंग का प्रतीक है।

### 530 यात्रियों की बैठने की क्षमता

आधिकारिक बयान के अनुसार, काचीगुडा-यशवंतपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा इस मार्ग की अन्य ट्रेनों की तुलना में कम से कम यात्रा समय के साथ दोनों शहरों के बीच सबसे तेज ट्रेन होगी। इसमें 530 यात्रियों की बैठने की क्षमता है। विजयवाड़ा - एमजीआर चेन्नई सेंट्रल मार्ग पर ट्रेन इस मार्ग पर पहली और सबसे तेज ट्रेन होगी।

### इन 11 राज्यों को मिलेगा लाभ

**ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी. ये वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ ट्रेन होंगी और यात्रियों का काफी समय बचाने में मदद करेंगी. मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे तेज़ होगी.**

### बंदे भारत ट्रेनों ने पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी ला दी है

पीएम ने कहा कि कहा कि हम सभी जानते हैं कि ऐसे कई रेलवे स्टेशन हैं जो पिछले कई सालों से विकसित नहीं हुए हैं। इन स्टेशनों को विकसित करने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि अमृत काल में बने नए स्टेशन अमृत भारत स्टेशन कहलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों ने पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों में भी तेजी ला दी हैं। जिन जगहों पर वंदे भारत ट्रेन पहुंच रही हैं, वहां पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है।
इससे वहां रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे हैं।



### वंदे भारत ट्रेन मिलने पर रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुआ कार्यक्रम

रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मंत्री हफीजुल हसन, सांसद संजय सेठ, आदित्य साहू, महुवा माझी, समीर उरांव मौजूद थे। राज्यपाल ने वंदे भारत में बैठे स्कूल के बच्चों से मिले और उन्हें चॉकलेट दी। उन्होंने कहा भारत आगे बढ़ रहा है और झारखंड उसे फॉलो कर रहा है। झारखंड को वंदे भारत की दूसरी कनेक्टिविटी मिली, जो हावड़ा-बंगाल तक जायेगी। बंगाल एक पोर्ट है। इससे कनेक्टिविटी ग्रोथ में मदद करेगी।

### 9 ट्रेनों को पीएम ने दिखाई हरी झंडी

1. उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस
2. तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
3. हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस
4. विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस
5. पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
6. कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस
7. राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस
8. रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस
9. जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

## क्विक न्यूज

### एक दूजे के हुए सांसद राघव चड्ढा और बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपडा



**जयपुर** : सांसद राघव चड्ढा और बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपडा अब पति-पत्नी हो गए हैं। रविवार की दोपहर करीब एक बजे राघव की सेहराबंदी की रस्म हुई। दूल्हा बने राघव तीन बजे ताज लेक पैलेस से 18 बोट्स में बरात लेकर रवाना हुए और कुछ ही देर में लीला पैलेस पहुंचे। शाम चार बजे होटल लीला पैलेस में दोनों की वरमाला हुई। इस दौरान दूल्हे राघव ने क्रीम कलर की शेरवानी और दुल्हन परिणीति ने भी उसी रंग का लहंगा पहना था। करीब 6ः30 बजे परी और राघव ने सात फेरे लिए। इसके बाद दोनों पति-पत्नी बन गए।

### अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में सभी खालिस्तानी आतंकवादियों की होगी पहचान, भारत सरकार ने दिए निर्देश

**नई दिल्ली** : खालिस्तानियों के खिलाफ भारत सरकार ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है. इसी क्रम में भारत सरकार ने संबंधित अधिकारियों को अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में सभी खालिस्तानी आतंकवादियों की पहचान करने, उनके ओसीआई कार्ड रद्द करने और भारत में उनके प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है. भारत में उनकी संपत्तियों और उनके शुभचिंतकों की संपत्तियों और बैंक खातों की भी पहचान करने और उन्हें जल्द से जल्द जब्त करने के निर्देश दिए हैं।

### बिहार : जहरीली शराब पीने से दो की मौत, दो लोगों के आंखों की रोशनी गई

**मुजफ्फरपुर, बिहार**: बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोगों के आंखों की रोशनी चली गई.पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी. अपर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने रविवार को बताया कि घटना काजी मोहम्मदपुर थाना के क्षेत्र में आने वाले पोखरिया पीर मोहल्ले की है और शराब आपूर्तिकर्ता फरार है, लेकिन उसकी पत्नी और बेटी को हिरासत में लिया गया है.

### सड़क हादसे में पांच की मौत

**दौसा** : राजस्थान के दौसा जिले के महवा थाना क्षेत्र में ग्राम बरीतकी के पास रविवार को तेज रफ्तार एक रोडवेज बस ने टैंपो को टक्कर मारते हुए पैदल यात्रियों को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। हादसा रविवार को करौली स्टेट हाई-वे पर हुआ। हादसे के बाद बस चालक फरार हो गया। महवा थाना इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने बताया कि बरीतकी गांव के नजदीक बस ने एक टेंपो को टक्कर मार दी। इसी दौरान पास से निकले रहे पदयात्रियों को भी बस ने चपेट में ले लिया। यात्रियों से भरा टेंपो हिंडौन (करौली) की तरफ से आ रहा था।

### बेनिन के पेट्रोल भंडार में आग लगने से 35 लोगों की मौत

**पोर्टो-नोवो** : पश्चिम अफ्रीकी देश बेनिन के दक्षिण-पूर्वी विभाग ओउमे में एक पेट्रोल भंडार में आग लगने से कम से कम 35 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक गंभीर रूप से झुलस गए है। बेनिन के गृह और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के हवाले यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह वाकया नाइजीरिया बॉर्डर के पास हुआ।मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल हैं। आग लगने से वहां धमाका हो गया।आसमान में धुआं का गुबार छा गया। गौरतलब है कि अफ्रीकी देश नाइजीरिया प्रमुख तेल उत्पादक देश है। आसपास के इलाकों में यहां से तेल की तस्करी होती है।

### एशियन गेम्स : भारत की झोली में पांच पदक



**बीजिंग** : एशियाई खेलों की पदक तालिका में भारत का खाता खुल चुका है। नौकायन में अर्जुन और अरविंद की जोड़ी ने रजत पदक जीता है। वहीं, महिला शूटिंग टीम भी रजत पदक पर निशाना साध चुकी है। मेहुली घोष, रमिता और आशी की तिकड़ी ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। भारत की महिला क्रिकेट टीम भी रजत पदक पक्का कर चुकी है। मुक्केबाज निकहत जरीन ने एशियाई खेलों में विजयी शुरुआत की है। उन्होंने महिलाओं के 50 किग्रा के राउंड 16 में प्रवेश कर लिया है। उन्हें राउंड 32 में वियतनाम की थी टैम गुयेन के खिलाफ 5-0 से एकतरफा जीत मिली। भारत की शतरंज ने शानदार शुरुआत की। कोनेरू हम्पी, डी. हरिका, अर्जुन एरिगैसी और विदित गुजराती ने अपने-अपने शुरुआती मैच जीत लिए हैं। चारों खिलाड़ी अगले दौर में पहुंच गए हैं। पुरुषों की लाइटवेट डबल स्कल्स (रोइंग) में रजत पदक जीतने के बाद अर्जुन लाल और उनके साथी अरविंद ने अपनी खुशी जाहिर की। भारतीय मुक्केबाज प्रीति आरएससी के माध्यम से जॉर्डन की एस अलहसनत को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। अब उनका मुकाबला कजाकिस्तान की जेड शेकेरबेकोवा से होगा। नौकायन में भारत के लिए कांस्य पदक जीतने के बाद बाबू लाल यादव ने अपनी खुशी जाहिर की।

## लातेहार : मुरी-जम्मूतवी एक्सप्रेस में भीषण डकैती



*** डकैतों ने लूटे लाखो रुपए, कई यात्रियों को किया घायल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार** : लातेहार-बरवाडीह स्टेशन के बीच शनिवार को मध्य रात्रि मुरी से जम्मूतवी जा रही मुरी एक्सप्रेस में डकैतों ने जमकर लूटपाट की। बदमाशों ने करीब पचास यात्रियों से हथियारों के दम पर लाखों रुपये लूट लिए। दहशत फैलाने के लिए करीब 10 बार हवाई फायर किए। कुछ यात्रियों को पीटकर घायल कर दिया।यात्रियों का कहना है कि लातेहार स्टेशन से लगभग 10 बदमाश एस 9 बोगी में सवार हुए। लातेहार से गाड़ी के रवाना होते ही बदमाशों ने लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। लूटपाट के बाद बदमाश बरवाडीह स्टेशन से पहले चेन पुलिंग कर उतर गए। डाल्टनगंज स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर यात्रियों ने जमकर हंगामा किया। यहां दो घंटे से ज्यादा समय तक ट्रेन रुकी रही। घायल यात्रियों का यहां प्राथमिक उपचार किया गया। यात्रियों का आरोप है कि जीआरपी और रेलवे सुरक्षा बल की सांठगांठ यह सब हुआ। अधिकांश यात्री विंध्याचल और माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जम्मू जा रहे थे।
जानकारी के अनुसार अपराधियों के पास हथियार भी थे. लूटपाट के दौरान अपराधियों ने जमकर फायरिंग और मारपीट की. अपराधी एस 9 बोगी में करीब 35 से 40 मिनट तक लूटपाट करते रहे. बरवाडीह रेलवे स्टेशन के पास जैसे ही ट्रेन रुकी अपराधी उतरकर फरार हो गए. अपराधियों की पिटाई में कुछ लोग जख्मी भी हो गए.
रेलवे के एक अधिकारी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ही जख्मी यात्रियों का इलाज किया गया. मामले में आरपीएफ एवं जीआरपी के वरीय अधिकारियों को भी सूचना दी गई. जानकारी मिलने पर रेलवे व लातेहार पुलिस डकैतों को पकड़ने के लिए सघन छापेमारी अभियान छेड़ दिया है।

## कैश वैन की सुरक्षा के लिए गृह विभाग ने जारी किया दिशा-निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : बैंक, एटीएम सहित अन्य एजेंसियों के लिए नकदी लाने और ले जाने वाली कैश वैन की सुरक्षा को लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसमें कहा गया है कि प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी एक्ट 2005 के तहत रजिस्टर्ड सिक्योरिटी एजेंसी को ही बैंकों का कैश लाने-ले जाने के लिए नियुक्त किया जाना चाहिए, जो एजेंसी इस कानून के तहत पंजीकृत नहीं हैं, उन्हें इसका कॉन्ट्रेक्ट नहीं मिलना चाहिए। कहा गया है कि कैश वैन में सुरक्षा के सभी इंतजाम होने चाहिए। प्रत्येक कैश वैन में एक चालक, दो हथियारबंद सुरक्षा गार्ड और दो एटीएम अधिकारी होने अनिवार्य हैं। कैश वैन पर तैनात कर्मचारियों की पुलिस वेरिफिकेशन, केवाईसी तथा उनका पुराना रिकॉर्ड चेक किया जाना चाहिए। कैश वैन में जीपीएस होना अति आवश्यक है। गृह विभाग के द्वारा जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि कैश वैन की सुरक्षा के लिए तैनात निजी गार्ड का केवल सुरक्षा उद्देश्य के लिए उपयोग किया जायेगा।






# विधायक ने पिपरा में दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने रविवार को पिपरा प्रखंड क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया। उन्होंने पहले पिपरा जपला मुख्य पथ के पहलदेवा आजाद बीघा से कालीपुर देवी स्थान तक पथ निर्माण योजना का शिलान्यास किया । इसके बाद सरैया पंचायत के होलेया चेरवा ग्राम आरसीडी रोड से पुनपुन उद्गम स्थल कुंड होते हुए बारा बानाडीह ग्राम तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जनता ने जिस उम्मीद के साथ उनपर विश्वास जताया है। उनकी समस्याओं के लगातार समाधान करने में जुटे हैं । वह चुनाव के दौरान किए गए सभी वादों को एक-एक कर पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सुदुर इलाके में सड़क का निर्माण होने से ग्रामीणों के संपूर्ण विकास के दरवाजे खुलेंगे। शिलान्यास कार्यक्रम को विधायक प्रतिनिधि अजीत कुमार सिंह, पिपरा प्रखंड विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, सरैया पंचायत की मुखिया प्रियंका कुमारी, एनसीपी प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, सिद्धि सिंह, सुरेंद्र राय, विकास तिवारी, कान्हा सिंह सहित कई लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुईयां ने किया। इस अवसर पर एनसीपी के वरिष्ठ नेता सरोज प्रसाद कुशवाहा, जिला सचिव अजय सिंह, अनुमंडलीय अध्यक्ष विनय पासवान, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह, रौनक सिंह, पपु सिंह, मिट्ठू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मोहम्मद असलम, आबिद हुसैन उर्फ मुन्ना, पूर्व मुखिया रामप्रवेश भुईयां, विनोद सिंह, राजबली सिंह, गोविंद सिंह, नीतू सिंह, प्रिंस सिंह, रविन्द्र मेहता, बबलू सिंह, सुनील सिंह, हरबंश पासवान, ललू भुईयां, विकास सिंह, भगवती सिंह सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

# तेली समाज का हुआ पुनर्गठन राजेंद्र गुप्ता बने अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत 24 सितंबर रविवार को धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता के आवास पर तेली साहू समाज की बैठक किया गया, बैठक की अध्यक्षता सत्यनारायण साहू ने किये तथा संचालन जितेंद्र कुमार ने किया बैठक का मुख्य उद्देश्य तेली साहू समाज कमेटी का कार्यकाल पूरा हो जाने पर पूर्ण गठन किया गया जिसमें राजेंद्र प्रसाद गुप्ता को सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया संरक्षक जितेंद्र कुमार, भरत साह, सत्यनारायण साहू, भोला प्रसाद, तथा उपाध्यक्ष कृष्ण प्रसाद, गोकुल प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार उर्फ पप्पू जी, अजय गुप्ता,एवम महामंत्री उमेश कुमार साव संतोष प्रसाद गुप्ता, सचिव चंद्र मोहन कुमार उर्फ चंदू जी, चुनमुन साह, सुनील प्रसाद, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता को बनाया गया । इस बैठक में उपस्थित मुख्य रूप से चंदन गुप्ता जी, राजाराम गुप्ता, अनिल साह, सिमरन गुप्ता, भारत प्रसाद, जितेंद्र कुमार, सतनारायण साह, अरविंद कुमार, सुनील कुमार, सहित अनेक गणमान्य तेली समाज के लोग उपस्थित हुए।

# झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज पलामू ईकाई की बैठक संपन्न, समाज को एक जुट करने पर हुई चर्चा



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू झारखण्ड प्रदेश विश्वकर्मा समाज पलामू ईकाई की बैठक रविवार के दिन परिसदन भवन मेदिनीनगर के सभागार कक्ष में की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष मनोज विश्वकर्मा तथा संचालन लव विश्वकर्मा जी के द्वारा किया गया। बैठक में पंचायत, प्रखंड एंव जिला स्तर पर कमिटी विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया की जो भी समाज के लोग समाज से कटे हुए है उन्हें समाज के मुख्य धरा से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा.मौके पर डॉ नन्ददेव विश्वकर्मा, हिरा विश्वकर्मा, राधेश्याम विश्वकर्मा, प्रभु विश्वकर्मा, उदयनाथ विश्वकर्मा, सूरज विश्वकर्मा, जनक शर्मा, भरदुल शर्मा, पिंकी विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, डोमन शर्मा, मंटू शर्मा, करण शर्मा, मनोज कुमार के साथ - साथ कई लोग उपस्थित रहे।

## आगामी 26 सितंबर को ट्रॉमा सेंटर में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का किया जा रहा है आयोजन

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 26 सितम्बर को अनुमंडल मुख्यालय स्थित ट्रॉमा सेंटर में स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ गोकुल प्रसाद ने दिया। उन्होंने कहा कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर गढ़वा जिले में रक्त की उपलब्धता बनाये रखने के लिए ट्रॉमा सेंटर में 26 सितंबर दिन मंगलवार को रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी विभागों के पदाधिकारियो, कर्मचारियों सहित सभी आम लोगो से रक्त दान शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील किया है।

# राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले एकदिवसीय सम्मेलन का हुआ कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन के बैनर तले रविवार को गढ़वा के नवादा मोड़ उत्सव गार्डन पार्क में जिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में गढ़वा जिला के विभिन्न गांव से अंसारी बिरादरी के लोग सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष हिदायतुल्लाह अंसारी ने हक मांगो हकदार बनो अपने कौम का सरदार बनो÷ उक्त बातें कहते हुए कहा की अंसारी बिरादरी को अपने हक और अधिकार के लिए जागरूक होने की जरूरत है उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन के महानायक मुस्लिम लीडर असीम बिहारी की बातों की चर्चा करते हुए कहा कि विद्या बिन मति गई मति बिन गति गई जिस समाज में विद्या नहीं है उस समाज की उन्नति नहीं हो सकती है इसलिए अंसारी समुदाय के लोग शिक्षित बने तभी अपने हक और अधिकार को हासिल कर सकते हैं उपाध्यक्ष ने कहा कि देश की आजादी से पहले मुस्लिम समाज के लोग लगभग 33 प्रतिशत नौकरी में थे। लेकिन आज कौमी नेताओं के चलते स्थिति बद से बदतर हो गई है इसलिए समाज के लोगों को शिक्षित होने के साथ-साथ संगठित होने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए लोगों को संबोधित करते हुए शुक्रिया अदा किया। इसके अलावा सम्मेलन में कई लोगों ने समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर लोगो के बीच अपनी बातो को रखा। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव आदम अंसारी ने किया।

# पलामू पुलिस बनाम आरएएफ के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** समवाय ए/106 वाहिनी द्रुत कार्य बल ( आर0ए0एफ) के श्री विवेक कुमार उप कमाण्डेन्ट, इंस्पेक्टर लक्ष्मन जी राय, ए/106 वी वाहिनी द्रुत कार्य बल (आर0ए0एफ) जमशेदपुर के कमाण्डेन्ट डॉ निशीत कुमार के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 20 से 26 सितंबर 2023 तक पलामू जनपद में आर0ए0एफ ए/106 वाहिनी को परिचयात्मक अभ्यास के लिए निर्धारित किया गया है। जिसका कुशल नेतृत्व ए/106 वाहिनी के ओ0सी0 श्री विवेक कुमार उप कमाण्डेन्ट कर रहे है। कार्यक्रम के तीसरे दिन पलामू पुलिस सीडीपीओ सुरजीत कुमार, श्री विवेक कुमार (उप0 कमा0) उनकी बटालियन के द्वारा के द्वारा आवादगंज स्थित मिशन स्कूल में छात्राओं के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान में आर0ए0एफ के उपकरणों की जानकारी छात्राओं को दी, विद्यालय परिसर में पौध रोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। चौथे दिन यानी रविवार को पुलिस लाइन स्टेडियम में पलामू पुलिस और आर0ए0एफ जवानों के बीच क्रिकेट मैच का मुकाबला रखा गया। जिसमें पलामू पुलिस ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया पलामू पुलिस ने 12 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 129 रनों का लक्ष्य रखा, वही जवाब में आर0ए0एफ की टीम 69 रन में ही ऑल आउट हो गए। आम पब्लिक भी आर0ए0एफ की टीम में शामिल थी। मौके पर मौजूद सीडीपीओ सुरजीत कुमार, आर0ए0एफ के श्विवेक कुमार उप कमाण्डेन्ट ने विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

# खरौंधी प्रखंड में 281 नवसाक्षरों ने दी बुनियादी परीक्षा कई महिलाएं दूधमुहें बच्चे के साथ आई थी परीक्षा देने



**खरौंधी (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत रविवार को खरौंधी प्रखंड के 9 पंचायतों में आयोजित आकलन सह जांच परीक्षा संपन्न हुई। इसमें कुल 306 नवसाक्षरों को परीक्षा में शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया था। परीक्षा में 228 महिला एवं 53 पुरुष कुल 281 नवसाक्षर परीक्षा में सम्मिलित हुए। पंचायत मुख्यालय स्थित सरकारी विद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने केंद्राधीक्षक के रूप में परीक्षा संपन्न कराई। वहीं साक्षरता प्रेरक वीक्षक की भूमिका में कार्य किए। परीक्षा के दौरान संबंधित प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक रंजु गुप्ता ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा को शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षक व वीक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए। कई महिलाएं दूधमहें बच्चों के साथ परीक्षा देने आई थी जिसमें पता चलता है की लोगों में पढ़ाई के लिए जागरूकता आई है। खरौंधी प्रखंड में नवसाक्षरों की आकलन सह जांच परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई। प्रखंड में 281 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी। इस दौरान केंद्राधीक्षक मनोज कुमार,कामेश्वर प्रसाद सिंह,राजनंदन राम, मोतीचंद जायसवाल, गोविंद उराँव, नसीम अंसारी, राघवेंद्र बिहारी, सतेंद्र दास, जितेंद्र सिंह वीक्षक अखिलेश साह, पुनमलता कुमारी, रिंकू कुमारी, माया आजाद, सलोना कुमारी, संगीता देवी, स्वीटी देवी, नजरे आलम, इंदु देवी, लीलावती कुमारी, रविता कुमारी, संध्या कुमारी, अशोक ठाकुर, सुशील यादव, बिनोद चौधरी सहित सभी वीक्षक, एमटी, भीटी उपस्थित थे।

# परसाचुआं में स्कूल भवन निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत डीएमएफटी मद से राजकीय प्राथमिक विद्यालय परसाचुआं के पांच अदद क्लास रूम निर्माण कार्य का पूर्व मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने शिलान्यास किया । इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में जो भी ज्वलंत समस्याएं हैं उसे तेजी से त्वरित निदान किए जा रहे हैं। सड़क, पुल, पुलिया से लेकर जर्जर विद्यालयों में अपेक्षित कमरों के अलावे स्वास्थ्य के क्षेत्र सहित ग्रामीणों के सभी मूलभूत सुविधाओं पर उनका विशेष ध्यान है। उन्होंने क्षेत्र के विकास में सभी से एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की। इस दौरान विधायक ने एनएच 98 सड़क से सुल्तानी गांव होते हुए परसाचुआं गांव की ओर जाने वाली ग्रामीण सड़क और नाली की बदहाली देख लोगों को सड़क के साथ ही नाली निर्माण कराने का भी भरोसा दिया। जिस पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक के प्रति आभार जताया। इसके पहले ग्रामीणों ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को फूल माला के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया।

# मां, बेटा और बहू तीनो एक ही उम्र की, तीनो ही ले रहे है वृद्धा पेंशन का लाभ

➲बड़े भाई-भाभी से भी बड़ा है उम्र में छोटा भाई और उसकी पत्नी
➲अपने पति से 12 वर्ष बड़ी तथा सास से9वर्ष छोटी है की उम्र सबसे छोटी बहू की, ले रही है वृद्धा पेंशन का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** इन दिनों प्रखंड भ्रष्टाचारियो के पूरी तरह से चपेट में है।प्रखंड के भोजपुर पंचायत में पूर्व मुखिया सहित दर्ज़न भर लोग अवैध तरीके से बृद्धा पेंशन का लाभ उठा रहे है। ऐसी चर्चा भोजपुर पंचायत में हो रही है।जब संवादाता ने इसके संबंध में जांच पड़ताल किया तो चौकाने वाला मामला सामने आया। जिसमे माँ-बेटा-बहु की उम्र समान है। तीनो लोग वृद्धा पेंशन का लाभ उठा रहे है। इतना ही नही सबसे छोटी बहू भी वृद्धा पेंशन का लाभ उठा रही है। **क्या है मामला :** प्रखंड के भोजपुर ग्राम में स्वर्गीय यमुना साव की दो पत्नियां श्रद्धा देवी 77 वर्ष तथा तारा देवी 69 वर्ष की है। जिनका वोटर कार्ड आईडी FLJ 1005313 श्रद्धा देवी जिनका पेंशन आईडी jh-s-00226002 तथा वोटर कार्ड आईडी FLJ 1005354 तारा देवी पेंशन आईडी jh-s-00226116 पिछले लगभग 10-15 वर्षो से पेंशन का लाभ ले रही है। इनके पुत्र राजेश कुमार गुप्ता, इनकी पत्नी संजू देवी, सबसे छोटी बहू सुनीता देवी भी वृद्धा पेंशन का लाभ ले रही है। ध्यान देने लायक बात यह है कि इनके बड़े पुत्र मुन्ना गुप्ता वोटर कार्ड FLJ 6310163 के अनुसार 58 वर्ष एवम बड़ी बहू नागवंती देवी स्नख्छ 6613681 के अनुसार 55 वर्ष है। जब कि इनके मझले पुत्र राजेश कुमार गुप्ता वोटर आईडी स्नख्छ 1691826 के अनुसार 69 वर्ष, इनकी पत्नी वोटर आईडी FLJ1691864 के अनुसार 69 वर्ष की है।मतलब की इनकी माता तारा देवी पुत्र राजेश कुमार गुप्ता तथा बहु संजू देवी तीनो की उम्र एक ही है। इतना ही नही राजेश कुमार गुप्ता, इनकी पत्नी संजू देवी अपने ही बड़े भाई-भाभी से 11 साल बड़े है। इनके बड़े भाई मुन्ना गुप्ता की उम्र 58 वर्ष, भाभी नागवंती देवी की उम्र 55 वर्ष वोटर कार्ड के अनुसार दर्ज है। इनके भाई मुन्ना गुप्ता हिंडाल्को रेनुकूट में कार्यरत है।जो अभी डियूटी से रिटायर्ड नही है।मतलब की या तो फर्जी आई डी का प्रयोग करके अभी तक मुन्ना गुप्ता नोकरी कर रहे है या फिर राजेश कुमार गुप्ता फर्जी आईडी का प्रयोग करके वृद्धा पेंशन ले रहे है।सोचनीय बात यह है कि माता जी तारा देवी,मझले पुत्र राजेश कुमार गुप्ता बहु संजू देवी तीनो की उम्र एक ही कैसे हो सकती है।इतना ही होता तो ठीक था राजेश कुमार गुप्ता के छोटे भाई अशोक कुमार की पत्नी 31 वर्ष की उम्र में ही वृद्धा पेंशन का लाभ ले रही है। **ऐसा है मामला :** राजेश कुमार गुप्ता वोटर आई डी FUJ1691826 के अनुसार 69 वर्ष, पेंशन आईडी jh-s-02266625 से तथा इनकी पत्नी संजू देवी वोटर आई डी स्नख्छ1691864 के अनुसार 69 वर्ष, पेंशन आईडी jh-s-02622344 से तथा इनके छोटे भाई की पत्नी सुनीता देवी वोटर आई डी FUJ1691859 के अनुसार 31 वर्ष, पेंशन आईडी द्धद्ध-ह्य-07420996 से पेंशन का लाभ ले रही है।

# खैरादोहर में बहुत धूमधाम से मनाई गई पेरियार ललई सिंह यादव की 113 वीं जयंती

**नौड़ीहा बाजार (पलामु) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार प्रखंड के खैरदोहार पंचायत के लकराही बाजार के प्रांगण मे रविवार को पेरियार ललई सिंह यादव के 113 वीं जयंती मनाई गई। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और पेरियार ललई सिंह यादव के चित्रों पर राष्ट्रीय बौद्ध महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री मती सुषमा बौद्ध व पंचायत के मुखिया पातो देवी मुखिया संघ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार भारती,रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक, पंचायत समिति सदस्य शत्रुधन साव, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव ,समिति के संरक्षक जुदागीर राम शिक्षक ने संयुक्त रूप स दीप प्रजवल्लित और मालायर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद प्रखण्ड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव और संचालन नरेन्द्र कुमार प्रियदर्शी ने किया। कार्यक्रम मे मुखूय अतिथि के रूप सुषमा बौद्ध और विशिष्ट अतिथि के रूप प्रोफसर विजय गोप ने शिरकत किया। कार्यक्रम के सम्बोधन मे कहा कि पेरियार ललई सिंह यादव के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। मौके पर जगदीश नागवंशी,कपिल प्रजापति,रामराज पासवान,पूनम बौद्ध,समाज सेवी अजय कुमार, लल्लू राम,जयंती समारोह के अध्यक्ष मदन यादव,कोषध्यक्ष पप्पु यादव, सचिव पंकज कुमार समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# महायज्ञ की सफलता के लिए समिति के सदस्यों का हर घर पहुंचने का अभियान प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 28 सितंबर को हनुमंत पूजा के लिए भागवत कथा समिति के सदस्य रविवार को नगरनिगम में आमंत्रित करना प्रारंभ किया।राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के रेड़मा स्थित प्रदेश कार्यालय से आमंत्रण रथ निकल कर शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरकर सनातनियों को आमंत्रित किया।आमंत्रण रथ का नेतृत्व सनातनी धर्म रक्षक अर्जुन पाण्डेय(गुरु पाण्डेय) कर रहे थे। काफिले के रुप में निकले आमंत्रण रथ में सबसे आगे आकर्षक रुप सुसज्जित रथ चल रहा था जिसमें कर्णप्रिय मधुर भजन से पुरा इलाका गुंजाएमान हो रहा था।इस दौरान शहर के गणमान्य लोगों को राधे राधे लिखित पट्टा व मोमेंटम देकर महायज्ञ में आमंत्रित किया गया। अपने तरह का यह अनोखा दृश्य दृष्टिगोचर हो रहा था जब महायज्ञ समिति महायज्ञ की सफलता के लिए पूरे सनातनियों को आमंत्रित करने निकली थी। मालूम हो की हाउसिंग कालोनी के प्रांगण में 21 नवंबर 28 नवंबर तक परमपूज्य देवकीनन्दन ठाकुर जी का भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत 28 सितंबर को हाउसिंग कालोनी के प्रांगण में हनुमंत पूजा का आयोजन किया गया है जिसके लिए सनातनियों को आमंत्रित किया जा रहा है।इस दौरान राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश संरक्षक कृष्णकांत चौबे, मनु प्रसाद तिवारी, आशीष भारद्वाज, प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय, प्रमंडलीय संरक्षक बृजेश शुक्ला, शैलेश प्रदीप दूबे, जिलाध्यक्ष विकास दूबे, त्रिपुरारी पाण्डेय, परितोष पाण्डेय, शिव दूबे, विक्रांत त्रिपाठी, ज्ञानेश तिवारी, प्रवीण सिंह, चंदन सिंह, संजय पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय, गोरख पाठक, संजय मिश्रा,आनंद दूबे, बिक्कू शुक्ला, बिट्टू दूबे, चंदन तिवारी आर के, लल्लू पाण्डेय, शैलेश दूबे, रौशन तिवारी, तिवारी, दिलीप तिवारी, मूननू पाण्डेय, छोटू त्रिपाठी, राकेश पाण्डेय, दीनानाथ पाण्डेय व रुपेश तिवारी सहित काफी संख्या में सनातनी शामिल थे।

# भाकपा जिला कमेटी की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला कमेटी की बैठक जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन भाकपा जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने किया। बैठक में पलामू जिले के सभी प्रखंडों से आए अंचल सचिव ने जिले में ब्यापत सुखाड़ की समस्या पर चिंता व्यक्त किया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के गलत नीतियों के कारण गरीबों को अगस्त माह में राशन नहीं मिल पाया। मंगहाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है पलामू जिला में सुखाड़ का आकलन अभी तक नहीं किया गया वहीं वैकल्पिक खेती करने के लिए अभी तक कोई योजना नहीं बनाई गई। सरकार सुखाड़ का भरपाई करने के लिए रवि फसल के खाद और बीज की व्यवस्था अभी से ही शुरू करे। तभी किसानों का खेती के लाभकारी मूल्य प्राप्त हो सकेगा। वही उपभोक्ताओं पर बिजली का बिल बढ़ाने की बात कहना सरासर गलत है भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिजली का बिल बढ़ने पर आम उपभोक्ताओं को साथ लेकर आंदोलन करेगी। भाकपा जिला सचिव श्री रुचिर तिवारी ने कहा कि पलामू जिला में अपराध की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है चाहे बस डकैती का मामला हो मूर्ति चोरी का मामला हो या हत्या का मामला हो या ट्रेन लूट का मामला हो अपराध पर अंकुश लगाने में जिला प्रशासन और रेल प्रशासन दोनों गंभीर नहीं है। रेल प्रशासन जहां यात्रियों से टिकट वसूली में लगा हुआ है वहीं जिला प्रशासन भी वसूली करने से पीछे नहीं है। ऐसी स्थिति में अपराधी बेखौफ होकर घटना का अंजाम दे रहे हैं।वहीं राज्यव्यापी आंदोलन के तहत 28 सितंबर को भगत सिंह का जन्मोत्सव, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती से पूरे पलामू जिला में आम जनता के साथ जन संवाद और पदयात्रा एवं नवंबर माह में जन समस्याओं को लेकर पलामू डीसी का घेराव किया जाएगा और 26 नवंबर को पलामू जिला से हजारों कार्यकर्ता जिले में व्याप्त भूमि घोटाला रूट खसोट एवं घूसखोरी के खिलाफ राज भवन मार्च करेंगे। बैठक में नसीम राइन, सोनू अहमद, शमसुद्दीन अंसारी, कृष्ण मुरारी दुबे, भोला सिंह गणेश, राम, सुषमा मुरमा, आलोक कुमार तिवारी, मृत्युंजय तिवारी, सुरेश ठाकुर, उमेश सिंह चेरो, फेकन उरांव, नरेश राम, सहित कई लोग उपस्थित थे

# जेएमएम पंडवा पंचायत कमिटी गठित



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को पंडवा में जेएमएम पंडवा पंचायत कमिटी गठित कि गई। जिसमें अमरेश मेहता को पंचायत अध्यक्ष, कृष्णा कुमार मेहता को उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार मेहता को सचिव, पंकज कुमार मेहता को महासचिव, सहित दर्जनों सदस्य बनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर मेहता ने कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने को ले प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत कमिटी गठित कि जा रही है। श्री मेहता ने कहा कि पंडवा प्रखंड में जेएमएम का सदस्यता अभियान चलाया जाएगा और ज्यादा से ज्यादा कार्य कर्ताओं को जोड़ा जाएगा ताकि जेएमएम मजबूती से पुनः झारखंड में सरकार बना सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सार्वजनिक दुर्गापूजा समितिः काल्पनिक पंडाल में विराजेगी मां दुर्गा

**रांची** : रांची के जगन्नाथनगर सार्वजनीन दुर्गापूजा समिति राजेंद्र भवन, सेक्टर-2 इस वर्ष काल्पनिक पंडाल बना रही है। समिति की ओर से इस वर्ष भी भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष स्वराज मुखर्जी ने रविवार को बताया कि इस बार काल्पनिक मंदिर का प्रारूप बनाया जा रहा है। पंडाल की ऊंचाई 50 फीट, चौडाई 120 फीट और लंबाई 20 फीट है। कुल लागत 6-7 लाख की है। 20 अक्टूबर को पंडाल का उद्घाटन किया जाएगा। 15 फीट की मूर्ति मूर्तिकार जगदीश पाल के जरिये बनाई जा रही है। पूजा में ढाकी पुरुलिया से आते हैं। साज-सज्जा और पंडाल साई डेकोरेटर्स, डोरंडा की ओर से किया जा रहा है। बंगाली परंपरा से यहां पूजा की जाती है।

### राजद युवा के राष्ट्रीय महासचिव विशु विशाल यादव का निधन

**रांची** : राजद युवा के राष्ट्रीय महासचिव और ओडिशा प्रभारी विशु विशाल यादव का रविवार को रिम्स में निधन हो गया। तबीयत खराब होने के बाद उन्हें रिम्स लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। राजद प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि विशु विशाल यादव के असामयिक निधन से शोक की लहर है। पूरा राजद परिवार मर्माहत और दुखी है।हम सब ने एक तेज तर्रार और युवा नेता खो दिया।ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और इस दुख के विकट क्षण में ईश्वर उनके समस्त परिवार को दुख सहने की शक्ति दें। उनके निधन पर राजद के झारखंड प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव,प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव,झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, बिनोद भोक्ता सहित समस्त राजद परिवार ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमलोगो ने एक युवा नेता खो दिया जिसकी भरपाई संभव नहीं।

# चार साइबर ठग गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची** । शोभा मेनन से डेढ़ करोड़ की लॉटरी लगने के नाम पर कॉल कर करीब एक वादिनी से अज्ञात साइबर अपराधियों के द्वारा एक करोड़ बारह लाख रुपया की ठगी कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुसंधान में आये अपराध शाखा एर्नाकुलम (केरल राज्य) पुलिस पदाधिकारी, सुखदेवनगर थाना एवं तकनिकी शाखा राँची के द्वारा सुखदेवनगर थाना विद्यानगर से संयुक्त छापामारी कर कांड में सम्मिलित आरोपी ज्योतिष कुमार उम्र 23 वर्ष पिता चौधरी, मोहन कुमार उम्र 21 वर्ष पिता विजय ठाकुर ,अजीत कुमार उम्र 25 वर्ष पिता अर्जुन तीनों पता चकवाई थाना वारीसलिगंज जिला नावादा (बिहार) एवं निरज कुमार उम्र 21 वर्ष पिता राय पता किशोरगंज इरगु टोली बगान चौक थाना सुखदेवनगर जिला राँची को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के पास से ए.टी.एम कार्ड, एवं स्मार्ट फोन, बैंक पासबुक एवं नगद राशि तथा बी. एम. मोटरसाईकिल सहित तीन मोटरसाईकिल एवं दो कार बरामद किया गया। आरोपियों के अनुसार लो लॉटरी निकलने या अन्य तरह के प्रलोभन का झाँसा देकर साईबर ठगी करते हैं। ये लोग ठगी क एकाउंट में ट्रासफर करने के लिये विभिन्न राज्यों में जाली कागजातों के आधार पर बैंक एकाउण्ट खोले हैं। इन्हीं एकाउंट में ठगी का पैसा ट्रांसफर करवाकर राँची के विभिन्न ए.टी.एम. से पैसे की निकासी क इस गिरोह के कुछ सदस्य विभिन्न राज्यों में एकाउंट खोलवाकर प्रति बैंक एकाउंट बीस हजार अतिरिक्त पैसा लेते हैं। एक माह में इन आरोपियों के द्वारा ठगी का करीब 70 से 75 लाख रुपया की इनके पास से बरामद बैंक खाता से किया करते हैं।

**जप्त समानों का विवरण:** ए.टी.एम. कार्ड 85 नगद, बैंक पासबुक 18 अदद 03. मोबाईल 23 अदद लैपटॉप 01, कार (फोर व्हीलर) -(एक स्वीप डिजायर, एवं एक टाटा ज्येष्ट) 07. मोटरसाईकिल -03 (एक बुलेट, एक बी.एम. डब्लू एवं एक स्पेलेण्डर)नगद राशि एक लाख उनचालीस हजार दो सो पच्चास रु0

**छापामारी टीम में शामिल:** विनोद कुमार पुनि सह थाना प्रभारी सुखदेवनगर थाना, पुअ धनंजय कुमार गोप सुखदेवनगर थाना,सअनि शाह फैजल तकनिकी शाखा नगर, अजमत अंसारी तकनिकी शाखा, परवेश कुमार पासवान तकनिकी शाखा, क्यू. आर. टी टीम वरीय पुलिस अधीक्षक,आरक्षी अमृत तिग्गा सुखदेवनगर थाना।

## महानगर जगरनाथनगरीये दुर्गा पूजा समिति का गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : धुर्वा मेफेयर बैंकवेट हॉल में रविवार को महानगर जगरनाथनगरिये दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। धुर्वा थाना एवं जगरनाथपुर थाना के अंतर्गत 20 पूजा समितियों ने मिल कर नए समिति का गठन किया। रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों ने चुनाव कराते हुए नए समिति का गठन किया। समिति ने इंदरजीत सिंह को अध्यक्ष एवं रंजन यादव को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया। बैठक में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व केंद्र मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अजित सहाय, महावीर मंडल अध्यक्ष जय सिंह यादव, राजन वर्मा, नंदकिशोर चंदेल, प्रदीप वर्मा, रविंदर वर्मा, संजय सिन्हा गोप, संजय मिनोचा, राणा रणधीर, अमरनाथ साहू एव मुन्ना यादव मौजूद थे। मंच संचालन शिवेश सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रणव सिंह ने किया।



**मुख्य टीम**

मुख्य संयोजक - कृष्णमोहन सिंह, मुख्य संरक्षक- राणा संग्राम सिंह, कुणाल अजमानी, संरक्षक- बिजय बहादुर सिंह, नंदन यादव, राकेश सिंह, धुनमून सिंह,भोला झा, कुणाल शाहदेव, हरेंद्र सिंह, सचिदानंद तिवारी, मुन्ना ठाकुर, संदीप कुमार, दीपक सिंह, विशाल सिंह, अशोक सिंह, शिवेश सिंह, संजय सिंह, शुशील वाजपई, प्रकाश कुमार,अध्यक्ष- इंदरजीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- रंजन यादव, वरीय उपाध्यक्ष- आकाशदीप, गोपाल उपाध्याय,कुणाल सिंह, गुंजन सिंह, सिंटू सिंह,सचिन सिंह, सनी सिंह,शिवलाल सिंह, अमन चौहान, अमरेश शर्मा, जेपी शर्मा, दीपक देव,रवि शंकर, शाहिल सिंह, उपाध्यक्ष- सभी पूजा पंडाल के अध्यक्ष, महासचिव- धर्मवीर सिंह, कोषाध्यक्ष- अमित सिंह, मीडिया प्रभारी- मोनल श्रीवास्तव।

**महिला विंग-**

संरक्षक- मंजू सिंह एवं नीतू सिंह, अध्यक्ष- शुलेखा सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष- नीलम चौब, महामंत्री- डॉली जैसवाल, उपाध्यक्ष- अनु सिंह, मंजू कुमारी, पूजा कुमारी, शुष्मा हेम्ब्रम, बबिता कुमारी, मोनिका कौर, मंत्री- किरण देवी, धरती देवी, संध्या सिंह, आशा सिंह, मंजू उपाध्याय।

## 64 जनसंगठनों की जांच के बजाय उनके नेताओं से सीधा संवाद करे सरकार : माले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : भाकपा माले ने झारखंड में जल-जंगल-जमीन, विस्थापन के मुद्दे पर आदिवासी समाज के हित में लोकतांत्रिक संघर्ष करने वाले 64 जनसंगठनों पर माओवादियों से संबंध के नाम पर जांच करने के फैसले का विरोध किया है। माले ने मांग की है कि सरकार इन जन संगठनों के प्रतिनिधि से सीधे संवाद करे और इन संगठनों के द्वारा उठाए गये मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करे। सरकार 64 जनसंगठनों को पुलिस निगरानी में रखी है। माले का कहना है कि लोकतांत्रिक आंदोलनों, गरीब-गुरबों की आवाज एवं आदिवासियों के अधिकारों को कुचलने के लिए यह कोई नया हथकंडा नहीं है। बेलगाम लूट और कॉरपोरेट परस्त नीतियों को जारी रखने के लिए रघुवर सरकार ने इस तरह के हथकंडे का इस्तेमाल किया था और लोकतांत्रिक आंदोलनों कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ रखा था। हेमंत सरकार के कार्यकाल में इन हथकंडों की पुनरावृति अनपेक्षित है और सरकार लोकतांत्रिक आंदोलनों और संगठनों को निगरानी से अविलंब मुक्त करना चाहिए। भाकपा माले राज्य कमेटी मांग करती है कि विस्थापन, राशन की लूट, और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों के खिलाफ लड़ने वाले जनसंगठनों पर लगाम लगाने का अधिकार कार्यकर्ताओं पर निगरानी के नाम पर उन्हें प्रताड़ित करने के बजाय सरकार उनके मुद्दों को हल करने में अपने तंत्र का इस्तेमाल करे। हेमंत सरकार से अपील है कि राज्य में रघुवर सरकार की दमनकारी नीतियों को ना दुहराये।

## जमीतुल कुरैश पंचायत और लाइफ केयर अस्पताल के सहयोग से लगा निशुल्क जांच शिविर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जमीतुल कुरैश पंचायत की ओर से बूटी मोड़ स्थित सुपर स्पेशलिटी लाइफ केयर अस्पताल के सहयोग से कांटा टोली कुरैशी मोहल्ला में नि शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया । यह शिविर 12÷00 बजे से करीब करीब दो बजे तक चला । इस दौरान कुल एक सौ से अधिक मरीजों ने चिकित्सकों से परामर्श लिया। मुख्य रुप से अपना नेत्र से जुड़े जांच करवाया, साथ ही बीपी, शुगर का भी जांच कराया । इसके अलावे भी सर्दी, जुकाम, बुखार जैसे बीमारी लेकर मरीज पहुंचे उनका भी लाइफ केयर अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच किया और बेहतर स्वास्थ्य एवं दवा लेने और डेंगू , मलेरिया से



बचाव के उपाय भी बताए गए। खान पान में विशेष ध्यान रखने के लिए भी उन्हें बताया गया और साफ सफाई पर विशेष ख्याल रखने की जानकारी दी। इस मौके पर लाइफ केयर अस्पताल के डॉक्टर रोहित मेडिसिन, भारत कुमार नेत्र सहायक, दीपक कुमार नर्सिंग स्टाफ और सिस्टर रुमोला उपस्थित थे। इस मौके पर जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी, तजमुल कुरैशी, अफजल सहित मुहल्ले के कई लोग उपस्थित थे। वहीं अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी पप्पू, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डन का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत का सेमिनार 26 को : अजहर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : पसमांदा मुस्लिम यूनाइटेड काउंसिल भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने अपने प्रेस बयान में कहा कि काउंसिल ने सेमिनार की तैयारी पूरी कर ली है।

यह सेमिनार मंगलवार 26 सितंबर 2023 को दोपहर 12 बजे प्रेस क्लब में तय किया गया है। इस अवसर पर झारखंड राज्य के विभिन्न हिस्सों से पिछड़े मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और धार्मिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

समिति ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी प्रतिभागियों को निमंत्रण पत्र, फोन के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। पिछड़े मुसलमानों की समस्याओं से परिचित सभी समर्थकों ने कहा कि यूनाइटेड काउंसिल भारत की ओर से यह कार्यक्रम पिछड़े समाज की आवाज है।

हम सभी इस सेमिनार में भाग लेना अपना सौभाग्य मानते हैं। इस अवसर पर अब्दुल्ला अज़हर कासमी ने सभी संस्थानों, संगठनों, पंचायतों, राजनेताओं और धार्मिक नेताओं से अनुरोध किया है कि वे काउंसिल की आवाज़ का जवाब दें और अपनी अच्छी सलाह से प्रोत्साहित करें।

और यह एक मानवीय जिम्मेदारी है कि आप भारत में रहने वाले सभी पिछड़े समुदायों को उनका वाजिब हक दिलाने में अहम भूमिका निभाएं।

## झामुमो हिट एंड रन वाली पॉलिसी अपनाती है : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने झामुमो प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य पर पलटवार किया। सिन्हा ने कहा कि झामुमो राज्य में सत्ताधारी दल है। इसलिए भाजपा पर उल्टा सीधा आरोप लगाकर झामुमो हिट एंड रन वाली पॉलिसी अपनाती है। कहा कि पहले भी भाजपा झामुमो से कह चुकी है कि आरोप लगाने से अच्छा है अपनी सबसे पसंदीदा और विश्वासी एजेंसी से हर आरोप का जांच कराइए और




जनता को उसका रिपोर्ट सार्वजनिक कर बताइए कि गौ तस्करी का पैसा कौन-कौन खा रहा है? गोवंशीय पशु क्रूरता 2005 से झारखंड में प्रतिबंधित है, वधशाला भी बंद है, बावजूद गोवंशीय पशु कहां से आ रहा है यह जांच की विषय है। उन्होंने कहा कि गो तस्कर से किसकी सहानुभूति है यह राज्य की जनता जान चुकी है। उन्होंने कहा कि राज्य के ऐसे अनूठे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हैं जिन्होंने सार्वजनिक मंच से भरी सभा में पुलिस पदाधिकारियों को गो तस्करों पर कारवाई नहीं करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि झामुमो बताए कि एक आदिवासी महिला दारोगा संध्या टोपनो जिसे गो तस्करों ने ट्रक से कुचल कर मार दिया और सरकार ने जांच का दिखावा करके इसकी लीपापोती का प्रयास किया।

## प्रकृति पूजा का पर्व है करमा : ब्रह्माकुमारी निर्मला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : चौधरी बगान हरमू रोड ब्रह्माकुमारी संस्थान में करम पूजा के पूर्व संध्या पर करम पूजा के आध्यात्मिक रहस्य को उद्घाटित करते हुए केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि वृक्ष और प्रकृति पूजा का पर्व करमा उमंग उत्साह से प्रदेश भर में मनाया जाता है। वास्तव में भारत की आदि दैवी संस्कृति में प्रकृति सुखदायी सतोप्रधान थी। आज वही प्रकृति तमोप्रधान दुखदायी बन गई है।पहले सब सर्वगुण सम्पन्न सोलह कला सम्पूर्ण थे। प्रकृति और पुरुष में सुन्दर तालमेल था। युगक्रम व कालक्रम में प्रकृति पुरूष का सामंजस्य खराब हो गया। पुरूष के



कर्न, बोल और संकल्प जैसे-जैसे खराब होते गये प्रकृति भी खराब होती चली गई। अब प्रकृति फिर तमोप्रधान से सतोप्रधान हो जाये, मानव के लिए सुखदाई हो जाये, इसी भावना से द्वापर युग के आदि से हम लोगों ने प्रकृति की पूजा शुरू की है। वृक्ष और झाड़ से ही हमारा पर्यावरण निर्मित होता है। मानव फिर से पर्यावरण का अच्छा मित्र बनें, प्रकृति फिर अपने आदि मूल स्वरूप को प्राप्त कर सतयुगी विश्व का निर्माण करें। इसके स्मृति स्वरूप करमा का त्यौहार उसके आध्यात्मिक अर्थ में हम मनाते हैं कि आदमी का विचार और करम सुधरे। इस अवसर पर प्रकृति को मेडीटेशन के शुद्ध प्रकप्पन प्रवाहित किया गया। साथ ही ब्रह्माभोजन का भी आयोजन किया गया। सभी ब्रह्मावत्सों ने परमात्मा की याद में ब्रह्माभोजन स्वीकार किया।

## पत्रकार ओमप्रकाश के पत्र पर सीएम ने लिया संज्ञान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पत्रकार ओमप्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से न्याय हेतु शिकायत पत्र देकर घर को कब्जा से मुक्त कराने के लिए गुहार लगाया। पत्रकार ओमप्रकाश चौधरी ने अपने शिकायत पत्र द्वारा कहा है कि मेरी माता इन्द्रासिनी देवी ने मुझे( ओम प्रकाश चौधरी)को घर जमीन सहित गिफ्ट रजिस्ट्री कर दी है उसके बावजूद भानूप्रकाश चौधरी पिता स्वर्गीय राम नारायण चौधरी मेरे मकान में जबरन रह रहा है और हमारे जमीन पर अवैध निर्माण भी कर रहा है। ओमप्रकाश चौधरी ने मुख्यमंत्री से प्रार्थना करते आग्रह करते हुए लिखा है कि भानू प्रकाश चौधरी को मेरे घर से बाहर निकालने की कृपा करें।इस संबंध में कार्रवाई करने हेतु पूर्व डोरन्डा थाना, रॉची, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर,रांची एवं उपायुक्त,रांची को भी लिखित शिकायत देकर घर से भानू प्रकाश चौधरी को बाहर निकालने के लिए गुहार लगाया। झारखंड सरकार,मुख्यमंत्री सचिवालय में पदस्थापित सरकार के अवर सचिव राम मुर्ति सिंह ने उपायुक्त ,रॉची को पत्रांक -8506546/ मुमंस,रांची, बीते 15.09.2023 द्वारा पत्र भेजकर कार्रवाई करने और कार्रवाई संबंधित सूचना मुख्यमंत्री सचिवालय को देने हेतु निर्देश दिया। इस बीच ओमप्रकाश चौधरी के घर जाकर डोरंडा थाना,रांची के अवर निरीक्षक निर्मल मंडल ने ओमप्रकाश चौधरी का बयान लिया और उनकी मां इनद्रासिनी देवी और पत्नी का बयान लिया साथ ही ओमप्रकाश चौधरी से सभी कागजात भी लिए फिर अवर निरीक्षक निर्मल मंडल ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन देकर फिर भानूप्रकाश चौधरी से मिले।उसके बाद लौट गए।

### चोरी की बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**रांची** : रांची के कोतवाली थाना पुलिस ने चोरी की बाइक और स्कूटी के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम मो आतिक उर्फ बुलेट बताया गया है। वह लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कोनका रोड का रहने वाला है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने रविवार को बताया कि जलजोगा रेस्टोरेंट के कर्मी सनातन सिंह सरदार ने कोतवाली थाने में बाइक चोरी होने की प्राथमिक दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में गुप्त सूचना मिली कि चोरी की बाइक को बिक्री करने शहीद चौक होकर रतन पीपी की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद शहीद चौक के पास चेकिंग अभियान शुरू किया गया।

## शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे आधारभूत संरचनाओं पर ध्यान दे राज्य सरकार : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार से कहा है कि वह से केवल 65-70 किलोमीटर दूर रांची जिले में ही अवस्थित खेलारी और मैक्लुस्कीगंज में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे आधारभूत संरचनाओं के विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करे। तिर्की ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी पर्यटन एवं उद्योग के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, बीएड और नर्सिंग कॉलेज तक का नहीं होना अफसोस की बात है। तिर्की ने कहा कि स्वास्थ्य के मामले में भी इस क्षेत्र की स्थिति निराशाजनक है और सरकार को इस मामले को बेहद गंभीरता से लेने की जरूरत है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गये पत्र में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज एक एंग्लो इंडियन गाँव है जिसकी प्रसिद्ध भारत की सीमा से बाहर विदेशों तक है। उन्होंने कहा ना न केवल पर्यटन या उद्योग बल्कि ब्रिटिश शासन काल में इस क्षेत्र ने जिस-जिस पड़ाव से गुजरते हुए जैसे घटनाक्रमों को देखा है और जैसी करवटें ली है उसे संजीवनी की जरूरत है क्योंकि इससे न केवल झारखण्ड में पर्यटन का विकास होगा बल्कि इस क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतिक्षित माँग भी पूरी होगी साथ ही विकास के नये दरवाजे खुलेंगे। तिर्की ने कहा कि राजधानी रांची से इस संपूर्ण क्षेत्र की दूरी मात्र 65-70 किलोमीटर ही है लेकिन आज यहाँ की स्थिति इतनी बदहाल है कि कॉलेज के अभाव में यहाँ की छात्राओं को मांडर और रांची तक जाना पड़ता है और आवागमन की असुविधा के कारण उनमें असुरक्षा की भावना व्याप्त



है।कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि खेलारी और मैक्लुस्कीगंज में डिग्री कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, बीएड कॉलेज आदि की स्थापना की जाये तो यह भरोसा किया जा सकता है कि आगामी कुछेक वर्षों में इस समूचे क्षेत्र का समन्वित और संतुलित विकास होगा।

## रांची से हावड़ा के लिए आरंभ हुई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

### * रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची से हावड़ा के लिए चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ आज रांची स्टेशन से हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। रांची रेलवे स्टेशन पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में झारखंड के माननीय राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, रांची लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय सेठ सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद सेठ ने कहा कि यह वंदे भारत एक्सप्रेस झारखंड और पश्चिम बंगाल के सांस्कृतिक आदान-प्रदान का वाहक बनेगी। इसके साथ ही दोनों राज्यों के संबंध और भी मधुर होंगे। इसके परिचालन से आर्थिक समृद्धि में भी इजाफा होगा। सांसद ने कहा कि

दशकों बाद देश में ऐसी सरकार आई है, जो कहती है आप सपने देखो, हम उसे पूरा करेंगे। यह




सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है। मैने अपने संसदीय काल में जो जो स्वप्न देखा है, उसे मूर्त रूप लेते हुए देख रहा हूं।

रांची में 490 करोड़, हटिया में 388 करोड़, पिस्का में 48 करोड़ और मुरी में 35 करोड़ की परियोजनाओं पर रेलवे के द्वारा काम किया जा रहा है।

सांसद ने कहा कि मुझे खुशी है कि रांची और हटिया से अभी 76 ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। इनमें कई सासाहिक ट्रेनें शामिल हैं। कई ट्रेनें सप्ताह में दो दिन चलती हैं। उनके फेरे बढ़ सकें, इस दिशा में मेरा प्रयास चल रहा है।

## जमीयतुल एराकीन के द्वारा इस्लामिक क्विज कंपटीशन का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : जमीयतुल एराकीन रांची और प्रोग्रेसिव एकेडमी स्कूल रांची के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को कर्बला चौक स्थित जमीयतुल एराकीन बिल्डिंग में इस्लामिक क्वीज कंपटीशन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जमीयतुल एराकीन रांची के अध्यक्ष हसीब अख्तर ने की और संचालन जमीयत के महासचिव सैफुल हक ने किया। इस इस्लामिक क्वीज कंपटीशन में विभिन्न स्कूलों के बच्चियों ने भाग लिया। यह कंपटीशन गर्ल्स स्कूल के बच्चियों के लिए था। जिसमें फर्स्ट पोजीशन एराकिया उर्दू गर्ल्स स्कूल रहा। दूसरा पोजीशन राइन उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल और तीसरा कुरेश एकेडमी स्कूल, चौथा एलजी हाई स्कूल रहा। फरहीन परवीन एराकिया उर्दू गर्लस स्कूल सही जवाब देने वाली बनी। उसके बाद राइन स्कूल के आईका अशफाक और कुरेश स्कूल के सायिका यूनुस अव्वल पोजीशन पर रही। जज के भूमिका में मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, जमीयत के अध्यक्ष हसीब अख्तर, जमीयत रांची के महासचिव सैफुल हक और जमीयत रांची के संरक्षक सुल्तान जुबेर रहे। मौके पर मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर, हसीब अख्तर, सैफउल हक, सुल्तान जुबेर, फारूक इंजीनियर, मोहम्मद सुभान, मोहम्मद मुजम्मिल, अनवर खान, मोहम्मद ओसामा, परवेज आलम, मुजाहिद इस्लाम, मातिउर रहमान, मजहर हुसैन, अरशद शमीम, और आदिल रशीद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## केडीएच में करम पूर्व संध्या पर मांदर की थाप पर झूमे लोग



**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनके एरिया सरना समिति के द्वारा केडीएच सरना क्लब कॉलोनी में करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया.इस अवसर पर मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता उपस्थित थे.इस अवसर पर सबसे पहले सरना प्रार्थना किया गया।उसके बाद सभी महिला पुरुष मांदर और नगाड़े के साथ करम गीत पर झूमते रहे।बिगन सिंह भोगता ने कहा कि ने कहा कि करम पूजा भाई बहन का त्योहार है साथ ही यह हमारे प्रकृति और संस्कृति के प्रति जुड़ाव को दर्शाता है।यही कारण है कि करम पर्व पर करम डाल की पूजा होती है और महिलाएं बच्चे एव पुरूष मांदर, नगाड़े की थाप पर अपनी पारंपरिक एव सांस्कृतिक नृत्य करते हैं.आज हमें अपनी प्रकृति एव संस्कृति के सरंक्षण का संकल्प लेना चाहिए।इस मौके पर रंथू उरांव,लालचंद विश्वकर्मा, देवपाल मुंडा,कन्हाई पासी,दीपक भगत,शिवनाथ भगत,राजेंद्र उरांव, रामलखन गंझू, अमृत भोगता, मुकद्दर लोहरा,प्रभाकर गंझू, जालिम सिंह,सरहुल भगत,सुकरा उरांव, योगेंद्र उरांव, रवि उरांव, बिरजू लोहार,चरका पाहन, गोपाल सिंह, शिवनाथ भोगता,अशोक उरांव,जगरनाथ महतो,प्रकाश महतोनरेश करमाली,इंदिरा देवी,अनिता गंझू,बिंदु भगत,पार्वती देवी, ललिता देवी रंभा देवी,राजमुनि उरांव, सुनीत उरांव, सकून उरांव, किरण उरांव, प्रियंका देवी,रितु देवी,सुको देवी,नीलम टोप्पो आदि मौजूद थे.

## युवा कांग्रेस पदाधिकारीगण व कार्यकर्ताओं की बैठक की गई



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा युवा कांग्रेस पदाधिकारिगण एवं कार्यकर्ताओं की बैठक सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय मे की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सिल्ली विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास रजक ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, जिला उपाध्यक्ष नागेन्द्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो उपस्थित थे। इस बैठक में निशाकर महतो, मनीराम दास, बलराम महतो, निताई महतो,प्रकाश मुंडा, सिल्ली पश्चिमी मंडल अध्यक्ष गुहिराम महतो, सदानंद सोनार, त्रिलोचन महतो, युवा कांग्रेस विस उपाध्यक्ष महावीर महतो, उपेन्द्र गोंझू, सत्येन्द्र महतो, सचिव राकेश कुमार माझी, सिल्ली प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित मुंडा, सोनाहातु प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेन्द्र महतो, राहे प्रखंड युवा कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा अहीर, प्रेम महतो, शिशुपाल पातर मुंडा, मनोज स्वांसी, गणेश स्वांसी, देवाशीष दत्ता, सावन चांद स्वांसी, सुनील कुमार महतो, श्रीप्रसाद बड़ाइक, इत्यादि युवा कांग्रेस के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## नरकोपी पुलिस ने गुम हुए छह मोबाइल को उनके मालिकों को सौंपा

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नरकोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुम हुए छह मोबाइल को रविवार को नरकोपी के थाना प्रभारी अभिजीत कुमार द्वारा तकनीकी शाखा रांची के सहयोग से बरामद किए गए मोबाइल को उनके स्वामी को विहित प्रपत्र में हस्ताक्षर कराकर उनके सुपुर्द किया। जहां अपने गुम हुए मोबाइल को पाकर मोबाईल स्वामियो में खुशी झलकी वहीं लोगों ने रांची पुलिस तकनीकी शाखा का आभार प्रकट किया। उन्होंने मोबाइल पाकर कहा कि हमें तो मिलने की उम्मीद ही नहीं थी। गुम हुए मोबाइल पाने वालों में क्रमशः नेसार अंसारी, छोटे महतो, अर्जुन उरांव, भुजे उरांव, मोनू अंसारी व कार्तिक उरांव शामिल हैं।



## एकल अभियान संच ने मनाया द्वितीय राष्ट्रीय बिटिया दिवस

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महादानी मन्दिर परिसर में एकल अभियान बेड़ो संच ने रविवार को द्वितीय राष्ट्रीय बिटिया दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ संच अध्यक्ष डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता एवं जगरनाथ भगत ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बेटी है तो कल है इस सन्देश को जन- जन तक पहुंचाना है। बेटियों को अपने हक और अधिकार को बताकर उन्हें प्रोत्साहित करना भी इस कार्यक्रम का उद्देश्य है। कार्यक्रम के दौरान सभी बच्चियों पर पुष्प बरसाया गया। कार्यक्रम के अन्त में शामिल सभी बिटिया को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संच प्रमुख वर्तमान सिंह,अर्जून सिंह, जिपस प्रतिनिधि जगरनाथ भगत,जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष रांची जिला मुकेश कुमार राय,संस्कार प्रमुख रूपरानी देवी,रीता देवी,मुनी लकड़ा,भोला महतो एवं एकल विद्यालय के आचार्य एवं बच्चियों ने सहयोग किया।



## करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम बरगाँवा में सरना आदिवासी जन कल्याण संस्थान करम टांड बरगाँवा के द्वारा करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन में खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने उपस्थित हुआ। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि झारखण्ड की पर्व त्यौहार झारखण्ड की पहचान है। झारखण्ड की भाषा संस्कृति एवं समाज को बचाये रखना है। मौके पर नामकुम बरगाँवा करमाटांड में विधायक मद से चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया । विधायक ने सभी को करमा की शुभकामनाएं दी।



## सड़क दुर्घटना में इटकी के पत्रकार गंभीर रूप से घायल

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चचगुरा महरा पतरा के निकट रांची गुमला मुख्य मार्ग पर रविवार की शाम करीब छह बजे समाचार संकलन करने गये इटकी के वरिष्ट पत्रकार सुबोध कुमार सिन्हा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये है । घायल अवस्था में सिन्हा को इलाज के लिए मेडिका अस्पाताल रांची में भरती किया गया है। उनके सर में चोट आई है। बताया गया है कि सुबोध सिन्हा एक व्यक्ति के साथ एक ही बाईक में सवार होकर चचगुरा खेल मैदान में आयोजित करम पूर्व संध्या कार्यक्रम का समाचार संकलन करने गये थे। समाचार संकलन कर वाईक से लौट रहे थे इसी दौरान पिछे से आ रही एक तेज रफ्तार वाईक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे सिन्हा सड़क पर आ गिरे ।

# पिपरवार महाविद्यालय कारों में करम पूर्व संध्या समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार महाविद्यालय कारों में रविवार को करम पूर्व संध्या समारोह का आयोजन किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और विशिष्ट अतिथि मे रैयत विस्थापित मोर्चा के केन्द्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन मौजुद थे।समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के अध्यक्ष रामचंद्र उरांव और संचालन बिनोद राम और सूरज मुंडा ने संयुक्त रूप से किया।समारोह की शुरूआत अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया,जिसके बाद जावा और करम डाली की विधिवत पूजा अर्चना की गई।कार्यक्रम के दौरान मांदर की थाप पर स्कूली बच्चों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि करमा पूजा प्रकृति से जुड़ा हुआ है।यह प्राचीनकाल से चलता आ रहा है।वर्तमान में करमा पूजा के उद्देश्य को मानते हुए प्राकृतिक की रक्षा के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है।हमारे पूर्वजो के समय से चल रहे पर्व त्योहार आज भी उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। झारखंड में मनाए जाने वाले सभी पर्व त्यौहार में हमारी संस्कृति झलकती है।वर्तमान में हमारी संस्कृति और प्राकृतिक को बचाने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है।इस मौके पर विधायक ने करम डाली के समक्ष पारंपरिक नृत्य कर इस परम्परा को आगे बढ़ाया।इस मौके पर इकबाल हुसैन, रामचन्द्र उरांव,बिजय लाल, बसंत नारायण महतो, मोहम्मद असलम,टिकेश्वर महतो,बिजय महतो,रतन महतो,इदरीस अंसारी, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र साव,बहेरा मुखिया रेखा देवी, बेंती मुखिया सरीता देवी, पंसस कुमारी अनुप्रिया, किचटो मुखिया संगीता देवी, जेपी महाराज,मोहम्मद जुल्फान,सलीम जावेद,गीता देवी,कृष्णा यादव,कृतन महतो,मोहम्मद साहिल, दिलीप महतो,राजेन्द्र उरांव, सहित कॉलेज के सभी शिक्षक बच्चे और अभिभावक मौजूद थे।

## मांडर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के नेतृत्व में मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क सुरक्षा सह जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के पहले थाना गेट के सामने एनएच. 75 पर एन्टी क्राइम चेकिंग कराया गया जिसमे जो बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चालक थे, उन सभी को एवं थाना में उपलब्ध पुलिस बल के द्वारा थाना में उपलब्ध बैनर के साथ मांडर थाना परिसर से मिशन हॉस्पिटल से होकर मांडर बाजार टांड़ होते पुनः पैदल चलते और लोंगो को जागरुक करते वापस थाना परिसर आया गया।थाना परिसर में थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने सभी बाईक चालकों को अपने जानमाल की सुरक्षा हेतू बाइक चलाने में हेलमेट हर हाल में पहने का निर्देश दिया गया।साथ ही नशापान करने के बाद किसी भी वाहन को नहीं चलाने की सख्त हिदायत दी गई। मौके पर एसआई उमेश कुमार यादव, एसआई दीपक कांत कुमार,एसआई प्रदीप कुमार चौबे सहित पुलिस सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। इस जागरूकता अभियान को देख जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों के द्वारा थाना प्रभारी के इस सराहनीय प्रयास की काफी प्रशंसा किया जा रहा है।

## अरुण सांग की अध्यक्षता में यूथ कांग्रेस की बैठक की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** प्रदेश के निर्देशानुसार विधानसभा की बैठक की गयी जिसकी अध्यक्षता अरुण संगा ने की। कार्यक्रम का नेतृत्व विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद उसमान खान ने किया साथ ही यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत 5 युवा साथी को युवा कांग्रेस में जोड़ा गया मौके में अरुण संगा ने कहा की प्रति एक युवा साथी को घर-घर जाकर लोगों की समस्या सुनकर उसका समाधान करना होगा ताकी अधिक से अधिक युवा साथी युवा कांग्रेस कि टीम से जुड़ सकें और कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिल सके कार्यक्रम का समापन युवा कांग्रेस की टीम ने राष्ट्रगान गा कर किया मौके में प्रदेश महा सचिव सह- प्रभारी मोहम्मद शादाब ख़ान बीस सूत्री सदस्य सोहेल अंसारी, ज़िला उपाध्यक्ष शिब्लू ख़ान ,ज़िला उपाध्यक्ष बहा मुंडा,आदि थे ।

## खेलारी और मैक्लुस्कीगंज में शिक्षा-स्वास्थ्य जैसे आधारभूत संरचनाओं पर ध्यान दे राज्य सरकार : बंधु तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खलारी :** पूर्व मंत्री, झारखण्ड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने राज्य सरकार से कहा है कि वह राजधानी से केवल 65-70 किलोमीटर दूर रांची जिले में ही अवस्थित खेलारी और मैक्लुस्कीगंज में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे आधारभूत संरचनाओं के विकास पर अपना ध्यान केंद्रित करे.श्री तिर्की इसको लेकर मुख्यमंत्री की पत्र दिया है. श्री तिर्की ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 साल बाद भी पर्यटन एवं उद्योग के दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण इस क्षेत्र में डिग्री कॉलेज, बीएड और नर्सिंग कॉलेज तक का नहीं होना अफसोस की बात है. तिर्की ने कहा कि स्वास्थ्य के मामले में भी इस क्षेत्र की स्थिति निराशाजनक है और सरकार को इस मामले को बेहद गंभीरता से लेने की जरूरत हैमुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भेजे गये पत्र में वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मैक्लुस्कीगंज एक एंग्लो इंडियन गाँव है जिसकी प्रसिद्ध भारत की सीमा से बाहर विदेशों तक है. उन्होंने कहा न केवल पर्यटन या उद्योग बल्कि ब्रिटिश शासन काल में इस क्षेत्र ने जिस-जिस पड़ाव से गुजरते हुए जैसे घटनाक्रमों को देखा है और जैसी करवटें ली है उसे संजीवनी की जरूरत है क्योंकि इससे न केवल झारखण्ड में पर्यटन का विकास होगा बल्कि इस क्षेत्र के लोगों की बहुप्रतिक्षित माँग भी पूरी होगी साथ ही विकास के नये दरवाजे खुलेंगे. उन्होंने कहा कि इससे राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी. श्री तिर्की ने कहा कि खेलारी भी कोयला खदान क्षेत्र है और झारखण्ड का यह सम्पूर्ण भूभाग विकास के बेहतर पैमाने पर ख़रा उतरने का अधिकार और आकांक्षा रखता है. श्री तिर्की ने कहा कि राजधानी रांची से इस संपूर्ण क्षेत्र की दूरी मात्र 65-70 किलोमीटर ही है लेकिन आज यहाँ की स्थिति इतनी बदहाल है कि कॉलेज के अभाव में यहाँ की छात्राओं को मांडर और रांची तक जाना पड़ता है और आवागमन की असुविधा के कारण उनमें असुरक्षा की भावना व्याप्त है।

## सांसद एवं विधायक ने वंदे भारत ट्रेन को मुरी में दिखाई हरी झंडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**मुरी/सिल्ली :** वंदे भारत ट्रेन पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार को विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाकर रांची से हावड़ा के लिए रवाना किया।ट्रेन 13ः42 बजे मुरी पहुंची।जहां प्लेटफॉर्म संख्या 02 पर सांसद संजय सेठ और विधायक सुदेश कुमार महतो ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया !सभी ने इस ट्रेन को प्रदेश के साथ-साथ सिल्ली के लिए गौरव बताया,बता दें कि ट्रेन का शुभारंभ रांची रेलवे स्टेशन में समारोह के साथ किया गया था। शुभारंभ के बाद उसी ट्रेन से सांसद संजय सेठ ,भाजपा नेता विनय महतो धीरज , महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह मुरी स्टेशन पहुंचे। जहां स्थानीय लोगों ने स्वागत किया।मौके पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन झारखंड की दूसरी बड़ी सौगात है।रेल मंत्री से मैंने इसके लिए आग्रह किया था और उन्होंने दशहरा के पहले चलाने को आश्वश्त किया था जो आज पूरा हो रहा है।यह झारखंड वासियों के लिए गौरव की बात है !यहां के कई यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा !तेज गति से चलने वाली यह ट्रेन कम समय में ही हावड़ा पहुंचेगी और इसमें तमाम सुरक्षा के साथ ही हाईटेक टेक्नोलॉजी शामिल की गई है।उन्होंने कहा कि यह ट्रेन दर्शाती है कि देश किस तरह से प्रगति की ओर अग्रसर है !मौके पर सांसद ने बताया कि रांची -मुरी शटल ट्रेन का संचालन भी जल्द शुरू होगा और इसे लेकर रेल मंत्री से भी बातचीत की गई है विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है, पहले ऐसी ट्रेन विदेशों में देखने को मिलती थी, ऐसी ट्रेन में सफर करना सपने देखने जैसा था परंतु आज यह सपना साकार होता दिख रहा है। यह नया भारत है जो विकसित भारत की ओर अग्रसर है।सांसद संजय सेठ ने पीएम नरेन्द्र मोदी,रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह, मंजूलता दुबे, आदि थे ।

## सर्व ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष बने प्रमोद तिवारी, सचिव बने दिनेश पांडे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** सर्व ब्राह्मण महासभा की एक बैठक डकरा दुर्गा मंडप में रविवार को बी.के तिवारी की अध्यक्षता में हुई. जिसकी शुरुआत भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करने के बाद हुई . बैठक में 6 वर्षों के बाद सर्वसम्मति से समिति का पुनर्गठन किया गया.जिसमें प्रमोद तिवारी को अध्यक्ष, दिनेश पांडे उर्फ घंटू को सचिव, धीरेंद्र शर्मा को उपाध्यक्ष, अवधेश उपाध्याय को कोषाध्यक्ष और पंकज मिश्रा को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया. जिसके बाद बैठक कर जल्द ही संगठन के विस्तार करने का निर्णय लिया गया.इस दौरानअपने विचार प्रकट करते हुए नए अध्यक्ष प्रमोद कुमार तिवारी ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने को लेकर ब्राह्मण समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा. समाज के निर्धन और जरूरतमंद लोगों को सर्व ब्राह्मण महासभा के द्वारा सहयोग किया जाएगा. वहीं नवनिर्वाचित अन्य पदाधिकारी ने भी समाज के द्वारा दिए गए दायित्व का कर्तव्य पूर्वक निर्वहन करने की बात कही. इसके साथ ही सेंट्रल कमेटी का गठन कर पूर्व के पदाधिकारी को उसमें शामिल करने का निर्णय लिया गया. बैठक में मुख्य रूप से सतीश पांडेय, बैजनाथ पांडेय, रतन मिश्रा, अनिल चौबे, प्रमोद पाठक, सत्यनारायण चौबे, राजीव मिश्रा, एसके दुबे ,गिरधर मिश्रा,राजीव चटर्जी, सुनील चौबे, विकास दुबे, आदि थे ।

## आजसू पार्टी की बैठक में महाधिवेशन में जाने का लिया गया निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के पुरानीराय मे आजसु पार्टी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक में पार्टी को मजबूत बनाने,सदस्यता अभियान चलाने सहित कार्यकर्ताओं की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।बैठक मे आगामी 29 सितम्बर से एक अक्टुबर तक रांची मे होने वाले आजसु पार्टी के तीन दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन कार्यक्रम में खलारी प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतो से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता जाने का निर्णय लिया।बैठक मे पार्टी द्वारा जारी किये गये ऑनलाईन एप्प के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे कांके विधानसभा प्रभारी रामजीत गंझु, रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष नागेश्वर महतो, अर्जुन महतो, शोऐब आलम, इमतियाज अंसारी, शहनवाज आलम, सदन महतो, राजेश महतो सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पिपरवार के सीएचपी/सीपीपी परियोजना में संयुक्त मोर्चा ने किया गेट मीटिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी परियोजना कार्यालय में रविवार की सुबह संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।गेट मिटिंग मे कोयला मजदूरों के संडे ड्यूटी कटौती का पुरजोर विरोध किया गया।साथ ही संडे ड्यूटी कटौती पर विरोध जारी रखने का आह्वान किया गया।गेट मिटिंग मे मुख्य रूप से पांच अक्टुबर से होने वाले तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई।इसके अलावे हड़ताल से पूर्व पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष तीन अक्टुबर को होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन में सभी मजदूरों से शामिल होने की अपील की गई।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कोयला उद्योग में मजदूरों के वेतन समझौते के खिलाफ ऑफिसर एसोसिएशन के द्वारा की गई कार्रवाई काफी निंदनीय है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।गेट मीटिंग में सभी मजदूरों को एकजुट होने की अपील की गई।मौके पर मुद्रिका प्रसाद,रवींद्रनाथ सिंह,एसके चौधरी, भीम सिंह यादव, इस्लाम अंसारी, भीम प्रसाद मेहता, बाबूलाल राम, विमल महतो, सतीश पांडेय, मोहम्मद अब्दुला, दिलनवाज अंसारी, रामू गोप सहित कई मजदूर मौजुद थे।

# पिपरवार में संडे ड्यूटी कटौती के खिलाफ मजदूरो में आक्रोश

### अशोका में विरोध प्रदर्शन के साथ मजदूरों ने किया काम बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया में कार्यरत कोयला मजदूरों के संडे ड्यूटी में प्रबधंन द्वारा कटौती किये जाने के बाद मजदूरों में काफी आक्रोश देखा गया। रविवार की सुबह ड्यूटी के लिए पहुंचे मजदूर को जब पता चला कि उन्हें संडे ड्यूटी नहीं मिलेगा तो मजदूरों ने पुरजोर विरोध प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी करते हुए कामकाज को बंद कर दिया।पिपरवार के अशोक परियोजना मे कार्यरत सैकडों कोयला मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस दौरान अशोक परियोजना मे खनन व कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बंद हो गया।इस संबंध मे कोयला मजदूरों ने कहा कि अचानक प्रबंधन के द्वारा संडे ड्यूटी में कटौती किए जाने के बाद मजदूरों का गुस्सा आसमान पर है। यदि प्रबंधन संडे ड्यूटी पूर्व की तरह बहाल नहीं करती है तो मजदूर कार्य का बहिष्कार करेंगे।इधर सूचना पाकर संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचकर प्रबंधन के मजदूर विरोधी नीति का विरोध किया।श्रमिक प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रबंधन नये-नये नियम लागु कर मजदूरों के हक और अधिकार को छीनने का काम कर रही है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।यदि प्रबंधन पूर्व की तरह संडे ड्यूटी बहाल नही करती है तो संडे को खदान सहित सभी तरह का कार्य बंद रहेगा।रविवार को मजदूरों के विरोध के कारण तीनों पाली में कामकाज बाधित रहने की सूचना है।

## लड़कियों की बढ़ती भागीदारी है शुभ संकेत : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में रविवार को संस्थान की 15वीं वर्षगांठ समारोह पूर्वक मनाई गई इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी जिला पुलिस अधीक्षक अमन कुमार मौजूद रहे इसके अलावा जिला परिषद सदस्य दयामणि मुंडू, नलिमा देमता, मुरहू मुखिया ज्योति , प्रखंड प्रमुख एलिस ओड़िया, डॉ रामकुमार भगत, डॉ डीएन तिवारी, बेंगलुरु के इंजीनियर गौतम कुमार, प्रोफेसर राजकुमार, शिक्षक प्रकाश, शिक्षक गौतम, पत्रकार अनिल मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद, शिक्षक धर्मवीर, शशि प्रकाश, आदि मौजूद रहे।

**संसाधनों की कमी की चिंता नहीं करनी चाहिए**

मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सभी अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया संस्थान में 2 वर्षो के बाद इस तरह के समारोह का आयोजन हुआ। एसपी अमन कुमार ने कहा की कभी भी संसाधनों की कमी की चिंता नहीं करनी चाहिए बल्कि परिश्रम भरपूर करना चाहिए क्योंकि जीवन में मेहनत करने वालों की हर कभी नहीं होती। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी हुई कि अधिकतर कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाली बच्चियों ही है उन्होंने लड़कियों की भागीदारी की प्रशंसा की, कहा कि यह अच्छे संकेत हैं। एसपी अमन कुमार ने लड़कियों को जीवन में स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी।

**मोमेंटो देकर किया धन्यवाद**

एसपी ने कहा कि बच्चों को सदैव अपनी प्राथमिकता पढ़ाई रखनी चाहिए छात्र-छात्राओं के लिए पढ़ाई से महत्वपूर्ण कोई कार्य नहीं होता। कोचिंग संस्थान की ओर से पुलिस अधीक्षक को मोमेंटो एवं पुष्प गुच्छ देकर धन्यवाद दिया गया।

**छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित**

एसपी अमन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को और मैट्रिक की परीक्षा में टॉपर रहे छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया। एसपी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से ताल्लुक रखने या हिंदी मीडियम से पढ़ना कोई कमजोरी नहीं है। आपको खुद को खुद मोटिवेट करते रहने की आवश्यकता है। वही मुरहू प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथिलेश सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है। उन्होंने सभी अभिभावकों को भी बधाई दी। कार्यक्रम में बच्चों ने कथक हिप हॉप और अन्य कई तरह के नृत्य किए। इस दौरान डायन प्रथा एक अभिशाप विषय पर भी नाटक का मंचन हुआ। छात्र-छात्राओं ने मनमोहन गीत भी गए और अपने माता-पिता और अभिभावकों को धन्यवाद कहा।

**शिक्षा की एक्सपायरी डेट नहीं : सकलदीप**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोचिंग संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि शिक्षा की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती शिक्षा ही है जो आपके जीवन में आपका अधिकार दिलाएगी।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

कोल्हान

रांची, सोमवार, 25 सितंबर 2023 | पेज 5

## रानी गुप्ता व सिदगोड़ा थाना प्रभारी ने पारिवारिक विवाद का कराया समझौता

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण एवं जनकल्याण संगठन की प्रांतीय निदेशक रानी गुप्ता एवं सिदगोड़ा थाना प्रभारी के सहयोग से एक पारिवारिक विवाद का समझौता हो गया। सिदगोड़ा कालोनी निवासी जुस्को कर्मचारी शंकर मुखी द्वारा महीनो से अपनी पत्नी दीपिका मुखी और उसकी छोटी बेटी को दूसरी पत्नी के चक्कर में तरह-तरह से प्रताड़ित व पिटाई करता था।



## एआईएमआईएम छोड़ सरदार सुरजीत सिंह आजाद समाज पार्टी में शामिल



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को क्लब हाउस एग्रिको में एआईएमआईएम पार्टी के महानगर अध्यक्ष सरदार सुरजीत सिंह ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ आज़ाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, उन्हीने आज़ाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए बताया कि आज़ाद समाज पार्टी की घोषणा पिछले 18 अगस्त को झारखंड में हुई, उसके बाद से ही पार्टी के कई वरिष्ठ नेतागण मेरे संपर्क में थे, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा चन्द्रशेखर आज़ाद आज देश के शोषित वंचित समाज के सबसे लोकप्रिय आवाज़ है। सरदार सुरजीत सिंह के साथ मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नासिक अंसार, सामाजिक कार्यकर्ता और विसेन स्कूल के निदेशक सय्यद खलील अहमद ने भी पार्टी की सदस्ता ग्रहण किया। सदस्ता समारोह की अध्यक्षता करते हुए झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने बताया कि सरदार सुरजीत सिंह की के पार्टी जॉइन करने पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## वज्रपात से बाजार का ट्रांसफार्मर जला, ग्रामीण परेशान

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। वहीं बीते शनिवार बारिश के साथ वज्रपात से दोपहर एक बजे मनोहरपुर बाजार का ट्रांसफार्मर जल गया। ट्रांसफार्मर जलने से बिजली सेवा पूरी तरह बाधित हो गई है जिससे ग्रामीण परेशान हैं। इस ट्रांसफार्मर के जलने से करीब सौ परिवार प्रभावित हुए हैं।बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बारिश का मौसम है। सांप बिच्छु का डर हमेशा बना रहता है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग को इस बारे सूचना दे दी है तथा जले हुए ट्रांसफार्मर के बदल कर नय ट्रांसफार्मर देने की मांग की है। विभाग द्वारा एक दो दिन के भीतर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है।

## मारवाड़ी महिला समिति ने लगाया 75 पेड़

**चाईबासा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार 24 सितंबर को चाईबासा के स्काउट एंड गाइड प्रांगण में 50 फलों के पौधे लगाए गए। एवं स्काउट स्कूल के बच्चों को 25 पौधे वितरित किए गए हॉस्टल में लगाने हेतु। जामुन ,लीची, अनार, आंवाला नींबू, शरीफा ,सागौन आदि के पौधे थे। पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु जगह-जगह पौधा लगाकर हरियाली फैलाना हमारी समिति का उद्देश्य है इसी के तहत आगे भी और पौधारोपण किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष कविता शर्मा सचिव सोनी कांता मंजू कोमल विनीता वरीशा संगीता मुंद्रा उपस्थित थी।

## अचानक बिगड़ी छात्रा की तबीयत, इलाज के क्रम में मौत

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चिड़िया डीएवी स्कूल के नौवीं की छात्रा रूही बड़ाईक की शनिवार को राउरकेला अस्पताल इलाज के क्रम में मौत हो गई। छात्रा के आकस्मिक निधन की खबर से चिड़िया में मातम पसरा हुआ है।मिली जानकारी के अनुसार रूही के पिता विक्रम बड़ाईक चिड़िया (सेल) में कार्यरत है एवं चिड़िया हिरजिंग हाटिंग टोला में इनका पूरा परिवार रहता है। बताया जाता है कि चिड़िया डीएवी स्कूल में शनिवार को अर्धवार्षिक परीक्षा के अंतिम दिन कंप्यूटर की परीक्षा थी। रूही इस परीक्षा में शामिल होने स्कुल जाने वाली थी कि अचानक घर में उसकी तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में परिवार के सदस्यों ने उसे चिड़िया सेल अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए राउरकेला ले जाया गया था। वहां उसका इलाज लाइफ लाइन अस्पताल में चल रहा था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।छात्रा की मौत की खबर से विद्यालय के शिक्षाकर्मी व छात्र समेत उसके कक्षा के सहपाठी छात्र-छात्राएं काफी आहात है। इधर, रविवार को मृत छात्रा का अंतिम संस्कार परिवार एवं स्थानीय लोगों की मौजूदगी में चिड़िया स्थित कब्रिस्तान में कर दिया गया है।

## झारखंड पार्टी की बैठक में जमीनी स्तर पर संगठन की मजबूती पर चर्चा

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पब्लिक दुर्गा पूजा मंदिर सरायकेला के प्रागंण में रविवार को झारखंड पार्टी की एक बैठक की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने पर मंथन किया गया। साथ ही राजनगर प्रखंड में कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी सहित आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में संगठन को बूथ स्तर पर सशक्त करने पर चर्चा किया गया। झारखंड पार्टी के युवा नेता विनोद बिहारी कुजूर ने कहा सफलता के लिए संगठन शक्ति आवश्यक है। संगठन मजबूत है, तो हर सफलता प्राप्त हो सकती है। कहा अब तक राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। बेरोजगारी उन्मूलन सहित आम जनता के मूलभूत आवश्यकताओं को सरकार पूर्ण करने में असफल रही है। इसलिए जनता की नजर अब झारखंड पार्टी की ओर है। इस बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष मंगल सिंह हांसदा, वरीय उपाध्यक्ष शालिग्राम उरांव, महासचिव सुरेश महतो, महासचिव जसीम अंसारी, अधिवक्ता सह युवा नेता मनोज महाली, अधिवक्ता विराम मुर्मू सहित अन्य उपस्थित थे।

## सेल के ठेका मजदूरों ने हाजरी काटे जाने पर जताया विरोध

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहरपुर प्रखंड के हांथी नाका में सेल के ठेका मजदूरों की एक बैठक रविवार को हुई। बैठक में पिछले तीन साल से लगातार मजदूरों की 8-9 हाजरी काटे जाने पर विरोध जताया गया।इसके अलावा 20 प्रतिशत बोनस की मांग की गई।मजदूरों ने आरोप लगाया कि पूर्व में सभी मजदूरों को सारी सुविधाएं मिलती थी। लेकिन जबसे विनय पंसारी अलग-अलग नाम से ठेका चला रहें हैं, तबसे मजदूरों के पर शोषण बढ़ गया है। बैठक में मौजूद जॉन मिरन मुंडा ने कहा कि वर्तमान समय में देश के मजदूरों की हालात बहुत खराब है। सरकारी उपक्रम होते हुए भी ठेकेदार अपने मन मुताबिक शोषण कर रहे है। आज यहां मजदूरों का हक मारा जा रहा है और ठेकेदार मालामाल हो रहे है।झारखंड बनने के बाद यहां आदिवासियों का शोषण व दमन बढ़ गया है। जब तक मजदूर और किसान की सरकार नहीं बनेगी तब तक मजदूर और किसानों के हालात नहीं बदल सकते। इसलिए आगामी 2024 के चुनाव में मजदूर किसान के नेता को चुनाव में जिताना जरूरी है।

## गोपाल मैदान में चल रहे ट्रेड फेयर के अंतिम दो दिन ही बचे

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिडिया मार्ट एवं एप्पल साइन ग्राफ़िक्स द्वारा संयुक्त रूप से गोपाल मैदान, बिष्टुपुर में आयोजित जमशेदपुर ग्लोबल ट्रेड फेयर 2023 के समापन मे अब दो ही दिन बचे है, उक्त समापन के दिन झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास शिरकत करेंगे। ज्ञात रहे कि इस ट्रेड फेयर मे अंतराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय के करीब 250 से अधिक स्टॉल लगे हैं, जिनमें कंज्यूमर गुड्स, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर्स, होम एप्लायंसेज, होम डेकॉर, बैंकिंग एंड फाइनेंस, इंटीरियर्स, बिल्डर्स एंड डेवलपर्स, हेंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम, एजुकेशन इंडस्ट्रीज, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी एंड फैशन प्रोडक्ट्स, सैलून एंड स्पा, हेल्थ एंड फिटनेस, टूरिज्म, टेक्सटाइल्स, फुटवियर, कंस्यूमर ड्यूरेबल्स, मोबाइल फोन्स, कम्प्यूटर्स, एफएमसीजी इत्यादि के स्टॉल लगे हैं।

# शिलान्यास के डेढ़ साल बाद भी शुरू नहीं हुआ कांकीडीह-डिमुडीह सड़क का निर्माण कार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** राज्य संपोषित योजना अंतर्गत स्वीकृत बोड़ाम प्रखंड के कांकीडीह मोड़ से डिमुडीह तक सड़क मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास 13 मार्च 2022 को सांसद व विधायक प्रतिनिधि समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के हाथों किया गया था। लेकिन डेढ़ साल बीतने के बावजूद सड़क की मरम्मती का कार्य शुरू नहीं हो सका। इसके कारण उस क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में बड़ाचिड़का निवासी झारखंड आंदोलनकारी मनबोध महतो ने बताया कि पूरी तरह से जर्जर एवं गड्ढों में तब्दील हो चुकी इस सड़क पर बरसात के मौसम में चलना काफी मुश्किल हो गया है जबकि अन्य दिनों में भी गड्ढे के कारण परेशानी कम नहीं होती। उन्होंने बताया कि करीब दो सालों पूर्व इस सड़क के संबंध में ग्रामीणों द्वारा आवाज उठाने पर तत्कालीन जिला परिषद सदस्य स्वपन कुमार महतो की पहल पर स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी ने सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति दिलाई थी और टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद शिलान्यास भी हो चुका है। जिसके बाद ग्रामीणों में यह उम्मीद जगी कि शायद अब उनकी समस्याएं कम होंगी और परेशानियों से मुक्ति मिलेगी। लेकिन किस कारण से अब तक काम शुरू नहीं हुआ इसका जवाब किसी के पास नहीं है। उन्होंने बताया कि यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है जो बोड़ाम-माधवपुर सड़क को बोड़ाम-रघुनाथपुर मुख्य सड़क से जोड़ती है और करीब एक दर्जन गांव के लोगों के लिए काफी जरूरी भी है। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, जमशेदपुर के कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार रजक से पूछने पर बताया कि उक्त कार्य के लिए जिस कॉन्ट्रेक्टर को काम मिला था उसने काम करने में रुचि नहीं दिखाई। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द उस सड़क का फिर से टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी और संभवतः नवंबर माह तक काम शुरू किया जाएगा।

## चक्रधरपुर में धूमधाम से निकाला गया करम जाऊआ बेड़हा शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** करमा पर्व से पूर्व रविवार को छोटानागपुरी कुड़माली भाखि चारि जागरण अखाड़ा की ओर से रविवार को करम जाउआ बेड़हा शोभा यात्रा निकाली गई।यह शोभा यात्रा चक्रधरपुर पोटका उलीडीह मोड़ से आसनतलिया हैलीपेड मैदान तक निकाली गई। शोभायात्रा यात्रा में चक्रधरपुर, बंदगांव और सोनुआ प्रखंड के 50 कुड़मी बहुल क्षेत्र के महिला पुरूष पारंपरिक वेशभूषा के साथ शामिल हुए। शोभा यात्रा रविवार को दिन के लगभग 12.30 बजे पोटका उलीडीह मोड़ से परंपरा के तहत माथे पर जाउआ रख कर विधिवत मांदल के थाप पर नाचते गाते चल रहे थे।

## सालखन मुर्मू खुद असामाजिक व्यक्ति, आदिवासी समाज को कहता है असंविधानिक : महल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**नीमडीह :** चांडिल डैम शीश महल में पातकोम दिशोम पारगाना बाबा रामेश्वर बेसरा के अध्यक्षता में माझी बाबाओं एवं मुंडाओं का बैठक हुआ। विगत 12 सितंबर 2023 को पूर्वी सिंभूम जिला के केडुकोचा मैदान से झारखंड सरकार ने आदिवासी समाज के प्रमुख माझी-गोडेत-पारगाना, मुंडा-मानकी आदि को घर और बाइक देने का घोषणा किया, घोषणा के दूसरे दिन ही बीजेपी के पूर्व सांसद सालखान मुर्मू ने उक्त घोषणा को असंवैधानिक बताया है और पीआईएल करने की धमकी भी दिए हैं। सालखान मुर्मू के द्वारा इस बयान को देने के बाद माझी पारगाना महल ने सालखान के विरोध में आज बैठक किए जिसमें माझी बाबाओं ने कहा सालखान मुर्मू आदिवासी समाज को नीचा दिखाकर परंपरा रीति-रिवाजों को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं, और बाइक देने का विरोध ईर्ष्या के भावना से किया है, अगर सालखान पीआईएल दायर करते हैं तो इसका जवाबी कार्रवाई माझी पारगाना महल करेगा। इस विषय पर पातकोम दिशोम माझी पारगाना महल का बैठक कुकड़ू के चोकेगाड़िया में 1 अक्टूबर को और नीमडीह के हेबेन में 8 अक्टूबर को बैठक किया जाएगा और इसके बाद 15 अक्टूबर को पुरे पातकोम दिशोम ईचागढ़, चांडिल, नीमडीह, कुकड़ू का बैठक शीश महल में किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से माझी बाबा इंदों मुर्मू, सुसेम मार्डी, श्यामल मार्डी, बुद्धेश्वर किस्कू, लखई हांसदा, अंजित किस्कू, सोमचांद मार्डी, गोपाल मुर्मू, अरून सोरेन, तारास मुर्मू, बितन हांसदा, परेश हांसदा, महेंद्र टुडू, जगन्नाथ किस्कू, आदि थे।

## पटमदा के 17 व बोड़ाम के 6 स्कूलों में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम मूल्यांकन परीक्षा आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** निदेशक, माध्यमिक शिक्षा सह सदस्य सचिव झारखंड रांची के निर्देशानुसार नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत नव साक्षरों के लिए बुनियादी साक्षरता आकलन एवं संख्यात्मक जांच परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय संस्थान द्वारा पटमदा प्रखंड के 17 स्कूलों में रविवार को आयोजित की गई। पटमदा प्रखंड के सभी 17 सेंटरों में 18 से अधिक उम्र वाले एक हजार निरक्षर महिला व पुरुष परीक्षार्थी शामिल होने का लक्ष्य रखा गया था। जिसमें 819 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। बोड़ाम प्रखंड 900 परीक्षार्थियों के लिए 6 परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जिसमें 455 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए। परीक्षा 10 से 2 बजे तक ली गई। पटमदा बीईईओ प्रभाकर कुमार ने मध्य विद्यालय पटमदा एवं बाकी सेंटरों में सीआरपी लोग निरीक्षण करते रहे। परीक्षा केंद्रों में पटमदा प्रखंड के मध्य विद्यालय बनकुंचिया, उत्क्रमित मध्य विद्यालय लावा, अपग्रेड हाइस्कूल जोड़सा, मध्य विद्यालय बांगुड़दा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोपालपुर, मध्य विद्यालय काशमार, मध्य विद्यालय कमलपुर, मध्य विद्यालय माचा, मध्य विद्यालय कुमीर, अपग्रेड हाइस्कूल

**दोनों प्रखंडों में 1374 परीक्षार्थी हुए शामिल**



गोबरघुसी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामनी, मध्य विद्यालय पटमदा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय आगुईडांगरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पटमदा बस्ती, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रांगाटांड़ व मध्य विद्यालय दिघी में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जबकि बोड़ाम प्रखंड में मध्य विद्यालय माधवपुर, प्राथमिक विद्यालय हलुदबनी, उच्च विद्यालय बोड़ाम, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहाड़पुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जगमोहनपुर एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारियादा में सेंटर बनाया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त परीक्षा ली गई है।

## रांची-हावड़ा वाया टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरुआत पर कुणाल षाड़ंगी ने जताया हर्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** रांची-हावड़ा वाया टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की विधिवत शुरुआत रविवार से हुई है। वंदे भारत ट्रेन शुरू होने पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने इस उपलब्धि को रेखांकित करते हुए केंद्र सरकार की ओर से जमशेदपुर के यात्रियों को सौगात बताया। उन्होंने बकायदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। वहीं स्थानीय सांसद विद्युत वरण महतो के प्रयासों को सराहते हुए बधाई प्रेषित किया है। इसके साथ ही भाजपा प्रवक्ता कुणाल षाडंगी ने ट्वीट करते हुए केंद्र सरकार और रेल मंत्रालय से उक्त ट्रेन का ठहराव बढ़ाने का निवेदन किया है। कुणाल ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव घाटशिला अथवा चाकुलिया में कराने का सुझाव रेल मंत्रालय को दिया है। क्योंकि घाटशिला स्थित हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, चकुलिया स्थित चावल मिलों व साबुन मिल व कंपनियों से जुड़े हज़ारों यात्री प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोलकाता आना जाना करते हैं।

## पुरेन्द्र ने किया वृक्षारोपण अभियान पार्ट-2 का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर नगर निगम, वार्ड संख्या- 9 एवं 10 स्थित मीरूडीह मे हरि नगर राधे-कृष्ण मंदिर विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण अभियान पार्ट-2 के तहत लोहे की जाली सहित 20 पौधे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि डेप्युटी प्रेसिडेंट शैलेश कुमार सिंह, आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, स्थानीय समाजसेवी बोंडा बेसरा, राजद प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव देव प्रकाश, लोक जनशक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज



पासवान, युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव, टाटा वर्कर्स यूनियन के कमेटी मेंबर प्रमोद कुमार सिंह, श्याम सुंदर गोप के कर कमलो द्वारा लगाया गया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष टाटा वर्कर यूनियन संजीव चौधरी ने कहा कि आदित्यपुर को ग्रीन सिटी बनाने के लिए टाटा वर्कर्स यूनियन अपना हर संभव सहयोग देगीद्य उन्होंने लोगों को डेंगू से बचने के उपाय बताएं और जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि शीघ्र बस्ती में एक मेडिकल कैंप और अस्थाई सड़क के निर्माण हेतु स्लैग दिलाने की कोशिश करेंगे। विशिष्ट अतिथि डिप्टी प्रेसीडेंट टाटा वर्कर्स यूनियन शैलेश कुमार सिंह ने मीरूडीह बस्ती में मूलभूत नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था करने हेतु सहयोग का आश्वासन दिया।

## ग्राम प्रधान के नेतृत्व में श्रमदान कर ग्रामीणों ने की सड़क मरम्मती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला प्रखंड अंतर्गत मोहितपुर पंचायत के पानारोल गांव में ग्राम प्रधान मंगल मार्डी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने श्रमदान कर दलदल सड़क की मरम्मती कर आवागमन योग्य किया। ग्राम प्रधान ने बताया पानारोल से मधुपुर जाने के लिए लगभग 500 मीटर एक कच्ची सड़क है। आसपास की सारी सड़कों को बनाया गया परंतु यह सड़क पगडंडी ही रह गई है। जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियां होती है।

## द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** सरायकेला जिले के एकमात्र सरकारी मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला- खरसावां के जिला कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक सरायकेला स्थित परिसदन में संपन्न हुई. क्लब के अध्यक्ष मनमोहन सिंह राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई उक्त बैठक में आज के परिवेश में हो रही पत्रकारिता पर गंभीर चर्चा की गई, जिसमें समाज हित एवं राष्ट्रहित में स्वच्छ पत्रकारिता पर विशेष रूप से बल दिया गया. बैठक का संचालन क्लब के महासचिव मोहम्मद रमजान अंसारी ने किया. बैठक में कुल सात प्रस्तावो पर चर्चा किया गया. बैठक में क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष सुमंगल कुंडू (केबु दा) कोषाध्यक्ष संजीव कुमार मेहता, प्रमोद कुमार सिंह,संजय मिश्रा, सुमन मोदक,बानेश्वर महतो,पारस कुमार होता, राहुल



चंद्रा,आशीष झा, बलराम पंडा, रणवीर कुमार,सुमित सिंह,शंभू कंसारी,अजय कुमार महतो,उमाकांत कुमार कर,परमेश्वर गोराई उर्फ बाबू, अंकित शुभम, अभिषेक कुमार मिश्रा, अभय कुमार मिश्रा,संतोष कुमार, रविकांत गोप,अरुण कुमार मांझी, सुनील कुमार गुप्ता,खगेन चंद्र महतो, कल्याण पात्रा,जगन्नाथ चटर्जी, विश्वरूप पंडा,रासबिहारी मंडल,सुधीर गोराई,सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे.

## गम्हरिया गुरुद्वारा में धूमधाम से मनाया गया गुरु ग्रंथ साहेबजी का पहला प्रकाश उत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सिख नौजवान सभा और गम्हरिया क्षेत्र के संगत की ओर से जुगो जुगो अटल गुरु ग्रंथ साहेब जी का पहला प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विगत 22 सितंबर से चल रहे अखंड पाठ का समापन किया गया। उसके उपरान्त कीर्तन दरबार सजाया गया। कीर्तन दरबार का आयोजन कदमा से मुख्य ग्रंथि सरदार कुलवंत सिंह के नेतृत्व में आए जत्था के सदस्यों द्वारा किया गया। कीर्तन के पश्चात सभी ने गुरु ग्रंथ साहेब का अरदास कर सुख, शांति व समृद्धि की कामना कर आशीष ग्रहण किया। इस मौके पर



गुरुद्वारा परिसर में भव्य अटूट लंगर का आयोजन किया गया था जिसमे काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में सिख नौजवान सभा और गम्हरिया की समूह सात संगत ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस मौके पर सिख नौजवान के प्रधान सरदार जगजीत सिंह, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार इंद्रजीत सिंह, स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी रजिंदर कौर, मीत प्रधान जसपाल सिंह, बाज सिंह, सीजीपीसी के प्रधान सरदार शैलेन्द्र सिंह, सरदार भगवान सिंह, मनमोहन सिंह, सुखबिंदर सिंह, जगजीत सिंह, चंचल सिंह समेत काफी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित थे।

## बिष्टुपुर गोपाल मैदान में आयोजित करम महोत्सव में शामिल होंगे बिहार व बंगाल के मंत्री, पोस्टर लॉन्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कुड़मी सेना की ओर से आगामी 1 अक्टूबर, 2023 को बिष्टुपुर गोपाल मैदान में भव्य रूप से करम महोत्सव मनाया जाएगा. इस दौरान पारंपरिक रूप से करम डाल की पूजा की जाएगी, उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी. उक्त जानकारी आज सोनारी न्यू सीपी क्लब में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल महतो ने दी. उन्होंने बताया कि अपरान्ह 4 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा जिसमें सर्वप्रथम संस्था व समाज के लोग श्रद्धापूर्वक करम डाल



गाड़कर उसकी विधि पूर्वक पूजा करेंगे. इसके बाद उड़ीसा के दीपक महतो झूमर संगीत प्रस्तुत करेंगे. यह आयोजन रात्रि लगभग 10 बजे तक चलेगा. इस दौरान सम्मान कार्यक्रम का भी आयोजन होगा जिसमें समाज के तीन विभूतियों को कुड़मी रत्न से सम्मानित किया जाएगा. पश्चिम बंगाल की कुड़मी न्यायाधीश में नूपुर महतो, सुजाता महतो, और ओड़िसा की न्यायदीश मन्दिरा मोहंता होंगी सम्मानित। उन्होंने बताया कि आयोजन में अतिथि के रूप में बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पश्चिम बंगाल के लघु कुटीर उद्योग मंत्री श्रीकांत महतो, राज्यसभा सांसद ममता महंता, खीरु महतो, पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल, पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के अलावा हजारीबाग डीआईजी संजय रंजन सिंह, विशेष शाखा रांची के डीआईजी संध्या रानी महतो एवं पूर्व आईजी नरेश प्रसाद शामिल होंगे. इस मौके पर संगठन के केंद्रीय कमिटी के शैलेन्द्र महतो, लोकपाल रतन महतो, अरविंद सिंह, जगन्नाथ महतो, काकुली महतो, ओचिन्ता महतो, गौरंगो महतो, डीके महतो, सूरज महतो, बिष्णु देव महतो, अजय महतो, विकाश महतो,

## करीम सिटी कॉलेज में मना राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची प्रांगण के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हन विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ दारा सिंह गुप्ता, करीम सिटी कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आले अली , एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज़ एवं एनएसएस के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके बाद संगीत एवं नृत्य का दौर चला। भारत की विविधता में एकता को दर्शाते हुए विभिन्न राज्यों



की वेशभूषा को दर्शाया गया। साथ ही साथ एनएसएस के सभी सक्रिय स्वयंसेवकों एवं कोरोना काल के दौरान किए गए सराहनीय कार्य के लिए सभी स्वयंसेवकों को डॉक्टर दारा सिंह गुप्ता ने सम्मानित किया। अंत में सभी का धन्यवाद अपन सैयद साजिद परवेज़ ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन मानव घोष, स्मिता सिंह और मोबिना बेगम ने किया।

## संपादकीय

# नई संसद में महिला आरक्षण

**संसद** का 96 साल पुराना भवन अब अतीत हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं के विदाई संबोधनों के साथ ही पुराने भवन को अलविदा कहकर नए संसद भवन में प्रवेश भी हो चुका है। अब पुराना संसद भवन एक राष्ट्रीय धरोहर, एक लंबा इतिहास, संसदीय संग्रहालय और लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब है, जिससे संविधान निर्माताओं, हमारे पुरखों और 7500 से अधिक सांसदों की असंख्य यादें जुड़ी हैं। पुराना सदन उन घटनाओं, बहसों और निर्णयों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत के लोकतंत्र को एक सुगढ़ आकार और विकास दिया। संसद भवन में वे असंख्य नाद आज भी गूंज रहे हैं, जो अस्पष्ट और अनसुने लग सकते हैं, लेकिन वे अभिव्यक्ति और संवाद की स्वायत्तता के जीवंत प्रमाण हैं। हमने 1997 से 2020 के कोरोना-काल तक लोकसभा की प्रेस दीर्घा में बैठकर संसदीय कार्यवाहियों को साक्षात देखा है, लिहाजा सुना भी है। कई ऐतिहासिक संबोधन भी सुने हैं। देवेगौड़ा और गुजराल सरकारों का एक साल से भी कम समय में पतन देखा है। किसी की निजी और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर सदन और सरकारें काम नहीं कर सकतीं, यह सोच भी सुनी है। अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे कद्दावर और निर्णायक प्रधानमंत्री की सरकार मात्र एक वोट से गिरती भी देखी है। उस दिन लोकतंत्र को बिकते भी देखा है, लेकिन लोकतंत्र तो सनातन और शाश्वत है, लिहाजा लौट आया। हम लोकसभा में परमाणु करार पर राजनीतिक विभाजन के भी साक्षी रहे हैं और डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को गिरते-गिरते बचते भी देखा है। लोकसभा में एक भाजपा सांसद ने नोटों से भरा बैग खोल कर पूरे सदन को स्तब्ध कर दिया था, लिहाजा 'नोट के बदले वोट' के राजनीतिक भ्रष्टाचार को बेनकाब होते भी देखा है। 'प्रश्न के बदले नकदी घूस' के भ्रष्टाचार पर 11 सांसदों की बर्खास्तगी का ऐतिहासिक निर्णय भी सुना है। हम खाद्य सुरक्षा, सूचना का अधिकार, मनरेगा, अनिवार्य निःशुल्क शिक्षा से लेकर अनुच्छेद 370, तीन तलाक, जीएसटी, एक पद-एक पेंशन आदि ऐतिहासिक संशोधनों और कानूनों के पारित किए जाने के भी प्रत्यक्ष साक्षी रहे हैं। हम 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर आतंकी हमले के भी चश्मदीद रहे हैं और एक बड़े पत्थर के पीछे छिप कर जान बचाई थी। अब चूंकि मोदी कैबिनेट ने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण के बिल को स्वीकृति दी है, लिहाजा नए संसद भवन के 'विशेष सत्र' में यह बिल पेश और पारित किया जा सकता है, लेकिन हम स्पष्ट कर दें कि महिला आरक्षण कानून 2029, यानी अगले आम चुनाव, से पहले क्रियान्वित किया जाना संभव नहीं है। संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत से बिल पारित होने के बाद यह संवैधानिक बाध्यता और दायित्व भी है कि उसकी राज्यों की 50 फीसदी से अधिक विधानसभाएं भी पुष्टि करें। 10 वर्षीय जनगणना का काम भी 2026 तक जारी रह सकता है। फिर आरक्षित सीटों के मद्देनजर परिसीमन का काम भी किया जाना है। हम संसद में महिला आरक्षण पर सपा, राजद और जनता दल-यू आदि राजनीतिक दलों का कड़ा विरोध देख चुके हैं। बिल की प्रतिलिपियां तक फाड़ दी गई थीं। जद-यू के शरद यादव तो 'मरने' तक तैयार थे, लेकिन ऐसे बिल का सामाजिक तौर पर विरोध कर रहे थे। बहरहाल आज मुलायम सिंह यादव, शरद यादव सरीखे विरोधी नेता 'दिवंगत' हो चुके हैं। बेशक मौजूदा परिदृश्य में यह सब कुछ संभव न हो, क्योंकि लोकसभा में तो भाजपा का प्रचंड बहुमत है, लेकिन 180 महिला सांसदों का निर्वाचन और आरक्षण किया जाना है, तो एक निश्चित प्रक्रिया अनिवार्य है। उसमें वक्त लगेगा। फिलहाल लोकसभा में 78 और राज्यसभा में 29 महिला सांसद हैं। यह अनुपात क्रमशः 14.4 और 12 फीसदी है, जबकि रवांडा जैसे गरीब, पिछड़े मुल्क में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 61 फीसदी से भी ज्यादा है। संभवतः यह भी प्रावधान किया जा रहा है कि अनुसूचित जाति, जनजाति के लिए जो संसदीय सीटें आरक्षित हैं, उनकी कुल संख्या में से एक-तिहाई को उन्हीं समूहों की महिलाओं के लिए आरक्षित किया जा सकता है। जब बिल संसद में पेश किया जाएगा, तो तस्वीर बिल्कुल साफ होगी। उसके आधार पर हम विश्लेषण करेंगे कि महिला आरक्षण कितना कारगर रहेगा। महिला सशक्तिकरण के लिए लंबे समय से मांग उठती रही है कि महिलाओं को संसद तथा राज्यों की विधानसभाओं में 33 फीसदी आरक्षण दिया जाना चाहिए। इसके लिए कई बार संसद में बिल पेश किए गए। अब यह सपना साकार होने का समय आ गया है।

प्रधानमंत्री मोदी और अन्य नेताओं के विदाई संबोधनों के साथ ही पुराने भवन को अलविदा कहकर नए संसद भवन में प्रवेश भी हो चुका है। अब पुराना संसद भवन एक राष्ट्रीय धरोहर, एक लंबा इतिहास, संसदीय संग्रहालय और लोकतंत्र का प्रतिबिम्ब है, जिससे संविधान निर्माताओं, हमारे पुरखों और 7500 से अधिक सांसदों की असंख्य यादें जुड़ी हैं। पुराना सदन उन घटनाओं, बहसों और निर्णयों का साक्षी रहा है, जिन्होंने भारत के लोकतंत्र को एक सुगढ़ आकार और विकास दिया। संसद भवन में वे असंख्य नाद आज भी गूंज रहे हैं, जो अस्पष्ट और अनसुने लग सकते हैं, लेकिन वे अभिव्यक्ति और संवाद की स्वायत्तता के जीवंत प्रमाण हैं। हमने 1997 से 2020 के कोरोना-काल तक लोकसभा की प्रेस दीर्घा में बैठकर संसदीय कार्यवाहियों को साक्षात देखा है, लिहाजा सुना भी है। कई ऐतिहासिक संबोधन भी सुने हैं। देवेगौड़ा और गुजराल सरकारों का एक साल से भी कम समय में पतन देखा है। किसी की निजी और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं पर सदन और सरकारें काम नहीं कर सकतीं, यह सोच भी सुनी है। अटल बिहारी वाजपेयी सरीखे कद्दावर और निर्णायक प्रधानमंत्री की सरकार मात्र एक वोट से गिरती भी देखी है। उस दिन लोकतंत्र को बिकते भी देखा है, लेकिन लोकतंत्र तो सनातन और शाश्वत है, लिहाजा लौट आया। हम लोकसभा में परमाणु करार पर राजनीतिक विभाजन के भी साक्षी रहे हैं और डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार को गिरते-गिरते बचते भी देखा है। लोकसभा में एक भाजपा सांसद ने नोटों से भरा बैग खोल कर पूरे सदन को स्तब्ध कर दिया था, लिहाजा 'नोट के बदले वोट' के राजनीतिक भ्रष्टाचार को बेनकाब होते भी देखा है।

## कुछ अलग

# आपदा का हिसाब

**अभी** कुछ दिन ही हुए कि जब हिमाचल प्राकृतिक आपदा के हर दृष्टांत में निरीह, लाचार और सदी के सबसे भीषण दंश झेल रहा था, लेकिन अब प्रदेश विधानसभा में तो हो-हल्ले का शगल हम मना सकते हैं। फटते बादलों से कहीं अधिक राजनीतिक बादलों का फटना और लोकतंत्र को चारदीवारी मानकर सत्ता और विपक्ष में एक-दूसरे को पीछे धकेलने का मतलब यह क्यों न माना जाए कि जनता की त्रासदी में भी यहां आपस में हिसाब हो रहा है। वॉकआउट की पेशकश में क्या आपदा का असर कम हो गया। जाहिर है आपदा में भी हमें दो हिमाचल नजर आए। एक ने सरकार से गुजारिश की तो दूसरे ने सरकार को ही खींचा। इस विभाजक रेखा से परे आपदा सिर्फ आंसुओं की कहानी नहीं, राहत के इंतजाम का पैगाम भी है। आपदा के बाद प्रदेश सरकार ने क्या और किस तरह किया या आगे क्या कार्ययोजना है, इसका विश्लेषण करने का लोकतांत्रिक अधिकार विपक्ष के पास है। दूसरी ओर केंद्र सरकार हिमाचल में हुई आपदा को लेकर किस कद्र संवेदनशील व तत्पर हुई, यह हिमाचल की टूटी-फूटी तस्वीर और पहाड़ी संवेदना पूछ रही है। आपदा का हिसाब, सियासी आपदा नहीं और न ही ऐसे टकराव से जनता की आहत भावनाओं को अमृत मिलेगा। पहले से ही झुलसे हिमाचली अगर विधानसभा के मानसून सत्र को बहिष्कारों में जाया होते देखेंगे, तो यह जख्मों पर नमक उंडेलने का सबब ही होगा। जहां तेरह हजार मकान क्षतिग्रस्त हों और विकास के सारे रास्ते खंडित हों, वहां बहस तो यह होनी चाहिए कि आखिर इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित होने के लिए हिमाचल को किस हद तक मरना होगा। क्या हमारे जख्म इस लायक भी नहीं कि केंद्र इन्हें भुज के भूकंप और अमरनाथ की त्रासदी के आसपास महसूस करे। बहरहाल, आपदा के खेल में सियासत के पास वह सब कुछ है, जो प्रभावित परिवारों को मिलने की उम्मीद नहीं। जाहिर है आम जनता को हर तरह की आपदा में जीना आ गया है। आपदा तो राजस्व रिकार्ड के हर नुक्ते पर सवार रहती है, जब किसी ग्रामीण को अपनी जमीन के मामले में पटवारी से तहसीलदार तक हाजिरी लगाकर लगातार पता चलता है कि देश की कार्य संस्कृति किस तरह अनुपस्थित रहने की बुनियाद पर चल रही है।

## भारतवर्ष की सनातन संस्कृति में उसकी मूलभूत विशेषता सहिष्णुता के कारण यह आदत कभी नहीं रही

# भारत की पहचान है सनातन, सनातन की छाया में ही अन्य धर्म सुरक्षित रह सकते हैं

डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र

गुलामी के काले दिनों में अंग्रेजों ने भारतवर्ष के धर्म, संस्कृति, शिक्षा आदि समस्त अस्मिता सूचक महान संदर्भों के विरुद्ध षड्यन्त्रपूर्वक विष उगलना प्रारम्भ किया। उनके इसी विष को यहाँ के कम्यूनिस्टों ने शिक्षा, साहित्य और कला के धरातल पर स्वतंत्र भारत में निरन्तर फैलाया और आज यही जहर राजनीतिक रोटियाँ सेंकने के लिए विपक्ष के कुछ नेता उगल रहे हैं।

**सनातन** धर्म के विरुद्ध विपक्षी नेताओं के बयानों की गाली गलौज भरी बौछारें देखकर पुरानी हिन्दी फिल्म का चर्चित गीत 'अच्छों को बुरा साबित करना दुनिया की पुरानी आदत है' याद आता है। दुनिया की यह आदत रही होगी किन्तु भारतवर्ष की सनातन संस्कृति में उसकी मूलभूत विशेषता सहिष्णुता के कारण यह आदत कभी नहीं रही। गुलामी के काले दिनों में अंग्रेजों ने भारतवर्ष के धर्म, संस्कृति, शिक्षा आदि समस्त अस्मिता सूचक महान संदर्भों के विरुद्ध षड्यन्त्रपूर्वक विष उगलना प्रारम्भ किया। उनके इसी विष को यहाँ के कम्यूनिस्टों ने शिक्षा, साहित्य और कला के धरातल पर स्वतंत्र भारत में निरन्तर फैलाया और आज यही जहर राजनीतिक रोटियाँ सेंकने के लिए विपक्ष के कुछ नेता उगल रहे हैं। सनातन धर्म, समानता के खिलाफ है, वह कुष्ठ रोग की तरह है, उसे डेंगू मलेरिया और कोरोना की तरह मिटाना होगा- आदि अपमान सूचक वाक्य देश की फिजा में गूँजकर देश-विदेश में बसे एक अरब से अधिक सनातनी हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करके उनकी सहिष्णुता का खुला मजाक उड़ा रहे हैं। उन्हें समर्थन देने वाले इसे अभिव्यक्ति की आजादी कह रहे हैं और इसका समर्थन कर रहे हैं। यदि स्वयं को चर्चा में लाने और मीडिया में छाने के लिए ऐसी अनर्गल बयानबाजी अभिव्यक्ति की आजादी है तो इस पर कठोर प्रतिबंध लगाये जाने पर विचार करना आज की बड़ी आवश्यकता बन गयी है क्योंकि ऐसे बयानों से विपक्ष को सत्ता मिले या न मिले किन्तु सामाजिक समन्वय, सद्भाव और सहयोग अवश्य क्षत-विक्षत होगा। समाज में संघर्ष बढ़ेगा। इसलिए ऐसे नफरत भरे बयानों पर नियंत्रण अनिवार्य है। सनातन धर्म भारतवर्ष का अपना धर्म है। उसके सिद्धान्त शाश्वत हैं और न केवल भारतवर्ष के लिए अपितु समस्त विश्व के कल्याण के लिए संकल्पित हैं। हजारों वर्ष पूर्व सनातन धर्म ने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का उदार भाव व्यक्त किया और आज भी वह अपने धार्मिक अनुष्ठानों की समापन वेला में 'विश्व का कल्याण हो, प्राणियों में सद्भावना हो'- जैसे उद्घोष गुंजित कर अपनी मूल्य चेतना को स्वर देता है। प्रकृति के साथ उसकी गहरी रागात्मकता है जो नदी, सागर, पर्वत, वन, बादल, भूमि, वायु आदि में देवत्व का दर्शन कराती है और प्राकृतिक पर्यावरण की शुद्धता के लिए आवश्यक वातावरण का निर्माण करती है। सनातन धर्म के अद्वैत दर्शन ने मनुष्य के साथ-साथ जीवमात्र में परम सत्ता का दर्शन देकर पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों तक की रक्षा का प्रावधान किया है।



सनातन धर्म का प्रतिनिधि ग्रंथ श्रीमद्भगवदगीता ब्राह्मण, गाय हाथी, कुत्ता, चाण्डाल सब में एक ही ईश्वर की उपस्थिति निर्देशित कर जीवमात्र की समानता का शंखनाद करता है। वैदिक युग से लेकर आज तक उसका प्रवाह निर्बाध रहा है। शास्त्र और शस्त्र सनातन धर्म की दो सशक्त भुजाएं हैं। राम, कृष्ण और शिव उसके प्रतीक आदर्श हैं। भारत में हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैले छोटे-बड़े करोड़ों मंदिर, चैरे, चबूतरे उसके ऊर्जा केन्द्र हैं और असंख्य साधु-संन्यासी उसके संरक्षक हैं। उसे मिटाने की बात करना दिन में सपने देखने जैसा है। सनातनी धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाने में अग्रणी हैं। शकों और हूणों जैसे बर्बर आक्रान्ताओं पर विजय प्राप्त करने वाला सनातन धर्म गजनवी, गोरी, तैमूर, औरंगजेब, नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली जैसे आक्रान्ताओं से टकराकर भी नहीं टूटा। ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ आए पादरियों के कुचक्र और प्रलोभन उसे लुभा न सके। हजारों वर्ष के संघर्ष के बाद भी उसकी विजय-पताका सबसे ऊँची है। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द के व्याख्यान की सर्वस्वीकृति उसकी साक्षी है। सनातन दूर्वा है। उसमें दूर्वा की तरह झुककर पैरों तले रौंदे जाने पर भी अपने अस्तित्व को बचा ले जाने की अद्भुत क्षमता है। विधर्मी आक्रमणों और कुटिल षड्यंत्रों की कड़ी धूप में सूख जाने पर भी वह अवसर पाकर हरी हो उठती है। सनातन अमरवेल है। उसे अपने विस्तार के लिए कभी राजसिंहासन का सहारा नहीं लेना पड़ा। वह राजपुत्रों और राजवंशों से पोषण पाकर नहीं फैली। उसे अपने प्रसार के लिए आक्रमणकारी सैनिकों और सेवा का आडम्बर रचते प्रलोभनकारी व्यापारियों का सहारा नहीं लेना पड़ा। सनातन धर्म की अमरवेल अपने उदार चिन्तन और मानवीय मूल्यों के कारण बिना आश्रय के ही फल-फूल रही है।

विश्व में प्रतिष्ठित हो रहे नए मंदिर इसके प्रमाण हैं। सऊदी अरब जैसे इस्लामिक देश में मंदिर निर्माण सनातन की नयी प्रतिष्ठा है। इस्कान द्वारा स्थापित कृष्ण मंदिरों की बढ़ती संख्या सनातन धर्म की अमर बेल का नूतन विकास है। सनातन धर्म अक्षयवट है जिसकी छाया में मनुष्यता सुरक्षित है। उसकी जड़ें जितनी गहरी हैं उसका विस्तार आकाश में भी उतना ही अपार है। उसके आदर्श काल्पनिक नहीं यथार्थपरक हैं। वह जड़ अथवा स्थिर नहीं है, गतिमान है और परिवर्तनशील है। उसमें अपने अंदर समय के साथ आने वाली विकृतियों को स्वयं दूर करने की अद्भुत क्षमता है। गति, परिवर्तन, परिष्करण, संशोधन उसके मूलतत्व हैं। इसलिए वह चिर पुरातन और नित नवीन है। उसकी पृष्ठभूमि में विराट इतिहास है और उसके समक्ष अनन्त भविष्य। सनातन मनुष्य की रचनात्मक प्रज्ञा का अक्षय प्रवाह है। नकारात्मक नारों का भ्रामक प्रचार उसे रोक नहीं सकता। विगत शताब्दियों में परतंत्रता जनित प्रभावों के कारण सनातन में आयी छुआछूत, पर्दा, बालविवाह, आदि विकृतियों पर विजय पाने की ओर सनातन का विजय-रथ निरन्तर अग्रसर है। सनातन को कोसकर समाज में जहर घोलने वाले इन तथाकथित बुद्धिजीवियों, समाज सुधारकों और नेताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि अब से लगभग पंद्रह सौ वर्ष पूर्व सम्राट हर्षवर्धन के समय में भारत भ्रमण पर आने वाले विदेशी चीनी यात्री हवेनसांग ने भारतीय समाज की जिस सुख, शान्ति, समृद्धि का उल्लेख किया है वह सनातन चिन्तन परम्परा की ही देन है। भारत सोने की चिड़िया सनातन व्यवस्था की छाया में ही रहा। अयोध्या नरेश सत्यवादी हरिश्चन्द्र को काशी के डोम ने खरीदा था इस संदर्भ से भी प्राचीन भारत में सनातन व्यवस्था में दलित समझे जाने वाले वर्ग की आर्थिक स्थिति का अनुमान करना चाहिए। लगभग सौ वर्ष पूर्व सवर्ण वर्ग में जन्मे महर्षि दयानन्द ने आर्यसमाज की स्थापना कर सनातन धर्म में संशोधन करते हुए अस्पृश्यता के अभिशाप को दूर करने की दिशा में देशव्यापी सार्थक प्रयत्न किये। कथित ऊंची जातियों में जन्म लेने वाले वीर सावरकर, महात्मा गाँधी, डॉ. हेडगेवार, प. श्रीराम शर्मा आचार्य आदि ने सनातन में आए सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए गंभीर प्रयत्न किये जिनका शुभ परिणाम स्वतंत्र भारत में धार्मिक, सामाजिक और संवैधानिक धरातल पर आज सबके सामने हैं। मंदिरों के द्वार सबके लिए खुले हैं। आज चाय की गुमठियों, होटलों और चाट के ठेलों पर खाने-पीने का सामान बनाने वालों की जाति नहीं पूछी जाती।

# स्कूली छात्र और कुपोषण

यही कारण है कि भोजन और शिक्षा आपस में एक-दूसरे पर निर्भर हैं और यदि इसका प्रबंधन सही ढंग से नहीं किया गया तो नए भारत के लिए चुनौती बन सकता है। देखा जाए तो कुपोषण कोई ऐसी बीमारी नहीं जिसे कम न किया जा सके। बस हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। स्कूली बच्चों को जंक फूड के विपरीत प्रभावों से बचाने की बहुत जरूरत है। कुल मिला कर न केवल नीति स्तर पर, बल्कि परिवार में भी बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें कैसा आहार दिया जाता है, इसको ध्यान में रखकर कुपोषण की समस्या को काफी हद तक सीमित किया जा सकता है। यूं भी जो हमारी शिक्षा व्यवस्था है, उसमें कमियां हैं और यह उन बातों पर फोकस नहीं कर रही है कि हमें क्या खाना चाहिए और कितनी मात्रा में खाना चाहिए। चूंकि हमारी समझ और जानकारी किताबों और लेक्चर्स से आती है, ऐसे में भोजन और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े पाठयक्रम आज के समय की बहुत बड़ी जरूरत हैं...

**देश** के कुछेक राज्य सितंबर के महीने को पोषण माह के तौर पर मना रहे हैं। इस पोषण माह के दौरान सभी कुपोषण के अधिक शिकार और आंशिक तौर पर कुपोषण के शिकार बच्चों की सेहत और तंदुरुस्ती पर खास ध्यान देते हुए उन पर काम किया जाएगा। छोटी क्लास के स्कूली छात्रों के कुपोषण, यानी ठीक खुराक न मिलने के अनेक कारण हो सकते हैं। सभी राज्यों में कुपोषण का मुख्य कारण गरीबी ही है। कम मात्रा में भोजन करने पर बच्चों में कुपोषण विकसित हो सकता है। कुपोषण की समस्या देश के अनेक राज्यों में संतोषजनक नहीं है। उदाहरण के तौर पर छत्तीसगढ़ में नक्सल समस्या सबसे बड़ी समस्या मानी जाती है, क्योंकि इससे विकास की रफ्तार धीमी हो रही है। इसके बाद दूसरी सबसे बड़ी समस्या कुपोषण को माना जाता है। इसकी चपेट में प्रदेश के लाखों बच्चे हैं। खासकर ट्राइबल इलाकों के बच्चे ज्यादातर कुपोषित हैं। राज्य में वर्तमान में 17 फीसदी से अधिक बच्चे कुपोषण की श्रेणी में आते हैं जिनकी संख्या लाखों में है। इसी तरह से मध्य प्रदेश में बाल आरोग्य एवं पोषण मिशन की ताजा तिमाही रिपोर्ट में करीब 78 हजार बच्चों में कुपोषण मिला है। ये वो बच्चे हैं, जो रोजाना आंगनबाड़ी पहुंचते हैं। रिपोर्ट जनवरी, फरवरी और मार्च 2023 की है जो दो जून को जारी हुई है। पिछली तिमाही (अक्टूबर, नवंबर और दिसंबर 2022) की रिपोर्ट की तुलना में भोपाल समेत सात संभागों में गंभीर कुपोषित बच्चों की संख्या बढ़ी है। साल 2021 में दुनिया के 76.8 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार पाए गए। इनमें 22.4 करोड़ (29 फीसदी) भारतीय थे। यह दुनियाभर में कुल कुपोषितों की संख्या के एक-चौथाई से भी अधिक है। जहां तक देश का सवाल है तो भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक देश है। दूध, दाल, चावल, मछली, सब्जी और गेहूं उत्पादन में हम दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसके बावजूद देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। संयुक्त राष्ट्र की 'द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वल्ड 2022' की रिपोर्ट के अनुसार साल 2019 के कोरोनाकाल के बाद लोगों का भूख से संघर्ष तेजी से बढ़ा है। साल 2021 में दुनिया के 76.8 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार पाए गए। इनमें 22.4 करोड़ (29 फीसदी) भारतीय थे। यह दुनियाभर में कुल कुपोषितों की संख्या के एक-चौथाई से भी अधिक है। इसकी वजह से देश पर बीमारियों का बोझ बहुत ज्यादा है। कुपोषण पर भारत सरकार के आंकड़े दिखाते हैं कि भारत में कुपोषण का संकट और गहरा गया है। कुछ आंकड़ों के मुताबिक भारत में इस समय 33 लाख से अधिक बच्चे कुपोषित हैं। इनमें से आधे से ज्यादा यानी कि 17.7 लाख बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। देश के कुछ राज्यों मे सुपोषण योजना के माध्यम से कुपोषण मुक्ति के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इस योजना के तहत कुपोषित महिलाओं, गर्भवती और शिशुवती माताओं के साथ बच्चों को गरम भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। राशन में आयरन और विटामिन युक्त फोर्टीफाइड चावल और गुड़ देकर लोगों के दैनिक आहार में विटामिन्स और मिनरल्स की कमी को दूर करने का प्रयास किया गया है। इसके साथ ही गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक रेडी टू ईट और स्थानीय उपलब्धता के आधार पर पौष्टिक आहार देने की भी व्यवस्था की गई है। महिलाओं और बच्चों को फल, सब्जियों सहित सोया और मूंगफली की चिक्की, पौष्टिक लड्डू, अण्डा सहित मिलेट्स के बिस्कुट और स्वादिष्ठ पौष्टिक आहार के रूप में दिया जा रहा है। सभी राज्यों में इससे अधिक प्रयासों की जरूरत है। कुपोषण को दूर करने के लिए हमारे स्कूलों में खास प्रयास कर सकते हैं। स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों में कुपोषण को दूर करने के तरीकों पर पेरेंट्स की समझ बढ़ाने के लिए पेरेंट्स को बच्चों में कुपोषण के मुद्दे पर काउंसलिंग दी जानी चाहिए ताकि ये सुनिश्चित किया जा सके कि उनके बच्चों को संतुलित और पौष्टिक आहार मिल सके। इसके साथ ही बच्चों में खाने की अच्छी आदतों को विकसित करने के लिए स्कूलों को योजना बनानी चाहिए। इस दिशा में प्रशासनिक कोशिशों में तेजी लाई जाए, तो बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। मिड-डे-मील जैसी योजनाओं का प्रभावी वर्शन लाए जाने की जरूरत है। गैर सरकारी संगठन कुपोषण को लेकर सरकारों को सहयोग करें। ग्लोबल हंगर इंडेक्स (जीएचआई) 2019 ने कुछ चेतावनी भरे तथ्य उजागर किए हैं। इस इंडेक्स में भूख के आधार पर 117 देशों की रैंकिंग की गई है और इसमें भारत 102वें स्थान पर है। ब्रिक्स देशों में भारत की रैंकिंग सबसे कम है। जीएचआई इंडेक्स पांच वर्ष से कम आयु वाले ऐसे बच्चों पर आधारित होता है, जिनका वजन और लम्बाई निर्धारित मापदण्ड से कम है। ऐसे पर्याप्त तथ्य हैं जो यह बताते हैं कि भुखमरी का शिक्षण व्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है। जो दिमाग सही ढंग से विकसित नहीं हो पाते, उन्हें उचित मूलभूत ढांचे और दिमाग का सही विकास नहीं होने के कारण मूल शिक्षा भी सही ढंग से नहीं मिल पाती। डब्लूएचओ की एक रिपोर्ट कहती है कि पांच वर्ष से कम आयु के ऐसे 155 मिलियन बच्चे हैं जो अपनी लम्बाई के अनुसार कम वजन के हैं और 50 मिलियन बच्चे अविकसित हैं। अपनी स्थिति और पर्याप्त शारीरिक विकास नहीं होने के कारण वे आठ वर्ष तक पढने की स्थिति में भी नहीं आ पाते। यही कारण है कि भोजन और शिक्षा आपस में एक-दूसरे पर निर्भर हैं और यदि इसका प्रबंधन सही ढंग से नहीं किया गया तो नए भारत के लिए चुनौती बन सकता है। देखा जाए तो कुपोषण कोई ऐसी बीमारी नहीं जिसे कम न किया जा सके। बस हमें इस पर ध्यान देने की जरूरत है। स्कूली बच्चों को जंक फूड के विपरीत प्रभावों से बचाने की बहुत जरूरत है। कुल मिला कर न केवल नीति स्तर पर, बल्कि परिवार में भी बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें कैसा आहार दिया जाता है, इसको ध्यान में रखकर कुपोषण की समस्या को काफी हद तक सीमित किया जा सकता है।



## देश दुनीया से

# एक हिंदी लवर को मासिक हिंदी धर्म

**हिंदी** में लिखने वालों का विकास जहां का तहां रुका हुआ हो तो रुका रहे, हिंदी में लिखने वालों पर संकट के घोर बादल और घनघोर हो गए हों तो होते रहें, पर हिंदी का सचमुच विकास हो रहा है। बजट फाड़ कर विकास हो रहा है। मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक सभी अपने अपने मनमाने तरीके से हिंदी धमाकेदार विकास करने में लुटे जुटे हैं। अंग्रेजी में सरकारी पत्र व्यवहार करने वाले हिंदियों द्वारा राजभाषा हिंदी पुरस्कार धड़ाधड़ झपटे जा रहे हैं। जिसका जैसे मन कर रहा है, वह वैसे हिंदी से खेल रहा है, जिसका जैसे तन कर रहा है, वह हिंदी वैसे पेल रहा है। और जो मजबूरी का निष्काम हिंदी प्रेमी है, वह हिंदी पर निरंतर होते हमले अपने ऊपर झेल रहा है। जनाब! गम नॉट! हिंदी का विकास पुरजोर हो रहा है, शोरोंशोर हो रहा है। हिंदी के मासिक विकास के बजट के लिए कोई कमी नहीं। हिंदी को दारू से महीना भर जितना मर्जी नहलाओ। वैष्णव हिंदी को भोग लगाकर जितना मर्जी जो खाओ। पर, बस हर हाल में हिंदी मास मनाओ। मेरे बचपन के दिनों में खींचखांच कर हिंदी सप्ताह मनाया जाता था। शायद तब हिंदी की दशा आज जितनी दयनीय नहीं थी। इसलिए हिंदी के उत्थान के लिए बजट शजट भी कम ही होता था। बजट का किसी और से सीधा संबंध हो या न, पर रस्म पगड़ी से लेकर उनके शपथ समारोह के कार्यक्रम तक से सीधा संबंध होता है। जो बाप अपनी रस्म पगड़ी के लिए अनुमानित महंगाई इंडेक्स के हिसाब से जोड़ छोड़.कर नहीं जाता, जिंदा जी तो उसकी पगड़ी यहां वहां उछलती ही रहती है, पर रस्म पगड़ी में भी उसकी पगड़ी उछलते देर नहीं लगती। तब हफ्ते भर हिंदी को मनाने, बहलाने, खाने, खिलाने से सारा साल काम मजे से चल जाता था। हिंदी प्रेमियों के पेट की च्वाइस भी ज्यादा नहीं होती थी। अधिकतर गैर सरकारी हिंदी प्रेमी वैष्णव होते थे। एकाध नॉनवेज होता था तो वह अधिकारियों के साथ चल जाता था। अब रही बात आयोजन के सरकारी आयोजकों की! वे तो हर समय में नॉनवेज ही रहे हैं। वे तिल के बिल बनाना अच्छी तरह जो जानते थे, जानते हैं। जब हिंदी के बजटीय शुभचिंतकों को लगा कि हिंदी साल दर साल खतरे में पड़ती जा रही है, हिंदी की रक्षा के लिए बजट का प्रावधान कुछ अधिक होना शुरू हुआ। हिंदी सप्ताह की जगह हिंदी पखवाड़े ने ले ली। अधिक बजट होने से हिंदी के प्रति चिंता अधिक होना लाजिमी था। जिसके लिए बजट जितना अधिक, उस पर उतनी अधिक चिंता करना सबसे बड़ी नैतिक ईमानदारी। यह बजट ईमानदारी से खाने वालों का सर्वकालिक सिद्धांत है। हर नियम को चुनौती दी जा सकती है, पर इस नियम को नहीं। कम बजट में बजट से अधिक चिंतन मनन कोई करके दिखाए तो उसके जूते पानी पिऊं। अब जनाब! हिंदी को मनाने के लिए बजट का प्रावधान और बढ़ा तो हिंदी पर चिंतन पाक्षिक से मासिक हो गया। महीना भर जब मन करे, हिंदी दिवस मनाओ! जिसे मन करे, उसे खिलाओ। जिसे मन करे, हिंदी प्रेमी के नाम पर मंच से उससे जो वह चाहे बकवाओ। पूरा महीना हिंदी मास मानने के बाद भी जिसे शिकायत रहे कि उसने हिंदी मां के चरणों का सोमरस नहीं पिया, उसने हिंदी के नाम पर कुछ नहीं किया। हे ऐसे वैसे, जैसे तैसे मासिक हिंदी प्रेमियो! मैं भी आजकल हिंदी के सूखते तालाब में नाक पकड़ डुबकियां लगा हिंदी के ऋण से उऋण हो रहा हूं। मां बाप के ऋण से उऋण नहीं हुआ तो क्या! सिंतबर महीने अंग्रेजी तक हिंदीमय हो और मैं हिंदीमय न होऊं, यह कैसे हो सकता है भला? उनकी हिंदी छाल छाल तो मुझ अंग्रेजी की देशी वर्जन की हिंदी पात पात। सो मैं देशी अंग्रेज इन दिनों ठेठ हिंदीमय चल रहा हूं। अहा! मेरा मन तन सब हिंदीमय हुआ जा रहा है। इन दिनों मेरे मुख से ऐसे ऐसे भयंकर हिंदी के शब्द निकल रहे हैं कि हिंदी भी उनको सुनकर मलंग हुई जा रही है। इन दिनों मेरे मुख से निकले हिंदी के शब्दों को आचार्य रामचंद्र शुक्ल सुन लें तो दांतों तले उंगली दबा लें। इन दिनों हजारी प्रसाद द्विवेदी मेरे तन के हिंदीमय हाव भाव देख लें तो वे पसीना पसीना हो जाएं। हिंदी के कल्याणार्थ आजकल मैं बिन थके हिंदी के हर तरह के हर कार्यक्रम में पूरी शिद्दत से शिरकत कर रहा हूं। भगवान मुझ मासिक हिंदी प्रेमी की तंदुरुस्ती मास भर जैसे तैसे बनाए रखे।

मीडिया से लेकर सोशल मीडिया तक सभी अपने अपने मनमाने तरीके से हिंदी धमाकेदार विकास करने में लुटे जुटे हैं। अंग्रेजी में सरकारी पत्र व्यवहार करने वाले हिंदियों द्वारा राजभाषा हिंदी पुरस्कार धड़ाधड़ झपटे जा रहे हैं। जिसका जैसे मन कर रहा है, वह वैसे हिंदी से खेल रहा है, जिसका जैसे तन कर रहा है, वह हिंदी वैसे पेल रहा है। और जो मजबूरी का निष्काम हिंदी प्रेमी है, वह हिंदी पर निरंतर होते हमले अपने ऊपर झेल रहा है। जनाब! गम नॉट! हिंदी का विकास पुरजोर हो रहा है, शोरोंशोर हो रहा है। हिंदी के मासिक विकास के बजट के लिए कोई कमी नहीं।

## दृष्टिकोण

# राजनीति का चेहरा बदलने वाला विधेयक, मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम

**नरेंद्र** मोदी सरकार ने जब संसद के विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की, तो लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे थे, लेकिन अब इसका मकसद सामने आ गया है। आधी आबादी को संसद एवं राज्यों की विधानसभाओं में राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए जिस महिला आरक्षण विधेयक की मांग पिछले 27 वर्षों से उठ रही थी, उसे पारित करने के उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री मोदी की सरकार ने यह विशेष सत्र बुलाया था। नए संसद भवन की पहली कार्यवाही में लोकसभा में सबसे पहला विधेयक जो मंगलवार को पेश किया गया, वह नारी शक्ति वंदन विधेयक के नाम से महिला आरक्षण विधेयक ही है। अभी लोकसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व मात्र 15.21 प्रतिशत और राज्यसभा में 13.02 प्रतिशत है। जबकि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और अपनी छाप छोड़ रही हैं, नए-नए क्षेत्रों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, लेकिन राजनीति ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां उनके लिए दरवाजे तकरीबन सुनियोजित ढंग से बंद थे। कहा जाता था कि महिलाओं में चुनाव जीतने की क्षमता नहीं है। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करवाने की शुरुआत राजीव गांधी ने की थी, जब स्थानीय निकायों के चुनाव में उनकी सरकार ने एक तिहाई सीटें आरक्षित करने की बात की थी, लेकिन वह विधेयक उनके प्रधानमंत्रित्व काल में पारित नहीं हो सका, क्योंकि राज्यों ने उसका तीखा विरोध किया था। नरसिंहा राव के कार्यकाल में वह विधेयक पारित हुआ। इसमें स्थानीय निकायों के चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गईं। बिहार जैसे राज्यों ने महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत तक सीटें आरक्षित कर दीं। उसकी वजह से जमीनी स्तर पर आज ऐसी महिलाओं का एक बड़ा तबका है, जिन्हें पंचायत चलाने का राजनीतिक अनुभव है। महिलाएं आज अपने दम-खम पर बेहतर ढंग से पंचायतों का संचालन कर रही हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जहां महिलाएं पंचायत में प्रधान या सरपंच रही हैं, उन्होंने बुनियादी मुद्दों-शिक्षा, स्वास्थ्य आदि को अहमियत दी है। राजनीतिक रूप से जागरूक उन महिलाओं के विशाल समूह को अब पंचायत से ऊपर राज्य विधानसभाओं और लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा। महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा, तो कानून भी महिला संवेदनशील बनेंगे और नीति-निर्माण में उनकी भूमिका बढ़ेगी। वर्ष 1996 में जब पहली बार एचडी देवगौड़ा सरकार ने लोकसभा में इसे पेश किया था, तो विभिन्न पार्टियों के कुछ वरिष्ठ लोग सांसदों को सदन में जाने से रोक रहे थे, क्योंकि वे चाहते थे कि सदन का कोरम ही पूरा न हो। यह मैंने स्वयं देखा है। हर पार्टी के भीतर इसको लेकर प्रतिरोध था, भले ही बाहर उनका जो भी रवैया हो। पुरुष नेताओं को अपनी सीटें गंवाने का भय था। फिर अटल बिहारी वाजपेयी के समय में भी इसे पेश किया गया, पर पारित नहीं हो सका। उसके बाद डॉ. मनमोहन सिंह के समय में 2008 में राज्यसभा में इसे पेश किया गया था, फिर इसे स्टैंडिंग कमेटी के पास भेज दिया गया था। अंततः 2010 में राज्यसभा में यह पारित हो सका।

**संक्षिप्त खबरें**

## युनाइटेड क्लब गिद्धौर कमिटी का हुआ पुनर्गठन बने अध्यक्ष कपिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहर लाल फुटबॉल मैदान में युनाइटेड क्लब गिद्धौर की बैठक रविवार को किया गया। बीते दिनों सफलतापूर्वक संपन्न हुवे सरदार वल्लभ भाई पटेल फुटबॉल टूर्नामेंट के बारे में समीक्षा किया गया। तत्पश्चात क्लब के कमिटी का पुनर्गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष कपिल कुमार सचिव मनोज कुमार कुशवाहा कोषाध्यक्ष दयानंद कुमार उपाध्यक्ष मोती कुमार टीम प्रबंधक कमलेश कुमार सह सचिव जितेंद्र सिंह भोक्ता सह कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार मीडिया प्रभारी अखलेश कुमार टीम प्रबंधक कमलेश कुमार निगरानी समिति में विनोद कुमार पासवान सतेंद्र कुमार दांगी कमलेश कुमार दांगी मुकेश कुमार दांगी मंटू कुमार आशुरंजन निरंजन दांगी प्रेम राणा प्रसादी राणा कार्यकारणी सदस्य में सुमित कुमार मंटू कुमार बंटी दास मिथुन भारती सुनील राम विकास कुमार कवींद्र कुमार कपिल ठाकुर रविन्द्र कुमार संतोष यादव रींटु कुमार, को चयन किया गया है।

# करमा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नवनिर्मित सरयू प्रखंड में पहली बार प्राकृतिक पर्व करमा पूजा महोत्सव हर्ष उल्लास के साथ रविवार को मनाया गया। करमा पर्व को मनाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर, कुकू, चातम, मनातू, पीरी, मुकुंदपुर, चिपरू, डबरी, डोरम, कोरवाटोली, रोल, पतरातु, सोनवार, सरयू, घासीटोला, चाचू, अलगडीहा, गोताग, लाई, चोरहा, बंदुआ, समेत काफी दूर दराज से आदिवासी परिवार के लोग भाग लिए। जहां बैग और पहन के द्वारा करमा डाली गाड़ कर प्राकृतिक पर्व का पूजा अर्चना किया गया। वही पूजा अर्चना के बाद ढोल मांदर के साथ आदिवासी परिवार के लोग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए, कार्यक्रम के समाप्ति के बाद करमा डाली को विधि विधान के साथ सरयू के छोटका चोपत नदी में विसर्जन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग जगहों से आए लोगों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के संरक्षक जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव ने बताया कि सरयू प्रखंड बनने के बाद पहली बार प्राकृतिक पूर्व संध्या कराम पूजा महोत्सव आदिवासी परिवार के लोग धूमधाम के साथ मनाएं हैं, श्री उरांव ने बताया की इस वर्ष के भाति हर एक वर्ष करमा पर्व सरयू प्रखंड में हर्षो उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस मौके पर कार्यक्रम प्रखंड अध्यक्ष नरेंद्र उरांव, प्रमुख अमिता देवी, उप प्रमुख सुनील उरांव, मुखिया अंकिता देवी, प्रमिला देवी, राजेश सिंह, पंचायत समिति मंजू देवी, ओपी प्रभारी घनश्याम उरांव, विशुत्री सदस्य उमेश प्रसाद, व कृपाल उरांव, गंगेश्वर उरांव, निर्मल उरांव, सुजीत उरांव, रामेश्वर उरांव, दूधेश्वर उरांव, बलविंदर लोहार, मुनेश्वर उरांव, रवि शंकर भगत, आशीष भगत, अनिल उरांव, समेत अन्य आदिवासी परिवार के लोग मौजूद थे।

## मनिका विधायक को बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** प्रखंड क्षेत्र के सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने रविवार को मनिका विधायक रामचंद्र सिंह को मनिका प्रखंड क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर आवेदन दिया एवं उपस्थित लोगों ने मनिका विधायक श्री सिंह को बिजली विभाग की लापरवाही से अवगत भी कराया ग्रामीणों ने विधायक श्री सिंह को बताया कि मनिका प्रखंड क्षेत्र में लगातार बिजली की चपेट में आने से कई लोगों की मौत होती रहती है ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार की संध्या लगभग 3:00 बजे बिजली की चपेट में आने से पलामू के सतबरवा निवासी राजू सिंह नामक एक व्यक्ति की मौत हो गई प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने मनिका विधायक श्री सिंह से बिजली की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है मौके पर उमाशंकर गुप्ता अजय कुमार अभय कुमार राजीव रंजन कुमार दीपू कुमार मंटू कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणपति विसर्जन जुलूस में धूम



**महुआडांड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत गणेश पूजा पूरे धूमधाम के साथ रविवार को विसर्जन हुआ। वहीं गणेश पूजा में पांच दिवसीय कार्य कर्म होता है। आर्यन संघ एवम् नवयुवक ने रविवार को पूरे धूम धाम से विसर्जन जुलूस निकाला वही पूरे बाजार में भ्रमण करते हुए विसर्जन किया गया। गण पति बप्पा मोरया की नारा से गूंजा महुआडांड़। हर साल महुआडांड़ में पूरे हर्षोल्लास के युवक मानते है। पप्पू कुमार ने बताया कि हम लोग पूरे धूम धाम के साथ विसर्जन कर रहे है। वहीं आर्यन संघ के पंकज दास बाबू ने बताया कि हम सभी सदस्य हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी पूरे धूम धाम से मनाया। महुआडांड़ पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी किसी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना ना हो। डीजे के धुन से थिरके भक्त गणपति के धुन हर तरफ सुनाई दे रही थी। मौके में नवयुवक संघ के पप्पू कुमार, सूरज कुमार, विकास कुमार( छोटू), शुभम गुप्ता, भोला बड़ाईक (बड़ाईक बाबू) अभिषेक सोनी, अंकित कुमार, रिंकू कुमार, विनीत पाठक, शुभम जायसवाल, हिमांशु कुमार, रोहित गुप्ता, जयदीप गुप्ता, दीना गुप्ता, राहुल सोनी, शशि कुमार, रोहित कुमार, प्रीतम गुप्ता, सूरज सोनी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मजदूर की ट्रेन में हुई मौत पर मंत्री ने किया शोक व्यक्त आर्थिक सहायता के साथ मुआवजा का भी आश्वासन



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रतापपुर प्रखंड के हुमाजांग लिप्ता के मजदुर रामस्वरूप दास का हरियाणा जाने क्रम में ट्रेन मे मौत हो गई थी। मजदुर की मौत पर राज्य के श्रम नियोजन प्रशिक्षण सह कौशल विकास मंत्री संत्यानंन्द भोक्ता ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मंत्री ने कहा है कि मजदुर रामस्वरूप दास के शोकाकुल परिवार के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा।उनके अंत्योष्ठी कार्यक्रम के लिए दस हजार रुपये एवं श्रम नियोजन विभाग से मृतक परिवार के 50 हजार रूपये लाभ दिया जाएगा।मालूम हो की शुक्रवार को लिप्ता के मजदुर रामस्वरूप दास मजदुरी करने के लिए हरियाणा जा रहे थे।इस दौरान ट्रेन में अचानक पेट में दर्द के साथ मुह से खून निकाला था जिसके बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।यह जानकारी जिला मंत्री प्रतिनिधी भोला प्रसाद ने दी है।

## करमा की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के दिवाकर नगर स्थित सरना भवन में रविवार को कर्मा के पूर्व संध्या के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत करमा डाल की विधिवत पूजा अर्चना कर की गई। मौके पर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए हुए समूह ने पारंपरिक वेशभूषा में कार्यक्रम भाग लिया और मांडर की थाप पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। मौके पर बोलते हुए जिला पहला राजा प्रभु दयाल उरांव ने कहा की करमा पर्व भाई बहनों के प्रेम का प्रतीक का त्यौहार है। इस समाज के लोग विधिवत तरीके से मनाये। करमा पर्व आदिवासी संस्कृति की पहचान है ।झामुमो प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव ने कहा कि करमा पर्व भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। उन्होंने समाज के लोगों से नशापान से दूर रहने की अपील किया। वही शेरेगड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया सुरेंद्र उराँव ने कहा कि करमा का त्योहार आदिवासी संस्कृति को नवजीवन देता है। इससे पर्यावरण में भी शुद्धता रहती है। आदिवासी समाज को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक परंपरा को भी बनाए रखने की जरूरत है। मौके पर रामवृक्ष भोक्ता, प्रमोद उरांव, बलराम उरांव, रामलाल भगत, रूपो उरांव, रुपाली भगत, रीना उरांव, सुखदेव भगत, शुक्ल भगत, राजू भगत, चमन भोक्ता, सुरेश उरांव, उर्मिला उरांव, तेतर उरांव, संतु उराँव, श्याम सुंदर यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने लोहिया भवन के मरम्मती कार्य का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मनिका :** मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने रविवार को मनिका स्थित लोहिया भवन का मरोमति कार्य का नारियल फोड़कर एवं शिलापट अनावरण कर शिलान्यास किया।विधायक श्री सिंह ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि हम लोगों को विकास में बाधा कोरोना बनी है लेकिन जो भी समय शेष बचा हुआ है उसमें हमारे द्वारा पूरा प्रयास की जा रही है कि अपने विधानसभा क्षेत्र का पूर्ण रूप से विकास करें उन्होंने कहा की मनिका प्रखंड क्षेत्र में शादी विवाह करने के लिए कोई भी स्थान अभी उचित नहीं है लोहिया भवन के बगल में एक नया भवन का भी निर्माण कराई जाएगी।एवं चार दिवारी का भी निर्माण कराया जाएगा जिससे आने वाले भविष्य में मनिका प्रखंड क्षेत्र के लोगों को शादी विवाह करने में काफी सहूलियत मिलेगी मौके पर मनिका विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव प्रखंड विश्व सूती अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान राजीव रंजन कुमार सुरेंद्र भारती कामेश्वर प्रसाद यादव विंद बिहारी प्रसाद यादव तस्लीम अंसारी कलाम अंसारी ओम प्रकाश यादव मिथिलेश पासवान सत्तार अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

## शराब के नसे में धुत युवक ने दीपक बिरहोर को मौत के घाट उतारा

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** टंडवा प्रखंड अंतर्गत ग्राम कोयद के बिरहोर टोला में शनिवार की शाम विजय उर्फ लंबू बिरहोर ने अपने ही टोले के दीपक बिरहोर को सीने में चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना को लेकर मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि विजय उर्फ लंबू बिरहोर के ससुर एवम् साला आए हुए थे, घर में मुर्गा बना हुआ था। लंबू बिरहोर मेहमान नवाजी के लिए गोडवार शराब लाने गया, और वहीं से वह शराब पीकर भी आया। जिसके बाद दीपक बिरहोर से शराब लाने जाने को लेकर मोटर साइकिल मांगे जाने व मोटर साइकिल नही दिए जाने को लेकर उलझ गया। दोनो में बात बढ़ गई, जिसपर लंबू बिरहोर ने नसे के धुत में आवेश में आकर दीपक बिरहोर के सीने में चाकू से वार कर दिया। जिसके बाद आस पास के लोगों ने इस घटना की जानकारी सराधु पुलिस पिकेट प्रभारी राजेश राम को दिया। पिकेट प्रभारी ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस बुलाकर घायल दीपक बिरहोर को समुदायिक स्वास्थ केन्द्र टंडवा भेजा परन्तु डाक्टर जय नारायण ने बताया कि इसकी मौत कुछ देर पहले ही हो चुका है। इस घटना को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने बताया कि,अपराधी विजय उर्फ लंबू बिरहोर के खिलाप टंडवा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है एवम् गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार की बैठक हुई आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) राँची के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में डिस्ट्रीक्ट लेवल वर्कशॉप ऑन एम0ए0सी0टी0 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अमित कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, लातेहार, मो0 नसीर अहमद, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार, स्वाति विजय उपाध्याय सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार, सुरेन्द्र कुमार सिंह जिला परिवहन पदाधिकारी,संतोष कुमार मिश्रा, अनुमंडल पुलिस अधिकारी, लातेहार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में अमित कुमार, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय, लातेहार ने वाहन दुर्घटना दावावाद से संबंधित मुआवजा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मो0 नसीर अहमद, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी लातेहार ने एम0ए0सी0टी0 पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब भी कोई दुर्घटना घटित होती है तो प्राथमिकता के तौर पर दुर्घटना प्रभावित व्यक्ति की जान बचाने का प्रयास होना चाहिए। दुर्घटना से प्रभावीत पीडित्त परिवार की स्थिति काफी दयनीय हो जाती है, ऐसे मे पुलिस इन्वेस्टिगेशन निर्धारित समय सीमा के अंदर सारे दस्तावेज संबंधित न्यायालय को सौंप दे ताकि आगे की न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर पीडित्त परिवार को न्याय दिला सके एवं समुचित मुआवजा की राशि का आँकलन भी एम0ए0सी0टी0 द्वारा किया जा सके।

## राजद के पंचायत कमेटी का विस्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** रविवार को राजद प्रखंड अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव के अगुवाई में प्रखंड के केचकी पंचायत में बैठक कर पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत अध्यक्ष के रूप में विनय कुमार सिंह को चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष गुड्डू यादव, शुकुल सिंह, महासचिव नागेन्द्र सिंह, रमेश सिंह, सचिव प्रभु सिंह, कृष्णा सिंह, महिला पंचायत अध्यक्ष सुषमा देवी, युवा अध्यक्ष अक्षय कुमार कार्यकारिणी सदस्य रघुनाथ सिंह उपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, बीरबल राम, फुला देवी, पुना देवी, बेबी देवी, गुपतेश्वर सिंह के रूप में शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय जनता दल जिला महासचिव निशार अहमद, जिला सचिव जगनारायण माली, जिला कार्यकारिणी सदस्य अमेरिका सिंह, प्रखण्ड महासचिव रविन्द्र प्रसाद सोनी, दलित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उमेश कुमार रवि, प्रखण्ड सचिव अखिलेश पासवान, रमेश सिंह, लालविहारी सिंह, देवराज भुईयां, भागरती सिंह प्रसाद परहिया व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 12 बोरा डोडा लदा सवारी वाहन जब्त, मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** कुन्दा थाना पुलिस को तस्करों के विरुद्ध बड़ी सफलता मिली है। कुन्दा थाना क्षेत्र के बनियाडीह जंगल से 12 बोरा डोडा लदा सवारी वाहन को जब्त किया गया है। थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह ने बताया की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की भारी मात्रा में डोडा लदा वाहन कुन्दा मुख्य सड़क में सनबोर्ड के समीप खड़ी है। वही सूचना की सत्यापन को लेकर एक टीम गठित की गई थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम जब मौके पर पहुँची तो तस्कर वाहन लेकर भागने लगे। जिसे चिलोई जाने वाली मुख्य सड़क से 1 किमी की दूरी पर बनियाडीह से सवारी वाहन JH11E 0802 में लदा कुल 12 बोरा में 238 किलोग्राम डोडा बरामद किया गया। वही तस्करों की पहचान की जा रही है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। छापामारी अभियान में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, थाना प्रभारी कौशल कुमार सिंह व जिला बल के जवान शामिल थे।

## बर्जर पेंट कम्पनी ने कारीगरों के साथ किया बैठक




**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला मुख्यालय के एसपी आवास के सामने श्री विनायक होटल में बर्जर पेंट कम्पनी लिमिटेड की बैठक क्षेत्र के कारीगरों के साथ की गयी। जिसमें क्षेत्र के दर्जनों कारीगर मौजूद हुए। यह बैठक बर्जर के प्रोप्राइटर नमीरा इंटरप्राइजेज के सौजन्य से की गयी। कम्पनी के एरिया सेल्स मैनेजर दीपक कुमार और सेल्स ऑफिसर राजिव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि बर्जर कम्पनी के पेंट ,पुट्टी एवं अन्य सामग्री अन्य कम्पनियों से बेहतर है। इससे किसी तरह का दीवाल में नुकशान नहीं बल्कि ज्यादा टिकाऊ व देखने में शानदार लगता है। कारीगरों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग बर्जर कम्पनी का ज्यादा से ज्यादा पेंट पुट्टी का इस्तेमाल दीवारों के लिए कीजिए। वहीं नमीरा इंटरप्राइजेज कम्पनी के मो नेशारुद्दीन ने बताया कि हमारा बर्जर कम्पनी का शाखा चतरा, सिमरिया,धनगड़ा,मिस्त्रौल, टंडवा में मौजूद है। ग्राहकों के बेहतर सुविधा के लिए मेरा स्टाफ हमेशा 24 घण्टे मौजूद है। ग्राहकों के लिए होम डिलेवरी की भी सुविधाएं मौजूद है। मौके पर मो कारी शहाबुद्दीन, धनन्जय कुमार, रवि कुमार के अलावे दर्जनों कारीगर एवं कम्पनी के स्टॉफ मौजूद थे।

# आरएनएम कॉलेज में एनएसएस दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** राम नारायण मेमोरियल डिग्री महाविद्यालय के सभागार में एनएसएस के बैनर तले एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर आयोजित की गई।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह ने किया।कार्यक्रम का शुभ आरंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत एवं क्लैपिंग से किया गया। सभा को संबोधित करते हुए एनएसएस पीओ डॉक्टर फहीम अहमद ने एनएसएस के बाबत बताया की 24 सितंबर 1969 को तत्कालीन केंद्रीय शिक्षा मंत्री वीकेआरवी राव ने सभी राज्यों के 37 विश्विधालयों में एनएसएस कार्यक्रम की शुरुआत की ताकि शिक्षा के साथद्व साथ छात्र एवं छात्राओं में राष्ट्र सेवा के प्रति सेवा का भाव उत्पन्न किया जाए। उन्होंने ने ही राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी के अवसर पर यह एनएसएस दिवस मनाए जाने का फैसला लिया था।इसका लोगो उड़ीसा के कोणार्क के सूर्य मंदिर के विशाल रथ के पहिये से लिया गया है। यह प्रतीक बताता है कि आठो पहर यानी चौबीस घंटा सजग एवं सचेत रहना है राष्ट्र सेवा के लिए।पहिए का लाल और नीला रंग स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण समाजिक गतिविधियों के लिए सक्रिय और ऊर्जावन होने के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौका पर स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से एनएसएस का राष्ट्र निर्माण में योगदान दिखा कर बताया गया। एनएसएस के सर्टिफिकेट की महत्ता पर भी प्रकाश डाला गया। मेरी माटी मेरा देश और स्वच्छता का शपथ दिलाया गया एवं राष्ट्र निर्माण में अपने कर्तव्यों और दायित्व का बोध भी कराया गया। लक्ष्य गीत स्नेह लता,स्वाति कुमारी, अनुप्रिया कौर और चिंकू कुमारी ने संयुक्त रूप से पढ़ी और शपथ दिलाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ऋषभ राज गुप्ता, सौरभ कुमार, नीतीश कुमार, शिव पूजन कुमार, उपेंद्र कुमार, जयजित सिंह और विक्की कुमार ने महती भूमिका निभाई।

## श्री गणेश महोत्सव चुन्द्रु धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड के सुप्रसिद्ध चंदरु धाम परिसर में आयोजित दस दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालु महोत्सव में पहुँच कर सुबह शाम भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा अर्चना में शामिल हो रहे हैं। वृंदावन से आई श्रीराम कथा वाचिका राघव प्रिया ओझा द्वारा श्रीराम कथा प्रस्तुत की जा रही है। श्री राम कथा सुनने के लिए श्रद्धालु देर रात तक जमे रहते हैं। मेला में लगे छोटे बड़े झुला के अलावे ब्रेक डांस, मौत का कुआं, ड्रेगन ट्रेन, मिक्की माउस,नाव झूला,मीना बाजार समेत खाने के लिए कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों का स्टॉल भी लगा हुआ है जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। समिति के अध्यक्ष जागेश्वर दास ने बताया की 24 सितंबर शाम को वृंदावन से आई श्री राम कथा वाचिका राघवप्रिया के कथा प्रवचन प्रस्तुति समाप्ति के बाद सरोज कुमार लक्खा एंड ग्रुप (बंगाल) के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम आयोजन किया गया है। 25 को कथा वाचिका साध्वी राघव प्रिया ओझा तथा बनारस के ग्रुप सहयोगियों के द्वारा संध्या 7:00 बजे से लेकर रात्रि के 10:00 बजे तक कथा प्रवचन कार्यक्रम किया जाएगा। 26 सितंबर को पोकला उर्फ कसियाडीह पंचायत के मुखिया पति सह समाजसेवी गोपाल महतो के सौजन्य से अनिल राजा एवं गायिका स्वीटी राज राँची के द्वारा भक्ति जागरण एवं रंगा -रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 27 सितंबर को सुदेश सिंह बंगाल ग्रुप की और से जागरण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। 28 सितंबर को गायिका नेहा राज बनारस के द्वारा भक्ति जागरण एवं रंगा -रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम उच्चतम न्यायालय दिल्ली, के अधिवक्ता सह चतरा लोक सभा क्षेत्र के अगामी उम्मीदवार सत्येन श्रीवास्तव के सौजन्य से किया जा रहा है। 29 सितंबर को दोपहर दो बजे श्री गणेश भगवान के विसर्जन का अंतिम कार्यक्रम विधिवत पूर्वक संपन्न होना तय हुआ है। महोत्सव को सफल बनाने को लेकर समिति के तमाम पदाधिकारीयों और पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा का व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इतना ही नहीं पुलिस द्वारा सिविल ड्रेस में भी कई जवान मेला परिषद आयोजन परिषद में मौजूद रहते हैं। इस महोत्सव के सफल आयोजन के लिए समिति के अध्यक्ष जागेश्वर दास व सचिव रामदेव पासवान, कोषाध्यक्ष कुंदन पासवान सहित समिति के पदाधिकारियों द्वारा कड़ी मेहनत किया जा रहा है।

## यादव समाज का पंचायत स्तरीय किया गया पुनर्गठन अध्यक्ष बने संजय



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत यदुवंशी समाज के लोगों का जिला से लेकर प्रखंड पंचायत स्तरीय पुनर्गठन किया जा रहा है। जिसे लेकर रविवार को पहरा पंचायत के प्रतिनिधि के लिए यदुवंशी समाज के लोगों ने केंदुआ गांव के सामूहिक चबूतरा पर एक बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता हरिनंदन यादव ने किया। एवं संचालन अर्जुन यादव ने किया। सर्व समिति से पहरा पंचायत के लिए अध्यक्ष केंदुआ निवासी संजय यादव को चयन किया गया। एवं सचिव धर्मदेव यादव उपाध्यक्ष रोहन यादव कोषाध्यक्ष विनोद यादव को चयन किया गया। चयनित प्रतिनिधियों को पुष्पमाला पहनकर यादव समाज के लोगों ने स्वागत किया। समाज के देखरेख और उत्थान के लिए इन्हें समाज की ओर से जिमा दिया गया है। मौके पर रामदेव यादव कोमल यादव रामविलास यादव नरेश यादव खिरू यादव एवं दर्जनों यादव परिवार के लोग उपस्थित थे।

# बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पैसरा में मां मनसा पूजा को ले कर भव्य कलश यात्रा निकाली गयी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा(हजारीबाग):** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पैसरा में आज मनसा देवी पूजा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई.गांव की 551 महिलाएं एवम कुंआरी कन्याएं कलशयात्रा मे शामिल.कलशयात्रा के साथ मां मनसा देवी पूजन कि आज से विधिवत शुरूआत हो गई.विदित हो कि तय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मनसा पूजा दिनांक 29 सितंबर तक चलेंगी।दिनांक 27 सितंबर को सुबह प्राण प्रतिष्ठा,ग्राम देवता पूजन एवम झाँकी का कार्यक्रम,दिनांक 28 सितंबर को कन्या पूजन भंडारा एवम भक्ति जागरण और 29 सितंबर को सुबह हवन आहुति यज्ञ शाम में मेला का आयोजन और भक्ति जागरण पश्चात रात्रि में मूर्ति विसर्जन होगा।इस



मौके पर माननीय विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, जिला परिषद् सदस्य प्रेरणा प्रिया उप प्रमुख श्री मति सुरजी देवी,बरकट्ठा दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि सी.के पाण्डेय,प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल,मुखिया चिंता देवी,नेता गौतम कुमार,पूर्व मुखिया अशोक रविदास, वरिष्ठ कांग्रेसी मनी लाल चौधरी,समाजसेवी संजय साव दुर्गा चौधर मनोहर चौधरी, युगल राम,अर्जुन रविदास, रवि पासवान, रीतलाल चौधरी, मण्डल अध्यक्ष तुकलाल नायक रीतलाल मण्डल, शिक्षक मधुसूदन प्रसाद, यमुना साव,छोटीलाल मेहता महेंद्र प्रसाद जागेश्वर प्रसाद, नंदलाल मण्डल, छोटी यादव, खुबलाल महतो, हीरालाल महतो, ग्रामीण भीखन यादव पुरुषोत्तम कुमार बुटुलाल महतो द्वारिका महतो, भुनेश्वर प्रसाद शंकर दयाल प्रसाद, छात्रधारी महतो, नारायण पासावान श्यामलाल ठाकुर, अर्जुन ठाकर, दिनेश यादव, सूरज कुमार, नरेश कुमार, राजकुमार रविदास, शंकर प्रसाद रामचंद्र प्रसाद कामेश्वर प्रसाद, देवेंद्र प्रसाद, नृपत महतो बैजु महतो, लेखराज, चूरामन महतो, करू रजक, राजू प्रसाद, मनोज कुमार, टेकामन महतो टुकलाल महतो, माला कुमारी, गीता देवी शकुंतला देवी फुलवा देवी पार्वती देवी पेमिया देवी एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 02 का विशेष शिविर का चेटर में हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राष्ट्रीय सेवा योजना रामगढ़ महाविद्यालय इकाई 02 का विशेष शिविर रामगढ नगर परिषद क्षेत्र के चेटर गांव में आयोजित किया गया। शिविर के प्रथम दिन शिविर का उद्घाटन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि हिंडाल्को के हेड सीएसआर नीरज कुमार एंव विशिष्ट अतिथि पार्षद प्रतिनिधि अरविंद महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ अनामिका एवं संचालन पूर्व टीम लीडर विकास कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों लक्ष्य गीत गाकर किया गया। स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए नीरज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज सेवा करने का अवसर मिलता है। बच्चों को समाजसेवा के प्रति जागरूक करना ही एनएसएस का उद्देश्य है।उन्होंने बच्चों से बड़ों का सम्मान करने, व्यवहार कुशलता व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पार्षद प्रतिनिधि अरविंद महतो ने छात्र-छात्राओं को चरित्र व आचरण के विषय में बताया। कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन का होना अत्यंत आवश्यक है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम छात्र-छात्राओं को चरित्र निर्माण के लिए नए अवसर मिलते हैं।

# बरकाकाना में इस्लामी क्विज का शानदार आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** मिल्लत ए इस्लामिया मरकज बरकाकाना एरिया कमेटी की जानिब से दुर्गी मदरसा कैम्पस में इस्लामी मालूमात पर आधारित सवाल व जवाब मुकाबला (क्विज) का आयोजन किया गया । उसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। मुकाबला में जिला स्तर के मदरसे और इलाके के मकातीब के दस दस विद्यार्थियों ने भाग लिया। मदरसा और मकतब के विद्यार्थियों का अलग अलग मुक़ाबला कराया गया। कार्यक्रम का आगाज कुरान पाक की तिलावत से किया गया। प्रोग्राम की सदारत मुफ्ती अब्दुल कुदूस मिसबाही ने की और सांचालन प्रो शाहनवाज खान और मौलाना इकबाल मिसबाही ने किया। प्रोग्राम के आयोजन का नेतृत्व मिल्लत ए इस्लामिया मरकज के सरपरस्त हाजी खलील, सदर हाजी ताहिर हुसैन सचिव प्रो शाहनवाज खान खजांची नसीम अख्तर ने किया। मदरसे के मुकाबले में प्रथम मदरसा अहले सुन्नत दुर्गी, द्वितीय मदरसा बागे रसूल नईसराय, तृतीय मदरसा अरबिया गरीब नवाज पतरातु , चौथे स्थान पर मदरसा जामिया हाफिजिया रतवे और मदरसा गुलशन ए रजा तोपा पांचवे स्थान प्राप्त किए किए। जबकि मकातीब के मुकाबले प्रथम बरकाकाना मकतब, द्वितीय केहुवापतरा मकतब, तृतीय घुटूवा मकतब, चौथे मिल्लत एकादमी दुर्गी और दुर्गी मकतब पांचवें स्थान प्राप्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### पार्टी पदाधिकारियों के मनोनयन पर जदयू में हर्ष

**हजारीबाग :** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला उपाध्यक्ष के पद पर भीम मेहता,जिला महासचिव बसंत मेहता, जिला सचिव मनीरूद्दीन अंसारी एवं जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष साबिर खान के मनोनयन पर जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग में हर्ष का माहौल है ।इनकी नियुक्ति पर मिथिलेश सिंह प्रदेश सचिव ने पूरी पार्टी की ओर से इन सभी नेताओं को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि आशा है इन सभी नेताओं के नेतृत्व में पार्टी मजबूत और धारदार होगी।इस संदर्भ में प्रदेश सचिव ने कहा कि जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के नेतृत्व में इस विस्तार से पार्टी को ज्यादा बल मिलेगा।

### स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू

**बरही (हजारीबाग):** भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साहू झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से मिले। मौके पर उन्होंने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में डॉक्टरों की कमी से अवगत कराते हुवे कहा की बरही अनुमंडलीय अस्पताल में 12 डॉक्टरों की जरूरत है, लेकिन वर्तमान में मात्र 3 डॉक्टर ही उपलब्ध है, जिससे मरीजों को काफी परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्होंने बताया की मंत्री ने आश्वासन दिया की जल्द डॉक्टरों की समस्या को दूर कर दिया जायेगा।

### एक्सपोजर विजिट पुणे के लिए प्रमुख जैबुन निशा का चयन

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड सरकार पंचायती राज्य विभाग ने विशेष उद्देश्य से राज्य के विभिन्न प्रखंडों से प्रखंड प्रमुख(जनप्रतिनिधियों) को यशदा,पुणे में एक्सपोजर विजिट के लिए चयनित किया गया। झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के द्वारा हजारीबाग जिले की विष्णुगढ़ पंचायत समिति प्रमुख जैबुन निशा को चयनित किया गया ।जारी सूची में पंचायत समिति के सदस्यो को दिनांक 02 अक्तूबर 2023 से 06 अक्टूबर 2023 तक चयनित प्रखंड प्रमुखों को पुणे में प्रखंड स्तर पर विशेष कार्य से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जायेगा।इसके पश्चात झारखण्ड पंचायती राज विभाग राज्य स्तर पर इसका लाभ लेगी।विष्णुगढ़ प्रखंड से प्रमुख जैबुन निशा के चयन पर विष्णुगढ़ वासियो ने बधाई देते हुए प्रखण्ड के विकास में योगदान देने की बात कही ।

### मजदूरों की मजदूरी भुगतान को लेकर आवेदन

**कुजू :** सीसीएल तोपा परियोजना के रोड सेल में पुनः हैंड लोडिंग चालू कराने तथा दंगल मजदूरों को उनकी मजदूरी भुगतान हाथों हाथ करने की मांग को लेकर रैयत विस्थापित प्रभावित मजदूर मोर्चा अध्यक्ष किशोर करमाली ने तोपा परियोजना पदाधिकारी को आवेदन पत्र दिया है। जिसमें कहा है कि उक्त मांगों को लेकर परियोजना से लेकर क्षेत्रीय स्तर पर संबंधित कोयला अधिकारियों को अनेकों बार पत्र लिखा गया। हर बार केवल प्रबंधन ने आश्वासन देते हुए मात्र छलने का काम किया है। मोर्चा ने मजदूरों की मांगों को दिलाने के लिए 29 सितंबर से आंदोलन करने का निर्णय लिया है।

# झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के बैनर तले करम महोत्सव का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरकट्ठा :** झारखंड भाषा खतियानी संघर्ष समिति के द्वारा गोरहर में प्रकृति पर्व करम पूजा के नहाय खाय के शुभ अवसर पर करम महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बरही विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी संजय मेहता, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, महेन्द्र कुमार, पं.स.स लखन कुमार, सुरेश कुमार पाण्डेय, प्रमोद यादव, रवि कुमार,भोला सिंह, अनिल पटेल, श्याम सुंदर महतो, बैजनाथ महतो, प्रेमचंद महतो, कुलदीप महतो, प्रदीप कुमार,छोटन महतो,अंतु महतो, बिनोद पासवान, दीपक पासवान, राकेश महतो, अभय पाण्डेय, रिंकु माली, देवचन्द महतो,गणमान्य समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, युवा साथी एवं हजारों की संख्या में महिला एवं पुरूष शामिल हुये।

# लुपुंग में विधायक ने आरईओ की 02 पथों का किया शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत लूपुंग में ग्रामीण कार्य विभाग के क़रीब 3.5 करोड़ रुपए की राशि के करीब 4.7 किमी की दो प्रमुख सड़कों का विधिवत शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर किया। इन दो पथों में लुपुंग शिव मंदिर चौक से पीडब्ल्यूडी रोड़ तक भाया श्मशान घाट तक पथ निर्माण कार्य (लंबाई 1.5 किमी)और लुपुंग मंदिर चौक से भदैया नदी तक पथ निर्माण कार्य (लंबाई 3.2 किमी) शामिल है। इन दोनों पथों के निर्माण में कुल 11 पुलिया और करीब 430 मीटर गार्डवाल का भी निर्माण होगा। आरईओ से बनने वाले



इन दोनों ग्रामीण पथों की गुणवत्ता पीडब्ल्यूडी सड़क के अनुरूप ही होगी । सड़क शिलान्यास के बाद विधायक मनीष जायसवाल ने ग्रामीणों के आग्रह पर लुपुंग ग्राम स्थित कुम्हारटोली मुहल्ले के सड़क पर जल जमाव की समस्या का खुद स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया ।

# खनन विभाग की कारवाई, तीन वाहनों को जब्त कर चालक को किया गया गिरफ्तार




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में खान निरीक्षक,एसीएफ हजारीबाग तथा बड़कागांव एवं सदर प्रक्षेत्र के वनकर्मी के द्वारा गत रात्रि संयुक्त जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर मुकुंदगंज चौक के पास बड़कागांव की तरफ से आ रही तीन हाईवा संख्या JH02R9629, JH02P2423 एवं JH02X1633 को अवैध रूप से बालू खनिज का परिवहन करने के बाबत जब्त करते हुए दो वाहन चालक दुलारचन्द्र कुमार मेहता एवं रोहित कुमार को गिरफ्तार कर अवैध कार्य में लिप्त बालू कारोबारी यदु प्रसाद दाँगी एवं अनिल कुमार पर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया।

# उरीमारी में सड़क पर गढ्ढा बना जी का जंजाल, वन-वे होकर चल रही है गाड़ियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के सिद्धो-कान्हू चौक स्थित सीसीएल के काटाघर के समीप सड़क पर गढ्ढा जी का जंजाल बन गया है।आये दिन वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है,एसा ही कुछ मामला रविवार को देखने के लिए मिला,यह सडक भुरकुंडा से बड़कागांव को जोडने वाली मुख्य सडक है,और इस सडक पर सीसीएल बरका सयाल क्षेत्र की रोजदिन सैकडो गाडिया चलती है।वही सबसे मुख्य बात यह है की इसी सडक से सीसीएल की तीन बडी परियोजनाओ से कोयला ट्रांसपोर्टिंग होती है। जिससे सीसीएल हमेशा मुनाफे मे रहती है। वही उरीमारी कांटा घर के समीप तीन जगहों पर तीन फीट के गढ्ढे बन गये है जिससे राहगीरो को काफी परेशानी का शामना करना पड रहा है। खासकर दो पहिया वाहनों को और स्कुली बसो को सडक पार करने मे कठिनाइ हो रही है।खासकर बरसात के दिनो मे



इन गढ्ढो मे पानी भर जाने के कारण बाइक सवार असंतुलित होकर गिर जा रहे हैं। वही दुसरी तरफ उरीमारी के कांटा घर के समीप आयदिन वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है वाहनों के ड्राईवर गड्ढे से बचने के लिए वाहनों को जहा तहा खडा कर देते है,वही सीसीएल के सुरक्षा गार्ड कांटा घर के आफिस में बैठकर तमाशाबीन देखते रहते है। वही सडक जाम होने से राहगीरो को वनवे होकर जाना पड रहा हैं।

# सड़क निर्माण में तेजी आए उसके लिए विभागीय अधिकारियों को दिए गए हैं निर्देश : अंबा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** मतकमा चौक से ओरमांझी तक की सड़क निर्माण में हो रही लेट लतीफी पर विधायक अंबा प्रसाद ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क का निर्माण कार्य में देरी होने पर ग्रामीणों को घोर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। मेरे द्वारा पूर्व में भी कई बार विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया है इसे जिला स्तरीय बैठकों में भी कई बार उठाया गया है। सड़क का निर्माण कार्य कर रहे संवेदक को उचित दिशा निर्देश विभाग के अधिकारियों द्वारा पुनः



मिले, इसके लिए पहल की जाएगी, बन रही सड़क काफी लंबी है, निर्माण कार्य ससमय पूर्ण हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। वहीं विधायक ने कहा कि संवेदक कार्य को ससमय पूर्ण करें अन्यथा संवेदक के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# आजसू पार्टी ने बिनोद बिहारी महतो की जयन्ती मनाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय में ब्लॉक रोड स्थित शिव प्रसाद महतो के आवास में झारखंड आंदोलन के सच्चे और जमीन से जुड़े जन योद्धा व शिवाजी समाज के संस्थापक अध्यक्ष स्व.बिनोद बिहारी महतो उर्फ बिनोद बाबू को उनकी जयंती पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। आजसू पार्टी ने श्रद्धांजलि देकर बिनोद बाबू के सपनों का झारखंड बनाने के लिए संकल्प लिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने कहा कि जिस झारखंड में आज हम सब है,इसकी परिकल्पना बिनोद बाबू ने की थी। जिसका प्रतिफल झारखण्ड अलग राज्य के रूप में हम सब को मिला है। अलग राज्य का सपना तो पूरा हुआ परन्तु जनाक्षाएँ अभी पूरी नही हुई,रोजगार के लिए झारखंड वासियों को अभी भी दूसरे राज्यो में भटकना पड़ता है।जिला सचिव महादेव देहाती ने कहा कि बिनोद बाबू ने झारखंड राज्य अलग आंदोलन के साथ पढ़ो ओर लड़ो के नारे को बुलंद किये थे। उनके यह आज भी हमसबो को प्रेरणा देती हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव रंजीत गुप्ता,प्रखंड कोषाध्यक्ष दीपु अकेला, प्रखंड उपाध्यक्ष गौतम वर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष दामोदर महतो, बाबू खान,सुधीर कुमार, शिव प्रसाद महतो,कपिल देव कुमार, सतीश राम, राजू यादव, सूरज कुमार, राकेश कुमार सहित दर्जनों उपस्थित थे।

# वार्ता सफल नहीं हुआ तो होगा जोरदार आंदोलन : मोर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातु :** कटिया सरना काली मंदिर परिसर में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद तथा संचालन भुवनेश्वर महतो व किशोर कुमार महतो द्वारा किया गया बैठक में मनमाने ढंग से पीवीयूएन प्रबंधन द्वारा बहाली के विरोध एवं अन्य समस्याओं को लेकर अपनी मांगों से सम्बंधित गत 15 सितम्बर 2023 को सौंपे गए ज्ञापन के आलोक में 25 सितम्बर 2023 को प्रस्तावित वार्ता के संदर्भ में विचार मंथन किया गया। बैठक के माध्यम से प्रबंधन के इस सकारात्मक पहल का स्वागत किया गया। उम्मीद व्यक्त किया गया कि उक्त प्रस्तावित वार्ता से समस्याओं का ठोस और व्यापक हल निकालने का काम प्रबंधन द्वारा किया जायेगा। उम्मीद यह भी है कि वार्ता सौहार्द पूर्ण माहौल में होगा। कहा गया कि मोर्चा अपने मुद्दों पर सशक्त तरिके से अपनी बातों को रखने के लिए तैयार है। यदि हल नहीं निकला तो आगामी 29 सितम्बर से जोरदार आंदोलन के लिए भी सभी गावों में तैयारी हो चुकी है,मानसिक रुप से सभी ग्रामीण तैयार हैं। बैठक में राजा राम प्रसाद, अब्दुल क्यूम अंसारी, प्रदीप महतो, कोलेश्वर महतो, राकेश,रौकी मुंडा,प्रकाश कुमार, रवि, वरुण कुमार आदि सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित हुए।

# दुर्गा पूजा में हजारों की संख्या में बरही पहुंचते हैं भक्त बरही चौक पर फैले गंदगी से क्या मिलेंगी सीख

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** एशिया का दूसरा बड़ा चौक बरही स्वच्छता के मायने में काफी पीछे है। तीन राजमार्गों का संगम स्थल बरही चौक व चारो मार्गो में गंदगी का आलम है। एक और पूरे झारखंड में डेंगू जैसे महामारी तेजी से फैल रही है, जो चिंता का विषय है। इस तरह से गंदगी रहेंगी तो क्या हाल होंगा, बरही वासियों को डर समाने लगा है। हालांकि गंदगी फैलाने में कुछ बरही वासियों का भी हाथ है, जिसमे ठेले लगाने वाले लोग ज्यादा शामिल है, इसका विरोध करने वाले कोई नही है। पहले समय समय पर स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से साफ सफाई होते रहता था, लेकिन अब कई दिनों से नहीं हो रहा है जिसके कारण गंदगी का अंबार हो गया है। इस साल दुर्गा पूजा वैसे तो 15 अक्टूबर को कलश स्थापना के साथ शुरू हो जायेगी।



बता दे की दुर्गा पूजा में बरही में विभिन्न गांव से हजारों की संख्या में भक्त रावण दहन व दुर्गा पंडालों को देखने व पूजा पाठ करने बरही आते है। यदि बरही चौक व इसके आस पास में इतना गंदगी को देखेंगे तो क्या सीखेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक पदाधिकारी पूरी तरह से बेखबर है। यदि समय रहते बरही चौक समेत चारो रोड में फैले कूड़े कचरे को नही हटाया गया तो दुर्गा पूजा के दौरान भक्तो को काफी परेशानी होंगी।

# इचाक हजारीबाग जिला का भ्रष्टतम प्रखंड़ : डॉ आरसी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** विधानसभा कांग्रेस उपविजेता डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने पुराना इचाक पंचायत बंदुवा दर्जी मोहल्ला कुरहा तेतरिया जलौनध इत्यादि गांवो का दौरा कर सैकड़ो लोगों से संपर्क करते हुए, लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहां कि देश को भ्रष्टाचार दीमक से ज्यादा खोखला कर रहा है देश भ्रष्टाचार तंत्र की ओर बढ़ रहा है। हजारीबाग जिला और जिला के इचाक प्रखंड सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार से पीड़ित है, यहां के मठ मंदिर मस्जिद जंगल कब्रिस्तान समशान तक को भ्रष्टाचारी-भुमाफिया लोग के सह पर पणजी टु और खतियान चोरी कराया गया, तदो प्रांरानत जमीन हेरा फेरी किया जा रहा है । आधे जमीन खतियान चोरी के बाद विवादित हो चुका है, चोरी का खुलासा आज तक नहीं हुआ है। पंजी टू आज तक थाने और कोर्ट कचहरी के ठंडा बक्से में रखा गया है ,बंदुवा गांव के गरीब गिरी गोसाई झोपड़ी में रहने को विवश है । यदि सरकार ध्यान नहीं दी तो भूमि विवाद मारपीट में अनेको जाने जा सकती है । सरकार इसे तत्काल संज्ञान में ले कर जनता का कल्याण करें। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन रविदास, कांग्रेस नेता संदीप धवन, बच्चन बिहारी, लाल मंडल, उपाध्यक्ष मौलाना मुख्तार, बृजेश सिंनहा, रंजीत मेहता, अनीता गिरी ,रोहित गिरी सहित सेकडो लोग क्षेत्र भ्रमण में शामिल रहे।

# विधायक के हाथों सोना सोबरन योजना के तहत धोती-साड़ी का हुआ वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर, देवचन्दा, केवाल बिरहोर टोला में रविवार को बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक सह निवेदन समिति सभापति उमाशंकर अकेला के हाथों सोना सोबरन योजना के तहत जरूरतमंद कार्डधारियों के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया गया। इस मौके पर ज़िला परिषद सदस्या मंजू देवी, कांग्रेस पार्टी के ज़िला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, बरही अंचल प्रतिनिधि छोटेलाल यादव, पीडीएस प्रतिनिधि असरफ अली, अशोक सिंह, बिरहोर टोला में पुरुषोत्तम सिंह, शशि जयसवाल सहित कई कार्यकर्ता व कई गणमान्य व्यक्ति, डीलर एवं कार्डधारी मौजूद रहें। इस अवसर पर विधायक अकेला ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सोना-सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए आरंभ किया है। आज भी गांव में गरीब लोगों के पैरों में चप्पल नहीं होते हैं और तन ढकने के लिए कपड़े नहीं होते हैं। इस योजना से गरीबों को लाभ मिलेगा। कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री आमजनों के लिए हमेशा से हितकारी योजनाओं को लाकर गरीबों के लिए सौगात पेश किया है ।

# करियातपुर पंचायत भवन में शौर्य जागरण यात्रा को लेकर हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही(हजारीबाग):** प्रखंड अंतर्गत करियातपुर पंचायत में रविवार को शौर्य जागरण यात्रा के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल का बैठक प्रातः 8 बजे करियातपुर पंचायत भवन में सम्पन हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार एव संचालन प्रखंड सह मंत्री प्रदीप चंद्रवंशी एवं संतोष प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में आगामी 1 अक्टूबर को शौर्य जागरण यात्रा को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। जिसमे लगभग चार हजार से उपर हिंदू जन मानस की भीड़ जुटने की बात कही गई। जिसमे शौर्य जागरण रथ यात्रा का समय सीमा तय किया गया। आगामी 1 अक्टूबर 2023 स्थान दुर्गा मंदिर प्रांगण से प्रातः 6 बजे से प्रातः 9 बजे तक शौर्य जागरण यात्रा निकाला जाएगा। वहीं विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि यह हम लोगों के सौभाग्य की बात है, की रामलला का शौर्य जागरण रथ यात्रा का आयोजन करियातपुर की धरती पर होने जा रहा है।

# संयुक्त मोर्चा द्वारा अरगड्डा आमसभा में प्रबंधन के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष का लिया गया निर्णय

**आज 26 सितंबर को जीएम ऑफिस धरना प्रदर्शन आंदोलन में शामिल होने की किया अपील**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा बाजार बरगद वृक्ष के नीचे संयुक्त मोर्चा के द्वारा रविवार को अरगड्डा क्षेत्र प्रबंधन के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आम सभा आयोजित की गई। अवसर पर सभी से आज सोमवार के जीएम ऑफिस धरना प्रदर्शन आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया। सभा को श्रमिक नेता कन्हैया सिंह, सुशील कुमार सिंह, पुरुषोत्तम पांडे, रंजीत पांडे, नागेश्वर महतो, समसूद खान, समाजसेवी भीम पांडे ने संबोधित किया। कहां गया कि महाप्रबंधक अरगड्डा के द्वारा क्षेत्र के लोगों के लिए जन विरोधी रवैया अपनाया जा रहा हैं। इसके खिलाफ संयुक्त मोर्चा संघर्ष करने को लगातार



तत्पर हैं। बताया कि बिजली, पानी व आवास आदि मूलभूत सुविधाओं से जनमानस को वंचित नहीं किया जा सकता हैं। इसे लेकर महाप्रबंधक अरगड्डा कार्यालय के समक्ष 26 को जन आंदोलन धरना प्रदर्शन के माध्यम से होगा। आमसभा की अगुवाई कमरुद्दीन खान व संचालन दीपक ने किया। मौके पर विनोद पाल, भीम पांडे, साजिद खान, राजेश कुमार, शाहरुख खान, रघुनाथ गोस्वामी, पिंटू केसरी, अरविंद दोषी, जीतू प्रजापति, दिलीप पासवान, छोटू पासवान, हरिश्चंद्र पटेल, राजेश केसरी, छोटू केसरी, विक्रम पटेल, अनिल केसरी, प्रदीप केसरी, आदि थे ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## रामगढ़ में झारखण्ड डेंटल संगठन का दूसरा राज्यस्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को रामगढ़ शहर के सिद्धि विनायक होटल में झारखंड डेंटल संगठन का दूसरा राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन रामगढ़ के प्रसिद्ध दन्त चिकित्सक डॉ अभिषेक कुमार के अध्यक्षता में किया गया । संगठन के अध्यक्ष केंद्रीय अध्यक्ष डॉ राजुद्दीन एवं संयोजक सचिव डॉ राजन कुमार सिंह ने बताया कि जीडीएस का यह दूसरा राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन संगठन के रामगढ़ शाखा के द्वारा आयोजित है। कार्यक्रम में राज्य भर से सैकड़ो की संख्या में दन्त चिकित्सक आए हैं। कॉन्फ्रेंस में स्पीकर के तौर पर राज्य के प्रसिद्ध दन्त चिकित्सक डॉ ओम प्रकाश, डॉ हर्ष प्रियंक एवं डॉ प्रेम भूषण उपस्थित हुए हैं। कॉन्फ्रेंस की का शुभारंभ स्पीकर एवं अन्य पदाधिकारियों के द्वारा विधिवत दिप प्रज्वलित कर किया गया। जेडीएस के इस राज्यस्तरीय कॉन्फ्रेंस में जीडीएस के रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष डॉ मनीष केसरी के साथ-साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी जैसे डॉ राहुल कुमार शर्मा, डॉ अख्तर, डॉ अमरेश कुमार गिरी, डॉ शैलेंद्र व अन्य दन्त चिकित्सक उपस्थित रहे।

## पर्यावरण मंच ने हेसला में वृक्ष पौधे बांटे, पौधरोपण पर दिया बल



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा निवासी सह पर्यावरण मंच (बीएमएस) के प्रदेश संयोजक प्रशांत बेल्थरिया लगातार प्राकृतिक संरक्षण को लेकर वृक्ष पौधों का वितरण लोगो में कर रहे हैं। इस एक पेड़ देश के नाम अभियान के तहत हेसला में भी दर्जनों लोगों के बीच रविवार को पौधे बांटे गए। इसे लेकर प्रशांत ने कहा कि ना रुकेंगे ना थकेंगे एक पेड़ देश के नाम लगातार सतत अभियान चलता रहेगा। जिससे अनंत प्राकृतिक साधन में मदद मिलेगी। उन्होंने लोगों से प्रदूषण मुक्त वातावरण को बनाने के लिए पौधारोपण करने पर बल दिया हैं।

## सीसीएल पेट्रोलियम पार्टी की सजकता से भागे बदमाश

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल सिरका कोलयरी के खराब पड़े शांवल मशीन के समीप बीते रात्रि शनिवार करीब 11 बजे आधा दर्जन बदमाशों के दल की गतिविधि दिखाई पड़ी। जिसे सीसीएल पेट्रोलियम दल के द्वारा निष्क्रिय कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा दलों को टार्च जलाकर अपनी ओर आता देख चोरी के नियत से खदान के समीप पहुंचे बदमाशों का दल फरार हो गया।

## आदिवासी महासभा के कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह सांसद के आवास पर की मुलाकात



**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी आदिवासी महा सभा के गोला प्रखंड के पदाधिकारियो ने गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी से मिलने उसके आवास रजरप्पा प्रोजेक्ट पहुंचे और अपना विचार विमर्श किया। सांसद ने सभी पदाधिकारियों के बातो को सुनकर सभी के विचारो का समाधान करने का आश्वासन दिया।मौके पर पूर्व पार्षद गोला पश्चिमी गोबिंद मुंडा, जिला कोषाध्यक्ष ,राम किशुन मुंडा,पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमृत मुंडा,परमेश्वर बेदिया,लखींद्र मुंडा,गुड्डू करमाली, लखी करमाली, रामकिष्टो मुंडा,गोबिंद मुंडा,मनोज मुर्मु,जयनाथ मुंडा,नरेश करमाली,राजेश बेदिया, डीसी सिंह मुंडा,मीडिया प्रभारी जय नंदन मुंडा शामिल थे।

## नईसराय के ग्रामीणों ने प्रदूषण के खिलाफ आवेदन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ की नईसराय के ग्रामीण संघर्ष विकास समिति ने आवेदन देकर प्रदूषण पर रोक लगाने की मांग की है मांग नहीं पूरी होने पर वह 26.9.2023 को धरना प्रदर्शन करेंगे । इस आवेदन में इन्होंने मांग की है। कि फैक्ट्री से होने वाले प्रदूषण को रोक लगाया जाये , लोकल को रोजगार दिया जाए , सीएसआर मत से शिक्षा स्वास्थ्य सड़क पानी स्ट्रीट लाइट नाली आदि का सुविधा दी जाए। मांग नहीं मानने पर नईसराय के ग्रामीण संघर्ष विकास समिति के बैनर तले ग्रामीण 26.09.2023 को रोहता स्थित ग्लोब फैक्ट्री का गेट जाम किया जाएगा जिसके लिए डीसी एसडीओ डीएसपी एसपी एवं रामगढ़ थाना को लिखित आवेदन दिया गया है और सभी नई सराय एवं आसपास के ग्रामीणों से अनुरोध किया गया है कि धरना को सफल बनाने में हमारी मदद करें।

## रामगढ़ एसपी ने किया कई थानों और ओपी प्रभारी बदले

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने कई थानों और ओपी प्रभारी का स्थानांतरण किया । जिसमें पु.अ. नि राजदीप कुमार को ओपी प्रभारी भदानीनगर से थाना प्रभारी पतरातू बनाया गया, पु.अ. निरीक्षक धनंजय प्रसाद को पुलिस केंद्र रामगढ़ से ओपी प्रभारी भदानीनगर बनाया गया , पु.अ.नि. सिद्धांत को थाना प्रभारी गोला को रामगढ़ थाना भेजा गया, पु.अ.नि प्रभात कुमार को रामगढ़ थाना से थाना प्रभारी गोला बनाया गया , पु.अ.नि. सुरेंद्र सिंह कुंटियाको रामगढ़ थाना से थाना प्रभारी बासल बनाया गया।

## विधायक अंबा प्रसाद ने अख्तरी खातून को किया सम्मानित

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला स्तर पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित विधायक अंबा प्रसाद ने उर्दू मध्य विद्यालय सदर की प्रभारी प्रार्थना अध्यापिका अफ्तारी खातून को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया द्य राज्य और जिले के तमाम गतिविधियों में अग्रतर रहने वाली शिक्षिका ने अपने स्कूल को भी मॉडल स्कूल के तर्ज पर डिजाइन किया है। निः शुल्क गुणवत शिक्षा, स्पोर्ट्स, स्काउट एंड गाइड ,आत्मरक्षा , व्यावसायिक शिक्षा जैसी एक्टिविटीज स्कूल में हो रही है जिससे प्राइवेट स्कूल के बच्चे सरकारी विद्यालयों की और आकर्षित हो रहे हैं द्य सामुदायिक सहयोग से विद्यालय विकास का कार्य किया जा रहा है। अभिभावक शिक्षक परस्पर संबंध बेहतर होने से बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव हो पा रहा है ।

# लोन दिलाने के नाम पर सयाल के युवक से पच्चास हजार ठगी का प्रयास, लगाई न्याय की गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** सयाल मस्जिद कॉलोनी निवासी चंदन कुमार से लोन दिलाने का झांसा देकर बैंक के स्टाप द्वारा ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है यहां भुक्तभोगी ने चैयरमेन राष्ट्रीय कार्यालय मुंबई, मुख्यमंत्री। सांसद को आवेदन लिखकर न्याय का गुहार लगाई है। जिसमें भुक्तभोगी चंदन ने लिखा है मैं चंदन कुमार, पिता स्वर्गीय आदित्य लाल प्रसाद पता- शिवाजी रोड, मस्जिद कॉलोनी सयाल, रामगढ़, झारखण्ड का निवासी हूं और मेरा अकाउंट शाखा एसबीआई रामगढ़ में है। विषय में कहना यह है कि मुझे घरेलू कार्य हेतु लगभग तीन लाख रूपये की आवश्यकता पड़ी तथा घर वालों के सलाह पर मैं अपने सेलरी अकाउंट के तहत प्रसनल लोन लेने के लिए रामगढ़ स्थित भारतीय स्टेट बैंक मेन ब्रांच में फील्ड ऑफिसर (लोन मैनेजर) प्रभात कुमार से संपर्क कर मैंने दिनांक 20/09/2023 को लोन हेतू अपने सारे कागजात जो कि बैंकिंग संबंधित थे जिसमें पैन कार्ड, आधार कार्ड, पासबुक, पे स्लीप की छायाप्रति जमा कर दिया। वहीं प्रभात कुमार के द्वारा काफी टाल-मटोल के बाद उन्होंने मुझे दूसरे दिन आने के लिए कहा तथा यह भी कहा कि यहां लोन लेने पर कमिशन देना पड़ेगा। यह बात सुनकर मैंने उनसे कहा कि मुझे कितना कमिशन देना पड़ेगा तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि आपका लोन बहुत मुश्किल से होगा इसलिए उपर के सभी ऑफिसर को पैसा देना पड़ेगा। जिसमें डिप्टी ब्रांच मैनेजर और चीफ मैनेजर भी शामिल हैं। उनकी बातें सुनकर मुझे लगा कि वे मजाक कर रहे हैं और मैं अपने घर चला आया। दूसरे दिन में लोन हेतू पुनः रामगढ़ मेन ब्रांच गया तब मैं फील्ड ऑफिसर (लोन मैनेजर) प्रभात कुमार से मिलते हुए अपने लोन के बारे में पूछा तब उन्होंने मुझसे कहा कि आपका लोन बहुत मुश्किल से अप्रूवल हुआ है तथा उन्होंने सामने खड़े एक व्यक्ति की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनका नाम रवि पांडेय है आप उन्हें 50 हजार का चेक कमिशन के रूप में दे दें। उसके बाद मैं आपका लोन राशि आपके खाते में क्रेडिट कर दूंगा। वहीं बैंक के दलाल रवि पांडेय ने कहा कि यहां पर कोई भी लोन बिना कमिशन दिए हुए नहीं होता है इसलिए तुमको भी कमिशन देना होगा। यह बात सुनकर मैं हैरान रह गया और यह बोला कि साहब यह क्या बोल रहे हैं आप इससे पहले भी मैंने कई बार प्रसनल लोन लिया था तथा बैंक कर्मियों द्वारा कभी कमिशन की बात न की गई और न मांगी गई मैं आपसे विनम्र अनुरोध करता हूं कि मुझसे रिश्वत न मांगा जाए और मेरी लोन की राशि मेरे बचत खाते में क्रेडिट कर दिया जाए। मेरी बातें सुनकर वे उल्टा मुझे ही डांटने लगे कि आप बहुत तेज बन रहे हैं। रिश्वत के बारे में मैंने कल ही आपको बताया था। अब आप अंजान बन रहे हैं और फ्री में लोन कराना चाह रहे हैं। बिना 50 हजार रूपये दिए हुए आपका लोन नहीं हो पाएगा। उनकी बातें सुनकर मैं हैरान एवं परेशान हो गया तथा यह बात मैंने फोन से अपने परिजनों को बताया तो उन्होंने यह बात सुनकर कुछ लोगों को मेरे पास बैंक भी भेजा। मगर प्रभात कुमार ने सबसे बदतमीजी करते हुए हमलोगों के साथ गाली-गलौज करने लगे तथा बात बढ़ते देख रवि पांडेय जो कथित तौर पर बैंक का दलाल है उन्होंने अपने गुंडे बैंक में बुलाकर हमे डराने धमकाने लगे। यह स्थिति देख हम काफी भयभीत और निराश होकर अपने घर चले आए इस सारे परिक्रम में सबसे बड़ा आश्चर्य की बात यह है कि सारे बैंक स्टाफ तथा उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी मेरा लोन नहीं हुआ। यह स्थिति देखकर हमलोग दंग रह गए तथा थक हारकर बातें रखने को मजबूर हैं।

# राजनीति की परिभाषा बदलेंगे युवा : संतोष महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत बोंगई के पुरना टॉड के ऐतिहासिक मैदान में ÷शहीद सोबरन सोरेन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट÷ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में झारखण्ड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता और दिग्गज युवा नेता संतोष महतो उपस्थित हुए।कमिटी के मुख्य संयोजक अजय भोक्ता ने माल्यार्पण करके उनका स्वागत किया। सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्होंने फुटबॉल को किक मार कर मैच का उद्घाटन किया ।रामगढ़ एवं सिकिदरी के बीच खेले गये रोमांचक मैच में पैनल्टी शूट से रामगढ़ कि टीम विजयी हुई।संतोष महतो ने खिलाड़ियों और दर्शकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि -हर हार एक शानदार जीत की बुनियाद बनती है। हार तब फाइनल हार बनती है जब हार के बाद हम निराश होते हैं साथ ही विजेता टीम को कहा कि जीत के बाद अतिउत्साहित नहीं होना है और संयम के साथ अपना संतुलित अभ्यास जारी रखना है।उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों को करम पुजा कि बधाई भी दी। समिति के मुख्य संयोजक अजय भोक्ता, सचिव कृष्णा भोक्ता, कोषाध्यक्ष चंदन भोक्ता ने झारखंड पार्टी के अन्य अतिथियों में उपस्थित हरीश प्रभाकर, शिव बबलु, सुमन आदि थे ।

# केंद्रीय सरना समिति के तत्वावधान में धूमधाम से मना कर्मा पूर्व महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**हजारीबाग :** रविवार को आदिवासी केंद्रीय सरना समिति के बैनर तले कर्मा पूर्व महोत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसका नेतृत्वआदिवासी केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष महेंद्र बैंक, संचालन सचिव सुनील टोप्पो एवं निरंजन टोप्पो ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार द्वारा राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त फागु बेसरा विशिष्ट अतिथि के रूप कृपाल कच्छप ,बालकृष्ण टुडू, अकल उरांव ,किस्टो बेसरा, एवं सरना समिति की ओर से जिला पहान बंधन टोप्पो जितवाहन भगत ,महेंद्र कुजूर ,मनोज टुडू ,सुनील लकड़ा, महेंद्र टोप्पो, रमेश हेंब्रम सुधीर बास्के द्वारा दीप प्रज्वलित कर करमा पुर्व महोत्सव का शुभारंभ किया गया। मौके पर जिला पहान बंधन टोप्पो ने करमा पूजा के संबंध अपनी पौराणिक कथा करमा,धरमा की कहानी भी बताया।वहीं राज्य मंत्री फागु बेसरा ने कहा करमा पर्व आदिवासियों के बड़े पर्व में से एक है जिसमें करम देवता के साथ-साथ भाई बहनों के प्रति प्रेम को दर्शाता है।हमारी प्राथमिकता है कि हजारीबाग के सरहुल मैदान जहां आदिवासियों का पूजा स्थल है उसका भी घेराबंदी एवं सुंदरीकरण जरूर होगा।सभा को विशिष्ट अतिथि कृपाल कच्छप, किस्टो बेसरा, बालकृष्ण टुडू, रमेश हेंब्रम, यंग ब्लड आदिवासी समाज सह ऑल संथाल स्टूडेंट यूनियन के अध्यक्ष ने भी संबोधित किया। धूमकुडिया में हजारीबाग जिले के सभी ग्रामीणों ने अपने करमा के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाई। इनमें ग्राम कोरा , हत्यारी, पतरातू ,बिरवा कॉलोनी, हत्यारी ,लाखे, आदिवासी बालक बालिका छात्रावास , पुलिस लाइन ,सिंघानी, चरही, ब्रह्मपुर, सभी अपने कर्मा के सुंदर नृत्य संगीत का प्रदर्शन किया।

# उत्क्रमित उच्च विद्यालय बांदा में करमा महोत्सव का आयोजन किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गोला :** प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय बंदा करमा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करमा डाल का विधिवत पूजा अर्चना कर महोत्सव की शुरुआत की गई । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोला पश्चिमी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी शामिल हुई। उन्होंने भाई और बहन के पवित्र त्यौहार कर्म की विशेषता को बतलाया। वही कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुरपा एवं बदा स्कूल की छात्राओं के द्वारा करमा झूमर कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। वही विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुलदीप महथा ने बच्चों को करमा महोत्सव मे करमा- धरमा की कहानी और विशेषता को भी बतलाया। मुन्ना म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा कई नागपुरी झारखंडी झूमर गीत की भी प्रस्तुति की गई।

# नगवां नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** नगवां नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का रविवार को भव्य शुभारंभ नगवां हवाई अड्डा टोल प्लाजा के मैदान में किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मुन्ना सिंह व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य मुकेश मेहता, सदर प्रमुख वीणा देवी, सिंदूर मुखिया सरोज देवी, नगवां मुखिया विनय कुमार सम्मिलित हुए।फुटबॉल को किक मारकर बतौर मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने टूर्नामेंट की शुरूआत किया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच खुटरा और झरपो के टीम के बीच खेला गया। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष शंकर दास ने बताया कि इस टूर्नामेंट के फाइनल मैच में विजेता टीम को 21000 रू. और टॉफी वहीं उप विजेता टीम को 11000 रु और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। अन्य टीमों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों और टीमों को भी मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। आयोजक ने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 60 टीमें भाग ले रही है।टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए मुन्ना सिंह ने टूर्नामेंट में शामिल खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। फुटबॉल खिलाड़ियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ और अनुशासित रखता है फुटबॉल एक वैश्विक खेल है जो दुनिया के सबसे प्रसिद्ध खेल है। दुनिया के ज्यादातर लोग फुटबॉल खेलना पसंद करते हैं। उन्होंने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए कहा कि नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से लोगों को जागरुक करते हुए नशा को छोड़ने के लिए अपील किया जा रहा है। कहा कि नशा सारी बीमारियों की जड़ है। उन्होंने नाश करने वाले युवाओं से विशेष तौर पर आह्वान करते हुए कहा कि नशा घरेलू हिंसा की जड़ है। नशा से कई परिवार की जिंदगियां बर्बाद होती हैं। उन्होंने नशा मुक्ति को सशक्त बनाने के लिए खेल को बेहतरीन माध्यम बताया।

## करम परब झारखंड संस्कृति एवं प्रकृति से जुड़ा परब है करम भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है : ममता देवी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ पुर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि करम परब झारखंड संस्कृति एवं प्रकृति से जुड़ा परब है। करम भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है। बहनें अपनी भाई की लम्बी उम्र की कामना उपवास कर करती है। झारखंड की संस्कृति को बचाए रखने के लिए युवाओं को आगे आने की आह्वान किया। झारखंड की पहचान झारखंड की संस्कृति से है।झारखंड की संस्कृति को बचाए रखने के लिए नई पीढ़ी को आगे आना होगा। प्राकृतिक महापरब करम हमारी हमारे समृद्ध संस्कृति का द्योतक है भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है प्राकृतिक के प्रति लोगों का प्रेम समान और समर्पण यहां चलने को नृत्य और बोलने तो संगीत बना देती है।

## प्राचीन पंचमंदिर की सुन्दरीकरण को लेकर पंचमंदिर विकास समिति का हुआ गठन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के बीचो बीच स्थित प्राचीन पंचमंदिर की सुन्दरीकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई । जिसमे कई हिन्दू संगठन तथा समाजसेवी उपस्थित हुए। सभी ने एक स्वर मिलाकर पंचमंदिर के सुन्दरीकरण की बात रखी । बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार गुप्ता तथा संचालन शशि भुषण केशरी ने की।लोगों का कहना है कि पंचमंदिर हजारीबाग में रहने वाले सभी सनातनी की आस्था का केन्द्र है। तथा वर्तमान मे मंदिर की स्थिति जर्जर हो रही है और समय रहते मंदिर का सुन्दरीकरण होना चाहिए । काफी समय से मंदिर को ना कलर किया गया है ना ही कायाकल्प की गई है । इसलिए सभी संगठन तथा समाजसेवियों ने मिलकर मंदिर की सुन्दरीकरण का बीड़ा उठाया है। पंच मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता तथा महासचिव शशि भूषण केशरी बनाए गए । कमिटि के उपाध्यक्ष में सुजीत कुमार , विशाल वाल्मिकी , अमन कुमार , बप्पी करण , आनंद गुप्ता सचिव रितेश कुमार सिंह , सुनील कुमार सिंह , सुरेन्द्र वर्मा , सुबोध सिंह , कुश सिन्हा , मनोज कुमार मेहता कोषाध्यक्ष दीप प्रकाश नारायण , वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूपेश कुमार ,आदि थे ।

# दशलक्षण धर्म के महापर्व का छठवा दिन उत्तम संयम धर्म के रूप में मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** दशलक्षण धर्म का महापर्व का छठवा दिन उत्तम संयम धर्म के रूप में दोनों दिगंबर जैन मंदिर में बड़े भक्ती और उल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया गया। प्रातः दोनों दिगंबर जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक शांतिधारा और सामूहिक कलश सैकड़े पुरुष बच्चों ने किया। महिलाओं ने केसरिया वस्त्र में विधान भक्ति पूजन पाठ बड़े ही उमंग और उल्लास के साथ किया।पंडित नयन जी शास्त्री के सान्धिय में दशलक्षण महामंडल विधान बड़ा बाजार मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है।दशलक्षण धर्म की पूजा की जा रही है।उत्तम संयम धर्म पर प्रकाश डालते हुए पंडित नयन शास्त्री ने कहा कि संयम आत्मा की पवित्रता का साधन है। संयम मोक्ष का साक्षात कारण है। बिना संयम धारे आत्मा परमात्मा नहीं बन सकता। जीवन में खान-पान ,रहन-सहन प्राणियों की रक्षा आदि में संयम रखना चाहिए। संयम व निधि है जो मनुष्य को पूज्य बना देती है।संयम नहीं तो मुक्ति नहीं अर्थात संयम के बिना सच्चा सुख प्राप्त नहीं होगा ।दोपहर में बड़ा बाजार दिगंबर जैन मंदिर में सांगानेर से आए पंडित विद्वान जैन जी शास्त्री ने तत्वार्थ सूत्र का वाचन किया।संध्या में दोनों मंदिर में महा आरती भक्तामर जब णमोकार महामंत्र का जाप पंडित में जी शास्त्री के द्वारा मंगल प्रवचन तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम। जैन महिला समिति के द्वारा धार्मिक तंबोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी विजय लुहाड़िया ने बताया कि दस दिन तक लगातार चलने वाले इस महापर्व पर में श्रद्धालु भक्तगण धर्म की गंगा में डुबकी लगा रहे हैं। पूरे भारतवर्ष सहित विश्व भर में रहने वाले जैन संप्रदाय के लोग दस दिनों तक व्रत ,संयम , तप , त्याग उपवास पूजा में लिन रहते हैं। बच्चों से लेकर महिलाएं बुजुर्ग सभी इन दस दिनों में आवश्यक रूप से अपने अन्य कार्यों को छोड़कर धर्म ध्यान करते हैं।रात्रि में जैन महिला समिति के द्वारा धार्मिक तंबोला का कार्यक्रम हुआ। मंगलाचारण श्रुति बड़जात्या व आशा विनायका ने भजनों के द्वारा खुजाराहो में आये संकट को भजनों के माध्यम से अपील दर्ज का निवेदन किया। धार्मिक तंबोला में सभी वर्ग के लोग ने भाग लिया। सभी विजेता को अनिल किरण पाटनी के द्वारा पुरस्कृत किया। प्रभारी विजय लोहारिया ने बताया कि कल उत्तम तप धर्म की पूजा होगी।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय के छठे दीन उत्तम सयंम धर्म की पूजा की गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ़ :** रामगढ़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर एवं रांची रोड स्थित श्री पारसनाथ जिनालय के छठे दीन उत्तम सयंम धर्म का पूजा पुरे विधि विधान के साथ किया गया जलाभिषेक रामगढ़ अमराव पाटनी मानिक चंद जैन , अंकित जैन,राहुल जैन,,अरुणा जैन , डॉ शरद जैन , रमेश सेठी,विकास सेठी,अमित सेठी, डा महेंद्र कुमार जैन , रांची रोड अमराव देवी देवी पाटनी, मानिक पाटनी , शांतिधारा रामगढ़ प्रकाश चंद अजमेरा, रांची रोड अमराव देवी पाटनी , मानिक चंद जैन , महा आरती संजय सेठी , लता सेठी, पंडित दीपक जी शास्त्री उत्तम सयम धर्म प्राणी-रक्षण और इन्द्रिय दमन करना संयम है।स्पर्शन, रसना, घ्राण, नेत्र, कर्ण और मन पर नियंत्रण (दमन, कन्ट्रोल) करना इन्द्रिय-संयम है।पृथ्वीकाय, जलकाय, अग्निकाय, वायुकाय, वनस्पतिकाय और त्रसकाय जीवों की रक्षा करना प्राणी संयम है इन दोनों संयमों में इन्द्रिय संयम मुख्य है क्योंकि इन्द्रिय संयम प्राणी संयम का कारण है, इन्द्रिय संयम होने पर भी प्राणी संयम होता हैं, बिना इन्द्रिय संयम के प्राणी संयम नहीं हो सकता।इन्द्रियाँ बाह्म पदार्थो का ज्ञान कराने में कारण है, इस कारण तो वे आत्मा के लिये लाभदायक हैं क्योंकि संसारी आत्मा इन्द्रियों के बिना पदार्थों को जान नहीं सकता। पँचेन्द्रिय जीव की यदि नेत्र-इन्द्रिय बिगड़ जावे तो देखने की शक्ति रखने वाला भी आत्मा किसी वस्तु को देख नहीं सकता।

# बगान टोला की सड़क ढहने की चर्चा आम, सड़क निर्माण के गुणवत्ता पर भी उठ रहे सवाल

## तारानगर के लखिनारायन पुर में बना गार्डवाल नदी में समाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के इलामी बगान टोला में शुक्रवार को तेज बारिश से जहां पीसीसी सड़क ढह गया।वहीं सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी अब सवाल खड़े हो रहे हैं।सवाल उठना लाजिमी भी है क्योंकि सड़क और नदी के बीच में गार्डवाल निर्माण किया गया है ताकि सड़क कटाव से बचाया जा सके।परंतु सड़क का जमींदोज हो जाना कई सवाल खड़ा कर रहा है।ग्रामीणों की माने तो पंचायतों में जितने भी निर्माण कार्य कराए जाते हैं सभी कार्य भरष्टाचार के शिकार हो रहे हैं।सूत्रों की माने तो इलामी पंचायत के अलावे तारानगर में नदी किनारे गार्डवाल भी धंस चुके है।ग्रामीण सूत्रों की माने तो लखिनारायन पुर में नदी किनारे बने लाखों रुपये की लागत से गार्डवाल नदी में समा चुका है।जैसे ही पानी कम होगा आमजनता की नजर धंसे हुए गार्डवाल पर पड़ेगी। ग्रामीणों का कहना है अब भी कई पुल पुलिया का निर्माण अंग्रेज जमाने के बने है लेकिन कोई दरार तक नही हुआ है। लेकिन वर्तमान में किये जा रहे कार्य साल भर में धंस जा रहा है।ग्रामीणों ने बागानपाड़ा में धंसे पीसीसी सड़क और तारानगर के लखिनारायन पुर में बने गार्डवाल निर्माण कार्य की जांच की मांग की है।इधर बागानपाड़ा नदी किनारे बसे लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। लोग डरे-सहमे हुए हैं। अपने घरों के ढहने का डर सताने लगा है। दर्जनों परिवार ईदगाह और पूर्वी छोर पर सालों से निवास करते आ रहे हैं। लगातार नदी में कटाव से लोगों में हमेशा डर बना रहता है। इधर शुक्रवार,शनिवार और रविवार को लगातार रुक रुक कर तेज बारिश के दौरान ईदगाह के पास पीसीसी सड़क अचानक ही ढह गया। यह सड़क नदी किनारे से बिल्कुल सटा हुआ था। आसपास कई परिवार घर बनाकर रह रहे हैं। कई घरों में दरारें भी पड़ने लगी है।

## पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के घुटिया पेसरा पंचायत के दुर्गी गांव स्थित फुटबॉल मैदान में रविवार को फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो ने फीता काटकर किया।उद्घाटन मैच किंग्स 11 क्लब सरिया बनाम बुंडू के बीच खेला गया।उद्घाटन मैच के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक नागेंद्र महतो मौके पर कहा कि फुटबॉल विश्व के लोकप्रिय खेल है। इस खेल में युवाओं को अपने हुनर को दिखाने का अवसर मिलता है।खेल से शारीरिक और मानसिक का विकास होता है।युवा देश के भविष्य हैं। इन्हें सजाने और संवारने एक अच्छे पलेटफॉर्म की जरूरत है।यह फुटबॉल टूर्नामेंट .रूस क्लब दुर्गी के द्वारा आयोजन किया गया है।टूर्नामेंट में कुल 32 टीम भाग ले रही है। मैच के दौरान पूर्व विधायक ने गांव के दो युवा बिकाश यादव, रंजीत यादव ने सीआरपीएफ में बहाल होने पर अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं बधाई दिया। उद्घाटन समारोह में जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव,जीप सदस्य अनूप पांडेय, मुखिया पिंटू यादव, सांसद प्रतिनिधि बब्लू मंडल, सांसद प्रतिनिधि विनोद यादव, उप प्रमुख रामदेव यादव,पूर्व मुखिया गोपाल यादव, पूर्व मुखिया बद्री यादव,मनीष मंडल, क्लब के सदस्य, संतोष यादव, मुकेश यादव, अजीत यादव,बालेश्वर ठाकुर, दिलिप बरनवाल सहित हजारों की संख्या में फुटबॉल खेल प्रेमी शामिल रहें।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को दिलीप सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के पुरोधा स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के 100वीं जयंती पर बलियापुर स्थित विनोद धाम में स्थापित विनोद बाबू के प्रतिमा पर सुदेश महतो ने माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पण के उपरांत सुदेश महतो देर संध्या बैंक मोड़ के शास्त्री नगर स्थित होटल रैम्सन विनय सिंह के पास पहुंचे।जहां युवा संघर्ष मोर्चा (जनवादी) के केंद्रीय संयोजक दिलीप सिंह ने आजसु सुप्रीम सुदेश महतो को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

## बिग बुल ई-रिक्शा के शो रूम का हुआ भव्य उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिग बुल ई-रिक्शा के शो रूम का भव्य उद्घाटन कुर्मीडीह, बायपास रोड स्थित अयान कॉमप्लेक्स मे हुआ जिसे नेशनल ट्रेडिंग शॉप के नाम से जाना जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव सह झारखंड टोटो संघ के संरक्षक बैभव सिन्हा, धनबाद ऑटो एसोसिएशन के अध्यक्ष छोटन सिंह एवं इमारत शरिया के मुफ्ती शाहिद काश्मी सहित अन्य ने फीता काट कर किया। मौके पर ही चार ई-रिक्शा की बूकिंग भी हुई। ई-रिक्शा शो रुम के मालिक अली अकबर एवं उनके बड़े भाई अली शाहनवाज अकबर ने आए सभी अतिथिगण का स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही श्री अकबर ने शो रूम की विशेषताओं से लोगों को अवगत कराया तथा सभी से शो रुम मे एक बार अवश्य पधारने की भी अपील की। वहीं इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने शो रुम के मालिक को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर अधिवक्ता ताज आलम, मौलाना अफरोज़, हाजी ज़मीर आरिफ, शादाब आलम, मन्तोश कुमार पांडेय, हेलाल मुस्तफा खान, महिप सिंह, एजाज, एहतेशाम, पवन महतो सहित बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## किसान-मजदूरों के संकल्प आह्वान के तहत भाकपा माले ने शुरू किया भाजपा हटाओ जन अभियान

### बेंगाबाद प्रखंड के गमतरिया से शुरू हुआ कार्यक्रम



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कोडरमा में किसान-मजदूर संकल्प सभा से किए गए भाजपा हटाओ, देश बचाओ आह्वान के तहत भाकपा माले ने आज बेंगाबाद प्रखंड में गमतरिया गांव से एक जन अभियान शुरू किया। अभियान की अगुवाई माले नेता फोदार सिंह, भुनेश्वर यादव तथा शंकर यादव ने करते हुए कहा कि, भाजपा के शासन में किसान-मजदूर पूरी तरह से तबाह हो चुके हैं। किसान-मजदूरों सहित तमाम मेहनतकशों को इस शासन को हटाने के लिए तैयार हो जाना चाहिए। वहीं, अभियान की शुरुआत करते हुए भाकपा माले नेता सह अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने कहा कि, मोदी शासन ने बड़ी बड़ी कंपनियों की सेवादारी करके देश की आम जनता को अभूतपूर्व महंगाई और बेरोजगारी की सौगात दी है। देश के किसानों की हालत खराब है, तो मजदूर भी श्रम कानूनों को खत्म कर लेबर कोड लाने से अपनी मौजूदा बदहाल स्थिति और भविष्य को लेकर चिंतित हैं। देश के युवाओं को नौकरी के बजाय बाध्य होकर निजी कंपनियों के शोषण के अधीन जाना पड़ रहा है।

# रेलवे कॉन्ट्रेक्टर एनसीपीएल से करोड़ों की रंगदारी मांगने वाले गिरोह के तीन अपराधी को किया गिरफ्तार

## 5 हथियार, कारतूस व पल्सर बाईक जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के तोपचांची में एनसीपीएल नामक कंपनी रेलवे ओवरब्रिज बना रही है। उस कंपनी के कॉन्ट्रैक्टर से करोड़ों रुपए की रंगदारी की मांग करने वाले धनबाद के एक संगठित गिरोह के तीन अपराधियों को धनबाद पुलिस ने धर दबोचा है। पकड़े गए अपराधियों के पास से पुलिस ने एक पिस्टल, तीन सिक्सर, तीन कट्टा और भारी मात्रा में कारतूस के अलावा एक पल्सर बाइक भी जब्त की है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने बताया कि पिछले दिनों जिन अपराधिक गिरोह के द्वारा धनबाद में फायरिंग, रंगदारी एवं अन्य घटनाओं का अंजाम दिया जाता रहा है। इस गिरोह के द्वारा उक्त कंपनी के लोगों से काले रंग के स्कॉर्पियो पर जाकर मोटी रकम रंगदारी मांगी गई थी। नहीं देने की स्थिति में जान से मारने और काम नहीं करने देने की धमकी भी दी गई थी। पूरे मामले में सिटी एसपी और ग्रामीण एसपी की संयुक्त अभियान से तीन अपराधियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए अपराधियों के पास से तमाम आर्म्स और कारतूस जब्त हुए हैं। बेसिकली ये अपराधी पूर्व में कई मामलों में संलिप्त रहे हैं और अवैध हथियार के खरीद फरोख्त में भी इनकी संलिप्तता सामने आई है। घटना में शामिल अन्य अपराधियों को चिन्हित कर लिया गया है और बहुत जल्द सबों को सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा। एसपी ने बताया कि कांड को उद्भेदित करने में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## भादो एकादशी के शुभअवसर पर कर्मा पूजा आज

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले में करमा पर्व को लेकर भादो एकादशी के शुभअवसर पर कर्मा पूजा की तैयारी चल रही हैं। महिला और किशोरियों ने चौक-चौराहे पर कर्मा गीत, झूमर गीत और परंपरागत नाच से वातावरण में कर्म देवता के आगमन स्वागत कर रहें हैं। यह पर्व आठ दिनों तक मनाया जाता हैं। इस पर बहन लोग अपने भाइयों के घर आते हैं। रविवार को नहाय-खाय हैं। वही आज भादो एकादशी पर उपवास रखके भाइयों द्वारा लाया गया करम डाल को धूमधाम से पूजा करते हैं और करम देवता को खुश करते हुवे अपने भाईयों की लंबी उम्र के लिए कामना करते हैं। अगले दिन करम देवता को विदाई देते हैं । यह त्यौहार प्रकृति से जुड़ा हुआ हैं। यह त्यौहार आदिवासी और मूलवासियों द्वारा धूमधाम से मनाते हैं। इस त्यौहार को झारखंड, बंगाल, छत्तीसगढ़, बिहार,उड़ीसा एवं उड़ीसा के आदिवासी समुदाय में विशेष रूप से मनाई जाती हैं। कहा जाता है कि करमा-धरमा दो भाई थे। दोनों बहुत मेहनती व दयावान थे कुछ दिनों बाद करमा की शादी हो गई उसकी पत्नी अधर्मी और दूसरों को परेशान करने वाली विचार की थी। यहां तक कि धरती मां के पीड़ा से बहुत दुखी था। और इससे नाराज होकर वह घर से चला गया उसके जाते ही सभी के कर्म किस्मत भाग्य भी चला गया और वहां के लोग दुखी हो गए और धरमा से लोगों की परेशानी नहीं देखी गई और वह अपने भाई को खोजने निकल पड़ा। नहीं दिया, आगे किसी को गंदा पानी मत पिलाना आगे कभी ऐसा मत करना, तुम्हारे पास कोई आए तो साफ पानी पिलाना।

## करम परब महोत्सव सह बिनोद जयंती का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शनिवार को देर संध्या शक्ति सेना करम परब महोत्सव सह बिनोद जयंती का आयोजन टाटा सिजुआ शक्ति मेला ग्राउण्ड में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्रांतिकारी प्रदीप महतो, एवं टीएसएफ़ के अधिकारी विपिन चौधरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुल 16 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों खोरठा कलाकार, समाजसेवी और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित हुए। पुरुस्कार वितरण में मुख्य अतिथि क्रांतिकारी टाईगर जयराम महतो के द्वारा प्रथम पुरस्कार दुर्गापुर बोकारो के टीम को दिया गया। विशिष्ट अतिथि क्रांतिकारी प्रदीप महतो के द्वारा द्वितीय पुरुस्कार सिजुआ के टीम को दिया गया एवं तृतीय स्थान पर रहे टीम को शक्ति सेना के सचिव दीपक कुमार महतो के द्वारा शहरपुर के टीम को दिया गया एवं इस प्रतियोगिता का संचालन रोनित कुमार महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दिन भर करम के नृत्य एवं गीत छोटे - छोटे नन्हे बच्चियों के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस दौरान सभी दर्शक झूम उठे करम परब का महोत्व करम को बचाने और नयी पीढ़ी को इसकी खूबी को बिस्तर पूर्वक क्रांतिकारी टाइगर जयराम महतो के द्वारा बताया गया।

धन्यवाद ज्ञापन दीपक महतो के द्वारा किया गया।

## आजसू छात्र संघ के जिलाध्यक्ष बने : अमित यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** जिले के नया परिसदन भवन गिरिडीह में आजसू छात्र संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष गुड्डू यादव के अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय सचिव अर्जुन बैठा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र संघ प्रभारी गिरिडीह जिला विनोद रजक उपस्थित थे।वही बैठक में गिरिडीह जिला के आजसू छात्र संघ कमिटी का पुनर्गठन किया गया । जिसमें जिला अध्यक्ष के रूप में अमित यादव को सभी के सहमति से चयन कर किया गया। वही 12 लोगो को सदस्य का चयन किया गया है। इधर आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष बनने पे समर्थकों में खुशी दौड़ गई।वही आजसू छात्र ज़िला अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि स्व विनोद बिहारी महतो की 100वे जयंती के मौके पे जो पार्टी के द्वारा दावित्य दिया गया हैं। उसे पूरी ईमानदारी से पूरा करने का प्रयास करूंगा में अपने सभी पार्टी के पदाधिकारी को धन्यवाद देता हूं । जिन्होंने मुझे इस काबिल समझा हैं। मेरा पहला काम होगा सभी प्रखंड कमेटी का पूर्णगठन जल्द से जल्द करना तथा जिस प्रकार में छात्र संघ सचिव के रूप में कॉलेज में छात्र हित के लिए लड़ते आए हैं । उसी प्रकार आगे भी लड़ते रहेंगे कभी भी किसी भी प्रकार की कोई समस्या छात्रों के बीच आएगी। उसे समाधान करें करने का प्रयास किया जाएगा । आजसू छात्र संघ गिरिडीह कमेटी सभी छात्रों के लिए उसका हक और अधिकार दिलाने में मदद करेगी। उन्होंने कहा की आने वाले छात्र संघ चुनाव में अपना दमदार प्रदर्शन करेगी और सभी सीटों पर जीत सुनिश्चित करने का काम करेंगे। मौके पर आजसू जिलाअध्यक्ष गुड्डू यादव, कंपू यादव, संजय साहू, वीरेंद्र राम, दीपक पांडे,संजय पांडे केशव पाठक, अक्षय यादव,नमन,करण अविनाश, अनिल, विक्की, मुकुल, राजेश आदि सैकड़ो की संख्या में छात्रों ने तथा पार्टी के लोगों ने अमित यादव को बधाई दिया ।

## कुशवाहा समाज के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया : प्रीति



### ज़िला स्तरीय महिला प्रकोष्ठ कुशवाहा सम्मेलन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले में कुशवाहा संघ गिरिडीह की महिला प्रकोष्ठ का जिला सम्मेलन कुशवाहा छात्रावास सिहोडीह में महिला प्रमुख प्रीति भास्कर की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कुशवाहा संघ की प्रधान संरक्षक सह अध्यक्ष जिला परिषद मुनिया देवी और बतौर विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य प्रभा वर्मा और पिंकी वर्मा उपस्थित थी। वही कुशवाहा संघ के जिला अध्यक्ष इंद्र नारायण प्रसाद और कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा और दिगंबर प्रसाद दिवाकर और महामंत्री ओम प्रकाश महतो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। वही समाज के प्रतिनिधि द्वारा गौतम बुद्ध , सावित्रीबाई फुले रीतलाल प्रसाद वर्मा और जगदीश प्रसाद वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आरंभ किया गया ।कार्यक्रम का संचालित करते हुए महिला प्रमुख प्रीति भास्कर ने विषय प्रवेश कराया और कहा कि आज की इस महिला सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कुशवाहा समाज से बाल विवाह छोड़-छाड़ महिला प्रताड़ना और महिला शोषण को प्रमुखता से केंद्र बिंदु में रखकर आयोजित की गई है और जिले भर से आई हुई सैकड़ो महिलाएं जो समाज के प्रति सजग है ।समाज की बेहतरीन में विश्वास रखती है उन्होंने समाज के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। इधर मुख्य अतिथि मुनिया देवी ने तमाम महिलाओं से आग्रह किया कि आई आपके पास सब कुछ है आप पढ़ी-लिखी हैं हमसे अधिक आगे लिए और परिवार के साथ-साथ समाज के लिए महिलाओं के विकास के लिए समाज से भ्रूण हत्या को हटाने के लिए बाल विवाह को रोककर महिला प्रताड़ना को खत्म करने के लिए हम आपके साथ कदम से कदम मिलाकर आगे चलने को तैयार हैं।

आइए एक सशक्त मजबूत समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका को प्रदर्शित करें।

## बिनोद बिहारी महतो की 100वीं जयंती मनाई गई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिंदरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बीबीएम+2 विद्यालय परिसर में बिनोद बिहारी महतो की 100वी जयंती पर आयोजित वार्षिक समारोह में कई लोग शामिल हुए और बिनोद बाबू के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद नटवा नाच ग्रुप को अंग वस्त्र के रुप में लाल गमछा देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मासस केंद्रीय अध्यक्ष कॉमरेड आनन्द महतो, केंद्रीय सचिव कॉमरेड बबलू महतो, जगदीश रवानी, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी, मासस नेत्री सीमा देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड के राँची-दुमका मुख्य मार्ग प्लस टू उच्च विद्यालय पलौंजिया के पास रविवार अहले सुबह लगभग साढ़े पांच बजे एक बाइक टीवीएस अपाचे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसकी गाड़ी संख्या jh10 BX 2393 है । जानकारी के अनुसार कुत्ता के अचानक आ जाने से दुर्घटना हो गई। वहीं कुत्ते की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा बाइक चालक गम्भीर रूप से घायल हो गए। जिसकी पहचान राजधनवार थाना अंतर्गत टूनमलकी, केंदुआ मोड निवासी 19 वर्षीय मुकेश विश्वकर्मा पिता दानी विश्वकर्मा के रूप में हुई है । वहीं बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने घायल अवस्था में एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी पहुंचाया जिसका उपचार डॉ साकिब ने किया तथा गम्भीर हालत देखते हुए रेफर कर दिय । घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह,एसआई विशाल सिंह अपने दल-बल के साथ पहुंचे और घटना का जायजा लिया। वहीं घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दे दी गई तथा परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे और बेहतर इलाज के लिए धनबाद ले गए । जानकारी के अनुसार बता दें बाइक चालक ने हेलमेट नही पहना था ।

## धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन का 45वां महा अधिवेशन संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** रविवार 24 सितम्बर को धनबाद जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन का 45वां महाअधिवेशन न्यू टाउन हॉल धनबाद में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई। सर्व प्रथम एसोसिएशन के द्वारा झंडोत्तोलन संरक्षण नैन रंजन दास के द्वारा किया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में पधारे झारखंड प्रदेश टेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा और जिला के केन्द्रीय पदाधिकारी महोदय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर सभा की शुरुआत की। संगठन के जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि हमारे संगठन का आज 45वां महाअधिवेशन मनाया गया। संस्थापक रहे स्व. राज मंगल बाबू के द्वारा 25 सदस्यों के द्वारा शुरू किए गए संगठन में आज मजबूती के साथ काम करते हुए लगभग 1600 सदस्य वर्तमान में है। प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि महंगाई और मजदूरों की पेमेंट बढ़ने की वजह से डेकोरेटर्स, कैटरर्स, लाईट एवं फ्लावर्स के काम करने वाले सदस्यों ने पिछले दर से 25 प्रतिशत दर बढ़ाने में सभी सदस्यों ने सहमति जताई। एसोसिएशन के द्वारा ब्लड डोनेशन कैंप का भी लगाया गया जिसमें 30 यूनिक ब्लड जमा कर जरूरतमंद लोगों के लिए दिया गया। महासचिव विश्वनाथ सिंह ने कहा इवेंट मैनेजमेंट में केवल लैपटॉप धारी दलाली के साथ काम ना करें।और पार्टी को भी सलाह देते हुए कहा आप ऐसे लैपटॉप वाले के साथ काम ना करें जिनके पास कोई भी सामान अपना नहीं हो। कतरास के रिवाज मैरेज हॉल को आगामी 31 जनवरी तक किसी भी सदस्य को उस मैरेज हॉल में काम नहीं करने का आदेश जारी किया। मुख्य अतिथि प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष श्री शुशील कुमार वर्मा जी ने सभी को एक जुटता का परिचय देते हुए बताया की संगठित होकर काम करें। उन्होंने कहा सरकार के द्वारा लगाए गए 18 प्रतिशत जी एस टी बहुत ज्यादा है उसे कम करने के लिए सरकार से आग्रह किया। यदि सरकार प्रदेश जी एस टी दर नहीं घटाते हैं तो संगठन पुरे राज्य में ठोस निर्णय लेने पर बाध्य होगी।

## स्काउट एंड गाइड का प्रशिक्षण आत्म स्वावलंबी बनने के लिए प्रेरित करता है : सब इंस्पेक्टर राजू हेंब्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** संत जेवियर पब्लिक स्कूल, शालीमार मे तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। प्रथम दिन स्काउट के छात्र-छात्राओं को ट्रैकिंग में ले जाया गया जहां पर नेचर कलेक्शन एवं विभिन्न तरह के गेम एडवेंचर करवाया गया।दूसरे दिन छात्र छात्राओं को योग मार्च पास्ट परेड स्केटिंग के अलावा नाटक का प्रशिक्षण दिया गया। स्काउट एंड गाइड के छात्र-छात्राओं में छह ग्रुप में रोज ग्रुप लिली, ग्रुप सनफ्लावर ग्रुप, छात्रों का हॉर्स, ग्रुप टाइगर ग्रुप और लाइन ग्रुप अव्वल रहा। फास्टेड में प्रथम दिव्या भारती नेचर कलेक्शन में निधि राज रंगोली में लिली ग्रुप लोगों में उमंग कुमार के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। तीसरे दिन कार्यक्रम के समापन के अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुनीत शाह ने किया एवं मुख्य अतिथि के रूप में जोड़ा पोखर थाना के सब इंस्पेक्टर राजू हेंब्रम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिरसा मुंडा स्काउट एंड गाइड के सचिव पप्पू पंडित मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** हृदय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज एवं समस्त ब्राह्मण समाज की बैठक विज्ञान विहार कालोनी स्थित शिव शक्ति हनुमान मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। जिसमें ब्राह्मण समाज के लोगों ने ब्राह्मण एकजूटता पर जोर दिया। मंच संचालक समाज के प्रदेश महासचिव सुरेश चन्द्र तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण किसी भी संगठन में रहे परंतु जब कोई ब्राह्मण को परेशानी हो या किन्हीं के द्वारा प्रताड़ित किया जाय तो उसमें सभी ब्राह्मण संगठन को एकजूट होकर उसका प्रतिवाद स्वरुप काम करना चाहिए। अपने अध्यक्षीय भाषण में हृदय कुमार मिश्र ने कहा कि ब्राह्मण सदा से ही विश्व के हर व्यक्ति को सुखी देखना चाहते हैं। सर्वे भवन्तु सुखिन, सर्वे संतु निरामया। उपस्थित सभी लोगों ने समाज के विकास, उत्थान एवं नारी सशक्तिकरण पर जोर दिया जाय। मौके पर बृज किशोर मिश्रा, काशी नाथ चौबे, श्रीनाथ तिवारी, राजेश कुमार मिश्रा, मनोज कुमार दूबे, एम.के.पाण्डेय, रमेश कुमार चौबे, संतोष कुमार तिवारी, शक्ति प्रसाद पाठक,मनोज मिश्रा, डाक्टर प्रमोद कुमार मिश्रा, रविन्द्र शुक्ला, राजीव शुक्ला, अजीत कुमार ओझा, संदीप कुमार बैद्य, नागेन्द्र शुक्ला, सुरेश चन्द्र तिवारी, विद्युत चक्रवर्ती, प्रमोद कुमार दूबे आदि उपस्थित हुए।

# कर्मा का महापर्व हमारी परंपरा और संस्कृति का महान पर्व है : सुदर्शन भगत

## नगर भवन में जनजातीय सांस्कृतिक सुरक्षा मंच द्वारा कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कर्मा पूर्व संध्या कार्यक्रम जनजातीय सांस्कृतिक सुरक्षा मंच के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन न्यू नगर भवन, ब्लॉक परिसर लोहरदगा में किया गया। अतिथियों को पारंपरिक स्वागत किया गया। खोड़हा नृत्य में प्रथम जोगियारा, द्वितीय चीरी बड़का टोली, तृतीय मंजूरमति उच्च विधालय, चतुर्थ रानीगंज पुरस्कार के रूप नगाड़ा, मांदर, घंट, दिया गया। मैट्रिक में अच्छे प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी जनजातिय महापुरुषों की चित्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि कर्मा महापर्व की शुभकामनाएं देते हुए अपनी बातो की शुरुआत की और कर्मा का महापर्व हमारी परंपरा और



संस्कृति का महान पर्व है करमा इस कर्मा महापर्व का जनजातीय समुदाय का विशेष जुड़ाव है क्योंकि हमें सीधे प्रकृति से जुड़ी है। और प्रकृति को बचाने के लिए हमेशा से संघर्ष करना पड़ा है इस प्रकार धर्म की भी रक्षा के लिए सदैव संघर्ष करता रहा है और वैसे लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना है जो हमारे आदिवासी परंपरा के साथ में खिलवाड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण बिल) के पास होने पर बधाइयां दी। सधनू भगत ने कहा कि आदिवासी समाज में अखरा झखरा और सेंदरा परंपरा खत्म हो गई तो ईश्वर भी आदिवासी का अस्तित्व नहीं बचा पाएगा। हमारी संस्कृति की सुरक्षा खुद करनी होगी हमें समाज के धर्म कर्म को निरंतर जागरूकता अभियान चलाते रहना होगा। मनीर उरांव ने कहा की हमारी जो परंपरा और विरासत अखरा और झखरा के पद्धति को बचाना हम सभी का कर्तव्य है। हमें उनलोगों से बचना जो कि हमारे पद्धतियों से खेलवाड़ करने कार्य कर रहे। बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक पद्धति को नहीं छोड़ना है जब भी मौका लगे हमें नृत्य संगीत जो आदिवासी परंपरा अनुसार होता उसमें भाग लेना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परमेश्वर भगत, मंचसंचालन अनिल उराँव और धन्यवाद ज्ञापन राजकुमार मुंडा ने की। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री सधनू भगत,पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उराँव, राजी पड़हा अध्यक्ष बेंजामिन लकड़ा चंद्रशेखर अग्रवाल, किनेश्वर महतो, मदनमोहन पांडेय, राजीव रंजन अध्यक्ष श्रीराम अध्यक्ष, राकेश प्रसाद, सुषमा सिंह, अजय सोनी, अरविंद यादव, मुक्ति धाम समिति अध्यक्ष मनोज गुप्ता, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, ओम महतो, परमेश्वर भगत, मुनीलाल उराँव, सामेला भगत, कलावती देवी, मीना बाखला, सुमति कच्छप, दया सिंह, परमेश्वर साहू, लाल नवल नाथ शाहदेव, अमित लोहरा, भीखाराम भगत, अमर भगत, लक्ष्मण उराँव, जगनंदन पौराणिक, पशुपति नाथ पारस, ईश्वर उराँव, बुद्धन देवी, मुकेश साहू,प्रकाश नायक, मिथुन तमेड़ा, बाल्मीकि कुमार बीजेपी, जय श्रीराम समिति, आजसू, वार्ड पार्षद, सहित विभिन्न समाज के नेतृत्वकर्ता और विभिन्न गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

# बलदेव साहू महाविद्यालय स्थित इंडोर राइफल शूटिंग क्लब का उद्घाटन को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला शूटिंग क्लब लोहरदगा जिला राइफल एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक संगठन के कोषाध्यक्ष श्री अशोक यादव के अध्यक्षता में होटल पर्ल में आयोजित हुई। जिसमें आगामी 27 सितंबर 2023 को बलदेव साहू महाविद्यालय स्थित इंडोर राइफल शूटिंग क्लब का उद्घाटन समारोह आयोजित करने को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया एवं एवं सफल संचालन हेतू कई उप समितियों का गठन किया गया। निर्णय लिया गया कि इस उद्घाटन समारोह को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए लोहरदगा जिला के गण्य मान्य एवं प्रबुद्ध जनों को आमंत्रित करने हेतु निम्न लोगों को जवाबदेही दी गई- संजय बर्मन, नेसार अहमद पंकज जयसवाल, मनी उराव, जब्बारूल अंसारी एवं कवंलजीत सिंह, आयोजन समिति प्रोफेसर लोहरा



उरांव, अशोक कुमार यादव, डॉ अजय सहदेव, शशि कुमार गुप्ता, आलोक राय, संजय सिंह, आशीष कुमार, स्वागत समिति-सलीम अंसारी बड़े, रमेश साहू, प्रभात भगत, युनुस अंसारी, अनिल उरांव, सत्यदेव भगत, जुगल भगत,विनोद सिंह खरवार, रघु उरांव, शशि भगत, कुणाल अभिषेक,महताब आलम, रहमत अंसारी। मंच व्यवस्था एवं मंच संचालन-सुखैर भगत, इस उद्घाटन समारोह में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एवं सेलिब्रिटी भाग लेंगे। आज के बैठक में मुख्य रूप से अशोक यादव सुखैर भगत अमर सिन्हा, विकास सिन्हा, डॉ अजय सहदेव, नेसार अहमद, संजय बर्मन, प्रोफेसर लोहरा उरांव, प्रोफेसर शशि गुप्ता, मनी उरांव, आलोक राय, आशीष कुमार, जबारुल अंसारी, सलीम अंसारी बड़े, प्रभात भगत, कवंलजीत सिंह, पंकज जयसवाल, रमेश साहू, सत्यदेव भगत, कुणाल अभिषेक, विनोद खरवार, तनवीर गौहर, रघु उरांव, जुगल भगत, शशि कुमार, अनिल उरांव, युनुस अंसारी, राजेश शर्मा, रहमत अंसारी,महताब आलम एवं इनामुल अंसारी मौजूद थे।

# सेवा दल कांग्रेसियों को प्रशिक्षित कर उन्हें राष्ट्र के प्रति निष्ठा के लिए प्रेरित करती है : नेसार अहमद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार को लोहरदगा जिला कांग्रेस सेवा दल की बैठक मुख्य संगठन शंभू प्रजापति के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में आयोजित हुई। इस बैठक में प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद एवं सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। सर्वप्रथम सेवा दल के उपस्थित कार्यकर्ताओं के द्वारा ध्वज वंदन कार्यक्रम किया गया साथ ही साथ आगामी 3 अक्टूबर 2023 को रांची में कांग्रेस सेवा दल समागम कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सेवादल कांग्रेस संगठन का अभिन्न अंग होने के साथ-साथ अनुशासित दल है। सेवा दल का गठन आजादी के पूर्व 28



दिसंबर 1923 को सेवा दल के संस्थापक डॉ नारायण सुब्बा राव के द्वारा किया गया। सेवा दल कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती है और लोगों के अंदर राष्ट्रीय भावना एवं राष्ट्र के प्रति निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। कांग्रेस सेवा दल कांग्रेसियों को प्रशिक्षित करती है और उन्हें पार्टी के प्रति समर्पण का भाव भर्ती है। हम सभी को गर्व है कि हमारे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी कांग्रेस सेवा दल का प्रशिक्षण लिए थे। कांग्रेस सेवा दल पार्टी के लोकप्रिय नेता राहुल गांधी जी के संघर्षों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी। मौके पर सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप विश्वकर्मा ने कहा कि सेवादल हमेशा कांग्रेस पार्टी के विचारधारा नीति सिद्धांतों को आम जनों तक पहुंचाने का कार्य करती है। कांग्रेस संगठन को मजबूती को लेकर भी सेवादल बड़ी भूमिका निभाते आई है। वर्तमान समय में सेवा दल पूरे प्रदेश में सांगठनिक रूप से काफी सशक्त हुआ है।

# प्रखंड स्तरीय स्व. राजीव गांधी महिला व पुरुष पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**➲ हमारे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी मौका मिले : नमन बिक्सल कोनगाडी**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के द्वारा आयोजित स्वर्गीय राजीव गांधी मेमोरियल महिला एवं पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट 2023 का शुभारंभ विधायक नमन बिक्सल कोनगाडी के द्वारा खिलाड़ियों के बीच परिचय प्राप्त करते हुए किया गया। विधायक ने कहा हम अपने विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्रामीण इलाके के खिलाड़ियों को मौका देने के लिए तैयार हैं, इसी निमित्त हमने इस टूर्नामेंट का आयोजन किया हैं। प्रखंड स्तर के बाद विधानसभा स्तर में भी यह खेल हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। इस खेल में सभी महिला तथा पुरुष के टीम को एक-एक सेट जर्सी तथा फुटबॉल दिया जा रहा है।



सभी को अपने खेल का प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा प्रखंड स्तर के विजेता टीम को 15000 नगर तथा उपविजेता को 10000 नगर दिया जाएगा उसके बाद विधानसभा स्तरीय टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया है ।कोलेबिरा प्रखंड में 11 पंचायत के 22 पुरुष की टीम तथा 11 महिला की टीम प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं । सभी प्रवेश करने वाली टीमों को एक सेट जर्सी तथा एक-एक फुटबॉल दिया जा रहा है। उद्घाटन मैच अघरमा ऐ तथा कोलेबिरा ऐ के बीच खेला गया । अघरमा की टीम 1-0 से विजेता बनी। शाहपुर वर्सेस बंदरचुवा महिला के बीच मैच खेला गया जिसमें शाहपुर की टीम 2.0 से विजई हुई टुट्टीकेल ऐ वर्सेस डोमटोली ऐ मैच में टुट्टीकेल की टीम 1-0 से जीत दर्ज की बरसलोया वर्सेज टुट्टीकेल महीला के मैच मे पेनल्टी शूट द्वारा बरसलोया की टीम 3-0 से जीत दर्ज रैसिया ऐ वर्सेस ऐडेगा ऐ के मैच में रैसिया ऐ की टीम 2.0 से जीत दर्ज की *कल का मैच 10बजे लचरागढ ऐ वर्सेस टुट्टीकेल ऐ 11बजे ऐडेगा वर्सेस नवटोली महिला टीम 12 नवाटोली ऐ वर्सेस डॉमटोली ए पुरुष 2 बजे शाहपुर ऐ वर्सेस एडेगा पुरुष 3 बजे बन्दरचुंवा बी वर्सेस अघरमा बी की पुरुष इन सभी टीमों का मैच होगा सभी टीमों को समय पहुंचने का निर्देश दिया गया।

# एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज ने पांच स्वर्ण सहित 16 पदक जीते



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने विद्या भारती की स्टेट एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण सहित 16 मेडल जीते। यहां की 6 छात्राओं सहित कुल 13 एथलीट्स ने 21 से 24 सितंबर तक सिंदरी, धनबाद में विद्या विकास समिति,झारखंड द्वारा आयोजित 34वी प्रांतीय खेलकूद एथलेटिक्स समारोह में भाग लिया। महाविद्यालय को तरुण वर्ग बालक समूह में ओवरऑल कैटेगरी में पूरे प्रांत में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। जनजातीय बहुल एथलेटिक्स की इस टीम ने 5 स्वर्ण के अलावे 6 रजत और पांच कांस्य पदक प्राप्त किया। स्वर्ण और रजत पदक विजेता 08 एथलीट्स का चयन 10 स्पर्धाओं में क्षेत्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हुआ। सुजल बाखला ने ऊंची कूद में स्वर्ण और 400 मी बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। रोहित उरांव ने 3000 मीटर दौड़, 6 किलोमीटर क्रॉस कंट्री दौड़ में रजत एवं 1500 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। अल्पना शैली उरांव ने भाला फेंक में स्वर्ण और 400 मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता। नीलिमा लकड़ा ने त्रिकूद में स्वर्ण, 200 मीटर दौड़ में रजत और 100 मीटर दौड़ में कांस्य से पदक जीता। अभय साहू ने तार गोला फेक में स्वर्ण और चक्का फेंक में कांस्य पदक जीता। आकांक्षा पांडे एवं नैतिक राज ने गोला फेंक में रजत पदक जीते। पूनम कुमारी ने 3000 मी तेज चाल में रजत पदक जीता। 4म400 मीटर रिले रेस में विद्यालय को अजीत मुंडा,अमित उरांव,सुजल बाखला एवं रोहित उरांव ने स्वर्ण पदक दिलाया। मार्गदर्शक शिक्षिकाओं रेणु कुमारी और यशोदा कुमारी के साथ टीम 25 सितंबर को वापस लौटेगी।

# झारखंड कुम्हार समन्वय समिति द्वारा 40 सेवानिवृत कर्मियों को किया गया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड कुम्हार समन्वय समिति द्वारा आनंद सरस्वती बाल निकेतन में समाज के सेवानिवृत्ति व्यक्तियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर समाज के वैसे लोग जो सरकारी सेवा से सेवानिवृत हुए हैं उन्हें रामचरितमानस पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड कुम्हार समन्वय समिति के अध्यक्ष प्रेम किशोर प्रजापति द्वारा किया गया मौके पर उन्होंने कहा कि समाज में वैसे मार्गदर्शक है जो सेवानिवृत्ति के बाद अपने घरों में ही सिमट कर रह गए हैं। उनसे प्रेरणा लेने तथा समाज में उचित मान सम्मान देने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत कर्मियों के विचार आशीर्वचन के रूप में लेते हुए समाज के विकास में उनके बताए मार्ग पर चलने की प्रेरणा ली गई। कार्यक्रम में लगभग 40 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से वासुदेव प्रजापति, नेमधारी महतो, जकड़ी राम, बजरंग प्रजापति, दिनेश प्रजापति, किरण प्रजापति, रामदास प्रजापति, भगवत प्रजापति सहित अन्य के नाम शामिल है। मौके पर सेवानिवृत शिक्षक वासुदेव प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय में उगते सूर्य को लोग नमस्कार करते हैं,डूबते सूर्य की महता कम होती जा रही है लेकिन झारखंड कुम्हार समन्वय समिति की कमेटी द्वारा सेवानिवृत कर्मियों को सम्मान देकर समाज को जागरूक करने का प्रयास किया गया जो सराहनीय है।

# खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता है, खेल से कैरियर बनायें खिलाड़ी : दिलीप कुमार टोप्पो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही चटकपुर के लोलस फॉर्म मैदान में एस टी क्लब द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ समापन। आयोजित खेल प्रतियोगिता समापन के मुख्य अतिथि लोहरदगा के पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो व विशिष्ट अतिथि सेन्हा प्रखंड के पूर्व जिप सदस्य रामलखन प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल को शुभारम्भ कराया। इस अवसर पर पूर्व उपायुक्त दिलीप कुमार टोप्पो ने कहा की खेल से खिलाडियों का मानशिक एवं शारीरिक विकास होता है। खेल से कैरियर बनायें खिलाड़ी तथा खेल को खेल की भावना से अनुशासन के साथ खेलना चाहिये जिसे खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग से 32 टीम और बालिका वर्ग में 16 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग में प्रथम स्थान डीसीएन को पुरस्कार स्वरूप 25 हजार नगद,जर्सी सेट व टॉफी और उपविजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप 18 हजार रु जर्सी सेट व टॉफी तथा तृतीय पुरस्कार 12 हजार और फुटबॉल तथा चतुर्थ पुरस्कार 10 हजार और फुटबॉल दिया गया। जबकि पांचवे स्थान से आठवें स्थान प्राप्त करने वाले टीमो को एक एक फुटबॉल सान्त्वना पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। वही बालिका वर्ग में प्रथम पुरस्कार एलओसी ईटा को 10 हजार रु शील्ड व जर्सी, द्वितीय पुरस्कार पिके पतलो की टीम को 7 हजार रु जर्सी व शील्ड दिया गया।

# अपनी सभ्यता संस्कृति और पूर्वजों द्वारा मिली परंपरा को बचाए रखने कि जरूरत है : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा विधायक कार्यालय बरवा टोली में मांदर,एवं नगाड़े(वाद्ययंत्र) का वितरण किया गया। मौके पर स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अपनी सभ्यता संस्कृति और पूर्वजों द्वारा मिली परंपरा को बचाए रखने कि जरूरत है। सामाजिक संस्कृति धार्मिक संस्कृति को बरकरार रखने के लिए लोहरदगा जिले के विभिन्न प्रखंडों में मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया जा रहा है जिससे लोग कर्मा पर्व हर्षोल्लास के साथ मना सकें। मेरा प्रयास है कि जिले के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास हो,आधारभूत संरचना के साथ साथ सामाजिक धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा का विकास हो तभी एक सभ्य समाज की कल्पना की जा सकती है। इसलिए हमने अपने विधानसभा क्षेत्र में 300 पारंपरिक वाद्य यंत्र का वितरण किया। इसके साथ-साथ अखड़ा निर्माण, धनकुडिया निर्माण धूम कुड़िया निर्माण, पड़हा भवन निर्माण, सांस्कृतिक कला केंद्र का निर्माण किया जा रहा है ताकि संस्कृति को बचाया जा सके। इसके साथ-साथ प्रत्येक अखड़ा में सोलर लाइट का निर्माण जल्दी किया जाएगा।

# ठेठईटांगर ताराबोगा में बिंझिया समाज द्वारा आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का हुआ समापन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा में बिंझिया समाज द्वारा आयोजित हॉकी टूर्नामेंट का रविवार को समापन हुआ। जहां पर फाइनल मैच जिलिंगा बनाम पाण्दन टोली के बीच आयोजित हुई जहां पर जिलिंगा की टीम ने 3-0 में से जीत दर्ज की। खेल की शुरुआत खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का बाबूराम लकड़ा आशीष सिंह,रवि बड़ाईक,सुदीप लुगुन के द्वारा खेल की शुरुआत की। मौके पर जिलिंगा की टीम विजेता बनी जिसे मुख्य अतिथि के द्वारा शानदार खस्सी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संदेश एक्का ने कहा इस क्षेत्र में लगातार खेल का आयोजन हो रहा है और जहां पर स्थानीय स्तर पर छिपे हुए प्रतिभा को बाहर लाने का काम किया जा रहा है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है क्योंकि अनुशासन में रहकर आगे खेलते हुए आगे चलकर जिला एवं पूरे देश का नाम रोशन कर सकेंगे। आज खेल के क्षेत्र में कई रोजगार के साधन है सहित कई जगहों पर विशेष स्पॉट कोटा के तहत लोगों को रोजगार मिल रहा है जिसे विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिले के हुनरमंद खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से एक नई पहचान मिल रही है और इसमें झारखंड पार्टी लगातार सहयोग करने का काम करेगी। वही इधर आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष बुधराम कैस, कोषाध्यक्ष नंद कैश ,सचिव गोविंद प्रधान, संरक्षक सह मुखिया बलदेव सिंह, जगन्नाथ बिंझिया, बुद्धेश्वर बिंझिया, रामचंद्र बिंझिया सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों की भूमिका है।

# आठ दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत टुकुपानी पंचायत के फरसा पानी मैदान में नवयुवक संघ फरसापानी के तत्वाधान में आठ दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत समिति सदस्य सुलोचनी देवी ,प्रखंड कांग्रेस पार्टी के सचिव प्रिंस कुमार, कांग्रेस पार्टी पंचायत अध्यक्ष लॉरेंग डुंगडुंग उपस्थित हुए एवं खिलाडियों से परिचय प्रप्त कर एवं टोस कराकर मैच का शुभारंभ किये । उद्घाटन मैच में बगचट्टा ने बिरनी बेड़ा सिमडेगा को 3-0 से पराजित किया । टूर्नामेंट का फाइनल मैच 1.10.2022 को खेला जाएगा । प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने अपने संबोधन में कहा कि खेल को खेल की भावना से खेले, हार जीत अपनी जगह है, साथ ही आज के समय में खेल के माध्यम से भी आप अपना भविष्य उज्वल बना सकते हैं ,इसलिए इस कमेटी को भी मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस तरह का इतना अच्छा टूर्नामेंट कई वर्षों से चलते आ रहे हैं, और हमारे युवा साथियों को ,युवा भाइयों को एक अच्छा मौका ,एक अच्छा प्लेटफार्म दे रहे हैं ,जिससे अपना खेल को और बेहतर तरीके से खेल कर अपना भविष्य बना सकते हैं, क्योंकि सभी जानते हैं हॉकी खेल के माध्यम से हमारे कई युवा साथी आज रेलवे में, फौज मे, पुलिस आदि में जॉब कर रहे हैं तो मेरी शुभकामना है कि आप लोग भी एक दिन उसी मुकाम तक पहुंचे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से साइकिल रैली का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा के तत्त्वावधान में रविवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से 16 किलोमीटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। जो ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा से प्रारंभ कर सिठियो, बरही, भंडरा होते हुए अखिलेश्वर धाम पहुंच समाप्त हुआ। साईकल रैली के माध्यम से युवाओं ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक करते दिखे, साथ ही युवाओं ने पौधारोपण करने के लिए ग्रामीणों को जागरुक किया। अखिलेश्वर धाम पहुंचने के पश्चात राष्ट्रीय स्वयं सेवक इकाई भंडरा द्वारा भंडरा लाल बहादुर शास्त्री खेल मैदान में भव्य भंडारा का भी आयोजन किया। जिसमें साइकल रैली में पहुंचे 300 स्वयं सेवकों ने भंडारा का लुत्फ उठाया। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोहरदगा द्वारा लाल बहादुर



शास्त्री खेल मैदान में आयोजित खोखो,कबड्डी सहित कई प्रतियोगिता में भाग लिया। मौके पर आरएसएस के प्रांत संपर्क प्रमुख राजीव कमल बिट्टू ने कहा कि तेजी से प्रदूषित हो रहे वातावरण को ठीक करना हम सबकी जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य देश के सर्वांगीण विकास में सबकी सहभागिता सुनिश्चित कराना है। पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमें अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पौधारोपण का संकल्प लेने की आवश्यकता है। इस दौरान युवाओं ने भी पेड़ की कटाई की रोकथाम तथा लोगों को पौधारोपण के प्रति जागरुक करने का संकल्प लिया। मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा, दीपक कुमार, बिपुल कुमार, सचिन किसले, मनोज दास, विक्रांत कुमार, देवेंद्र मंडल, सचिन कुमार, नीरज कुमार, सत्यम कुमार, श्रीकांत मित्तल, संजय दीक्षित, कमल अग्रवाल, मिथुन कुमार, दीपक अधिकारी, उत्तम गुप्ता, आनंद दुबे, ललन सोनी, विवेक सोनी, आकाश यादव, विकास सिंह, पंकज साहू, रिंकू साहू सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# आदिवासी समाज को विरासत में मिली है संस्कृति और परंपराएं, इसे सहेज कर रखें : विधायक भूषण बाड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के टैंसेर पल्ली परिसर में आदिवासी दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर आदिवासी नाच प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। नाच प्रतियोगिता में 53 यूनिट की नृत्य मंडली भाग ली। जिसमें प्रथम स्थान नवाटोली बी, दूसरा सिरघाग टोली और तीसरा नोनगढ़ा मंडली को मिला। सबकी सफल नृत्य मंडली को विधायक सहित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने सम्बोधन में विधायक ने कहा कि हमारे आदिवासी समाज को संस्कृति और परंपराएं विरासत में मिली है। हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखना है। हम आदिवासियों को अपने कल्चर को संजो कर रखना है। उन्होंने कहा कि झारखंड में एक समय में आदिवासियों की आबादी 70 प्रतिशत थी। मगर आज हम



लोग 26 प्रतिशत पर सिमट गए हैं। इसका मुख्य कारण हमारे लोगों का पलायन है। जंगल, जमीन को नजरअंदाज कर सभी गांव छोड़कर पलायन कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि भाजपा सरकार के समय राज्य में आदिवासियों का बहुत ज्यादा शोषण हुआ। विधायक ने कहा कि आज भी सरकार द्वारा आदिवासियों के विकास के लिए भेजी गई राशि का सदुपयोग नहीं हो रहा है और इसका लाभ आदिवासियों को नहीं मिल रहा है। हमारे क्षेत्र में बिचौलिए हावी हैं। बाहरी लोग हमारे राज्य शासन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासियों के विकास के लिए 1932 का खतियान लागू किया गया जो यहां के आदिवासियों मूल वासियों को काफी लाभ देगा।

**हर गांव, हर गली में हो आदिवासी नाच प्रतियोगिता : जिप सदस्य जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि आदिवासी संस्कृति, संगीत और नृत्य को बचाकर रखने के लिए आयोजित की गई यह कार्यक्रम सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन से हम सभी अपनी संस्कृति से जुड़े रहते हैं। इस तरह का कार्यक्रम हर पंचायत, हर गांव, हर टोला और हल गली में होना चाहिए।

**चलते चलते एक नजर**

## मुठभेड़ में घायल पांच लाख की इनामी महिला नक्सली की हुई मौत



**दंतेवाड़ा :** जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दंतेवाड़ा-सुकमा सीमा के नहाड़ी क्षेत्र में 20 सितंबर को हुए मुठभेड़ में गंभीर रूप से घायल एक और महिला नक्सली हिर्रे-सपना की मौत हो गई है। महिला नक्सली हिर्रे-सपना पर पांच लाख का इनाम घोषित है। दंतेवाड़ा एसपी गौरव राय ने पांच लाख की इनाम घायल महिला नक्सली हिर्रे-सपना के मारे जाने की पुष्टि की है। गौरतलब है कि नक्सल प्रभावित नहाड़ी के जंगलों में 20 सितंबर को हुई मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों के शव मुठभेड़ के बाद सर्चिंग के दौरान जवानों ने बरामद किये थे, जिसकी शिनाख्त पांच लाख की इनामी लखमे एवं दो लाख की इनामी मंगली के रूप में हुई थी। इसके अलावा जवानों ने मौके से एक इंसास राइफल, एक भरमार सहित भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद किया था। जवानों ने इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने का दावा भी किया था, जिसके बाद हिर्रे सपना केरलापाल एरिया कमेटी मेंबर की मौत की खबर सामने आई है। वहीं नहाड़ी मुठभेड़ के चार दिन बाद भी नक्सलियों द्वारा अब तक कोई प्रेस नोट जारी नहीं किया है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है, कि नहाड़ी मुठभेड़ में नक्सलियों को बड़ा नुकसान हुआ है।

## मुठभेड़ में दो महिलाओं समेत चार तस्कर गिरफ्तार, एक घायल

**बदायूं :** जिले में रविवार की सुबह पुलिस और गौ तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो महिला तस्कर हैं। मुठभेड़ में गोली लगने से एक गौ तस्कर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान फायरिंग करते हुए दो गौ तस्कर फरार हो गए।पुलिस को सूचना मिली कि जुम्मी के निवास पर गौवंशीय पशुओं के मांस का अवैध व्यापार करने के लिए पशु काटे जा रहे हैं। इस सूचना पर कुंवरगांव थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ दबिश देने पहुंची तो जुम्मी पहुंचे वैसे ही पशु तस्करों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। गोली लगने से संभल का रहने वाला उवैस घायल हो गया और उसके तीन अन्य साथियों को पुलिस ने दबोच लिया। दो महिलाएं भी शामिल हैं। फायरिंग करते हुए दो तस्कर मौके से फरार हो गये, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है। फिलहाल घायल तस्कर उवैस को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने जुम्मी के निवास से तीन कुंतल गौवंशीय मांस,पशु काटने के उपकरण, दो गाड़ियां भी बरामद की हैं। मामले में सीओ उझानी शक्ति सिंह ने बताया कि पुलिस ने दो महिलाओं समेत चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। फरार दो तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है, जल्द उन तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग व जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता का किया जिक्र**

# भारत ने मनवाया अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्हें चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग और जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से जुड़े कई पत्र मिले हैं। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 को लेकर देश में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। पीएम ने कहा,आजादी का ये अमृतकाल, देश के लिए हर नागरिक का कर्तव्य काल भी है। अपने कर्तव्य निभाते हुए ही हम अपने लक्ष्यों को पा सकते हैं, अपनी मंजिल तक पहुंच सकते हैं। कर्तव्य की भावना, हम सभी को एक सूत्र में पिरोती है। पीएम मोदी ने जंगली जीवन की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा,बीते कुछ वर्षों में देश में शेर, बाघ,तेंदुआ और हाथियों की संख्या में उत्साहवर्धक बढ़ोतरी देखी गई। कई और प्रयास भी निरंतर जारी हैं, ताकि दूसरे जीव-जंतुओं को बचाया जा सके। हमारे शास्त्रों में कहा गया है- जीनेषु करुणा चापि, मैत्री तेषु विधीयताम्। अर्थात, जीवों पर करूणा कीजिए और उन्हें अपना मित्र बनाइए। हमारे तो ज्यादातर देवी-देवताओं की सवारी ही जीव-जन्तु हैं। कहा कि भारत में अब वैश्विक धरोहरों की संख्या 42 हो गई है। भारत का प्रयास है कि हमारे ज्यादा से ज्यादा ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जगहों को विश्व धरोहर के तौर पर मान्यता मिले। पीएम ने कहा कि भारत में एक से बढ़कर एक विश्व हेरिटेज साइट्स हैं। कुछ ही दिन पहले शांति निकेतन और कर्नाटक के पवित्र होयसड़ा मंदिरों को विश्व धरोहर घोषित



किया गया है। पीएम मोदी ने देशवासियों को विश्व पर्यटन दिवस की भी याद दिलाई। उन्होंने कहा, 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस हैं, पर्यटन को कुछ लोग सिर्फ सैर-सपाटे के तोर देखते हैं, लेकिन पर्यटन का एक बहुत बड़ा पहलू रोजगार से जुड़ा है। मेरा आप सबसे आग्रह है कि जब आप कहीं घूमने जाने की योजना बनाएं, तो ये प्रयास करें कि भारत की विविधता की दर्शन करें।पीएम ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में भारत के प्रति आकर्षण बढ़ा है और जी-20 के सफल आयोजन के बाद दुनिया के लोगों की रुचि भारत की ओर बढ़ गई है।पीएम मोदी ने कहा,दिल्ली में एक और रोमांचक कार्यक्रम होने जा रहा है। जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट प्रोग्राम। इस प्रोग्राम से देश भर के लाखों यूनिवर्सिटी के छात्र एक-दूसरे से जुड़ेंगे। इसमें आईआईटी, आईआईएम, एनआईटी और मेडिकल कॉलेजों जैसे कई प्रतिष्ठित संस्थान भी भाग लेंगे। मैं चाहूंगा कि अगर आप कॉलेज स्टूडेंट हैं तो 26 सितंबर को होने वाले इस कार्यक्रम को जरूर देखिएगा। इससे जरूर जुड़िएगा।

**जी-20 से भारत ने मनवाया अपनी नेतृत्व क्षमता का लोहा**

पीएम मोदी ने कहा,चंद्रयान-3 की सफलता के बाद जी-20 के शानदार आयोजन ने हर भारतीय की खुशी को दोगुना कर दिया। भारत मंडपम तो अपने आप में एक सेलिब्रिटी की तरह हो गया है। लोग उसके साथ सेल्फी खिंचा रहे हैं और गर्व से पोस्ट भी कर रहे हैं। भारत ने इस समिट में अफ्रीकन यूनियन को जी-20 में पूर्ण सदस्य बनाकर अपने नेतृत्व का लोहा मनवाया है।

**भारत की धरती पर हुआ इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप कॉरिडोर का सूत्रपात**

जब भारत बहुत समृद्ध था, उस जमाने में, हमारे देश में और दुनिया में सिल्क रूट की बहुत चर्चा होती थी। यह सिल्क रूट व्यापार-कारोबार का बहुत बड़ा माध्यम था। अब आधुनिक जमाने में भारत ने एक और इकोनॉमिक कॉरिडोर जी-20 में सुझाया है। ये है इंडिया-मिडिल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर। यह आने वाले सैकड़ों वर्षों तक विश्व व्यापार का आधार बननने जा रहा है और इतिहास इस बात को हमेशा याद रखेगा कि इस कॉरिडोर का सूत्रपात भारत की धरती पर हुआ था।

# बीआरओ के कैजुअल वेतनभोगी श्रमिकों के अंतिम संस्कार का खर्च दस गुना बढ़ा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चीन सीमा पर बुनियादी ढांचा खडा करके विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के कैजुअल वेतनभोगी श्रमिकों (सीपीएल) की मौत होने पर सरकार ने उनके अंतिम संस्कार का खर्च बढ़ाकर दस गुना कर दिया है। पहले यह राशि महज एक हजार रुपये थी, लेकिन अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने को मंजूरी दी है। यह भी फैसला लिया गया है कि बीआरओ परियोजनाओं में ड्यूटी के दौरान सीपीएल की मृत्यु होने की स्थिति में कार्यस्थल पर ही अंतिम संस्कार होने का खर्च सरकार उठाएगी। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि बीआरओ के कैजुअल वेतन भोगी श्रमिकों (सीपीएल) की ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर के संरक्षण और मूल स्थानों तक पहुंचाने के मौजूदा प्रावधानों में बदलाव किया गया है। अभी तक सरकारी खर्च पर पार्थिव शव के संरक्षण और इसे मूल स्थान तक पहुंचाने के लिए परिवहन की सुविधा केवल जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स (जीआरईएफ) के कर्मियों के लिए उपलब्ध थी। अब रक्षा मंत्री ने इस सुविधा को कैजुअल वेतन भोगी श्रमिकों (सीपीएल) तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कैजुअल वेतन भोगी श्रमिकों (सीपीएल) के अंतिम संस्कार के खर्च को 1,000 रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने को भी मंजूरी दी है। रक्षा मंत्रालय के अधीन बीआरओ सीमावर्ती क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण के लिए कैजुअल वेतन भोगी श्रमिकों को नियोजित करता है। वे प्रतिकूल जलवायु और कठिन परिस्थितियों में बीआरओ कर्मियों के साथ मिलकर काम करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप वे कभी-कभी दुर्घटना के शिकार भी होते हैं। समान परिस्थितियों में काम करने वाले सीपीएल इस सुविधा से वंचित थे। उनकी मृत्यु हो जाने की स्थिति में पार्थिव शरीर को अपने पैतृक स्थान तक ले जाने का खर्च शोक संतप्त परिवारों को उठाना पड़ता था।

आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण मृतक का परिवार हवाई किराया या सड़क मार्ग से परिवहन का खर्च भी वहन नहीं कर पाता है। इसलिए रक्षा मंत्री ने बीआरओ को उनके लिए उचित कल्याणकारी प्रारूप तैयार करने का निर्देश दिया था, क्योंकि एक शोक संतप्त परिवार को अक्सर अंतिम संस्कार और अन्य संबंधित खर्चों को वहन करना बहुत कठिन लगता है।

# जेडीयू नेता ने किया दावा, जल्द ही नीतीश घोषित होंगे इंडिया के पीएम उम्मीदवार

**एजेंसी**

**पटना :** जनता दल यूनाइडेट के एक बड़े नेता ने फिर नीतीश कुमार को इंडिया गठबंधन की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की है.बिहार विधानसभा के डिप्टी स्पीकर महेश्वर हजारी ने इस पर बड़ा बयान दिया है.उन्होंने कहा,सीएम नीतीश कुमार में पीएम के लिए जरूरी सभी गुण हैं. जब भी भारतीय गठबंधन पीएम उम्मीदवार के लिए नाम की घोषणा करेगा तो वह नीतीश कुमार का ही नाम होगा. हजारी ने कहा कि प्रधानमंत्री पद के लिए भारत में उनसे ज्यादा योग्य कोई नहीं है.उन्होंने ये बयान मुंख्यमंत्री नीतीश कुमार संग जेडीयू के तमाम प्रकोष्ठ अध्यक्षों की मीटिंग के बाद दिया. हजारी ने आगे कहा,नीतीश कुमार

*** सीएम नीतीश कुमार में पीएम के लिए जरूरी सभी गुण हैं : महेश्वर हजारी**



इस देश के सबसे बड़े समाजवादी नेता हैं, खुद पीएम मोदी भी कह चुके हैं कि राम मनोहर लोहिया और जेपी के बाद नीतीश कुमार ही बड़े समाजवादी नेता हैं. डिप्टी स्पीकर ने कहा, नीतीश कुमार 5 बार भारत सरकार में मंत्री रहे हैं और 18 सालों से बिहार के मुख्यमंत्री हैं. उनसे ज्यादा कोई योग्य नहीं है.इससे पहले जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह भी ये मांग कर चुके हैं. उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि लोग नीतीश कुमार को देश का नेतृत्व करते हुए देखना चाहते हैं. वहीं जेडीयू सरकार में कद्दावर मंत्री लेसी सिंह ने भी कहा था कि नीतीश कुमार में देश का नेतृत्व करने की क्षमता है. बिहार सरकार में मंत्री और जनता दल यूनाइटेड नेता जमा खान ने कहा था कि देश की जनता नीतीश को प्रधानमंत्री के तौर पर देखना चाहती है.

# महाराष्ट्र के नागपुर में बारिश का कहर, 4 लोगों की मौत

**एजेंसी**

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर में शुक्रवार रात से हो रही बारिश ने शहर के जन जीवन को ठप्प कर दिया. महज़ 4 घंटों में 100 एमएम बारिश हुई और शहर के कई रिहाइशी इलाकों में पानी भर गया. मौसम विभाग ने अगले कुछ समय के लिए नागपुर और आस पास में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. प्रशासन ने एहतियातन स्कूल कॉलेजों में छुट्टी का ऐलान किया है. नागपुर में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ की वजह से 53 वर्षीय महिला सहित चार लोगों की मौत हो गई. पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी.



भरी बारिश से जलजमाव और नुकसान का जायजा लेने के लिए उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर में बारिश से सबसे ज्यादा प्रभावित अंबाझरी तालाब इलाके का दौरा किया. इस दौरान स्थानीय लोगों ने बाहर से देखने की बजाय घरों में आकर देखने की मांग की. लोगों की मांग पर देवेंद्र फडणवीस ने कुछ घरों में जाकर नुकसान देखा और लोगों की शिकायतें सुनी. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार देर शाम को प्रत्येक मृतक के परिजन को चार लाख रुपये मुआवजा देने की घोषणा की. पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, बाढ़ का पानी सुरेंद्रगढ़ निवासी संध्या धोरे (53) और उनकी मां सयाबाई धोरे (72) के घर में घुस गया. इस दौरान, अन्य रिश्तेदार घर से निकलने में सफल रहे, लेकिन पक्षाघात की शिकार संध्या धोरे घर में ही छूट गई, क्योंकि वह चलते-फिरने में असमर्थ थीं.पुलिस अधिकारी ने बताया,कमरे में जलस्तर बढ़ने के बाद संध्या धोरे डूब गई. एक बचाव दल ने उनका शव बरामद किया.अधिकारी ने बताया कि गित्तिखादन में अकेले रहने वालीं 70 वर्षीय मीराबाई कप्पूस्वामी के कमरे में बाढ़ का पानी घुस गया.

उन्होंने बताया कि मीराबाई के शव को सुबह छह बजे रिश्तेदारों ने बाहर निकाला.भारी बारिश की वजह से नागपुर के ज्यादातर हिस्सों में बाढ़ आ गई है, जिसके बाद एक विद्यालय के 70 छात्रों सहित 400 से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया. भारी बारिश से अंबाझरी झील लबालब भर गई है. इससे आसपास के निचले क्षेत्र प्रभावित हुए हैं. शहर के अन्य हिस्से भी प्रभावित हुए हैं.

## गुरदासपुर से 12 किलो हेरोइन व 19.30 लाख रुपये नगद बरामद, दो गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती जिला गुरदासपुर में बीएसएफ के साथ मिलकर साझा ऑपरेशन में दो व्यक्तियों के कब्जे से 12 किलो हेरोइन तथा 19.30 लाख रुपये नगद बरामद किये हैं। जवानों को दौरांगला गांव स्थित बीपीओ आदियां में शनिवार रात सर्च के दौरान ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जवान फायरिंग करने लगे, तो ड्रोन वहां से चला गया। ड्रोन करीब आठ मिनट तक भारतीय सीमा के अंदर रहा। इसके बाद पुलिस व बीएसएफ ने सर्च ऑपरेशन चलाया और गांव चौड़ा कलां से 12 पैकेट हेरोइन, 19 लाख 30 हज़ार रुपये नगद बरामद हुए। पुलिस ने अलड़ पिंडी निवासी सुरेंद्र सिंह और जगपरीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने ट्वीट करके बताया कि बरामद हेरोइन की मार्केट वैल्यू करोड़ों रुपये है।

# सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए : विनोद पांडेय

*** हरमू कैंप कार्यालय में हुई पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जेएमएम पूर्वी सिंहभूम,पश्चिम सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला समिति की विस्तारित बैठक रविवार को (जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं सचिव सहित) पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय (कैम्प) में सम्पन्न हुई। बैठक में शामिल सभी सदस्यों के साथ क्रमशः पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम एवं सरायकेला-खरसावां जिला में संगठन की मजबूती पर चर्चा करते हुए जिला समिति द्वारा





क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों का आकलन किया गया। साथ ही सभी उपस्थित पदाधिकारी तथा सदस्यों को झारखंड सरकार द्वारा जनहित में लाए गए योजनाओं की जानकारी देते हुए आम जनों तक योजनाओ को पहुँचाने का निर्देश दिया गया। जिससे आम जनों को योजनाओं पूरा-पूरा लाभ मिल सके। बैठक में शामिल सदस्यों के द्वारा दिए गए मंतव्य एवं सुझावों पर चर्चा उपरांत केन्द्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय के द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्यरूप से केंद्रीय उपाध्यक्ष सह विधायक सविता महतो, केंद्रीय महासचिव सह विधायक दीपक बिरुवा, केन्द्रीय सचिव सह मंत्री, झारखंड सरकार जोबा मांझी, केन्द्रीय सचिव सह विधायक समीर मोहंती तथा विधायक रामदास सोरेन उपस्थित हुए। आगामी दिनांक 27 सितंबर 2023 को दिन के 11 बजे से बोकारो तथा गिरिडीह जिला समिति की विस्तारित बैठक (जिला अंतर्गत केन्द्रीय समिति के सभी सदस्य, जिला समिति के सभी पदाधिकारी तथा वर्ग संगठन के जिलाध्यक्ष एवं जिला सचिव सहित) रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैम्प) में आयोजित की जाएगी।

# दिल में छेद वाले बच्चों को रोटरी देगा गिफ्ट ऑफ लाइफ





**कोच्ची में कराया जाएगा निःशुल्क ऑपरेशन**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** रोटरी रांची और रोटरी रांची मिड टाउन, रांची नार्थ एवं रांची साउथ संयुक्त रूप से रोटरी गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के तहत दिल में छेद वाले बच्चों का ऑपरेशन कराएगा। एक माह से 18 वर्ष उम्र तक के वैसे बच्चे जिनके दिल मे जन्मजात छेद है या वॉल्व में सिकुडन है, उनका इलाज कोच्ची (केरल) के प्रसिद्ध अमृता अस्पताल में निःशुल्क होगा। इसके लिए रांची के राज हॉस्पिटल में 3-4 अक्टूबर को ऐसे बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग एम्स कोच्ची के प्रसिद्ध डॉ ब्रजेश पी कोटाईल एवं उनकी टीम की ओर से की जाएगी। स्क्रीनिंग के लिए संबंधित बच्चे के अभिभावकों को पूर्व के इलाज के सारे कागजात, जांच रिपोर्ट, इकोकार्डियोग्राफ, ईसीजी और चेस्ट एक्सरे रिपोर्ट लेकर आना होगा। इस संबंध में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में रोटरी रांची के प्रवक्ता प्रवीण राजगडिया ने कहा कि रोटरी की ओर से बच्चों की ओपन हार्ट सर्जरी निःशुल्क कराई जा रही है। रोटरी रांची मिड टाउन की अध्यक्ष मंजू गंभीर ने कहा कि रोटरी ने झारखंड एवं बिहार में जरूरतमंद सभी बच्चों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा है। रोटरी रांची के अध्यक्ष डॉ विनय ढानढनिया ने कहा कि हम पूरे झारखंड और बिहार के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से दिल की बीमारी से ग्रस्त बच्चों को ढूंढ कर उसके इलाज की व्यवस्था करा रहे हैं। जरूरतमंद तक इस अभियान की जानकारी पहुंचाने में सहयोग करें। ढानढनिया ने बताया कि स्क्रीनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 9204055678, 7209380342, 7004714905 और 9431115384 यह नंबर जारी किया गया है।

# अल्पसंख्यक आयोग एवं बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्षों का कुरैश समाज ने किया भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी की अध्यक्षता में झारखंड सरकार में आयोग एवं बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों का सम्मान समारोह का आयोजन उनके आवासीय कार्यालय में भव्य तरीके से किया गया । इस अवसर पर झारखंड कांग्रेस प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष हिदायतुल्ला खान ,उपाध्यक्ष शमशेर आलम, उपाध्यक्ष ज्योति मथारू, डॉक्टर एस एम तौसीफ, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, विपणन बोर्ड के अध्यक्ष रबिंद्र सिंह, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के अध्यक्ष मुजीब कुरैशी शामिल थे । सभी आयोग एवं बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्षों व पदाधिकारियों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रांची शहर के विभिन्न समुदायों एवं विभिन्न अंजुमनों, संगठनों ,पंचायतें, संस्थानों के पदाधिकारीगण ने अपनी बातों से आयोग को अवगत कराया।

**किसने क्या कहा :**

कांग्रेस प्रदेश के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अल्पसंख्यक आयोग में सरकार के पहल से इसका गठन कर दिया गया है। इससे पहले भाजपा के ही लोग आयोग के अध्यक्ष होते थे और जिस कारण से अल्पसंख्यकों का काम नहीं हो पता था। लेकिन अब जब हम लोगों के काम करने का समय आया तो आप लोग देख रहे होंगे कि किस तरह से समन भेजा जा रहा है, डराया जा रहा है। लेकिन हम लोग डरने वालों में से नहीं है ।

जो जिम्मेदारियां मिली है उसे पूरा करेंगे । अभी वक्फ बोर्ड, मदरसा अकादमी सभी का गठन होगा। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष के





हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि अल्पसंख्यकों के लिए पहले भी काम करता था और जो जिम्मेदारी अब मिली है उसे भी करूंगा और आने वाले समय में भी जो बन सकेगा करूंगा। उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा समाज के लिए काम करना सबसे बड़ी चुनौती होती है और इसी चुनौतियों को हम पहले से करते आए हैं आगे भी करेंगे। झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश का अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने कहा कि सरकार के लिए डुमरी उप चुनाव काफी कठिन था । एक तरफ भाजपा और केंद्र की सरकार झारखंड सरकार को समन भेज रही है, इडी से डरा रही है, तो वहीं दूसरे तरफ आजसू लगातार स्थानीय मुद्दों को लेकर हमलावर थी, उधर असदुद्दीन ओवैसी ने भी किसी तरह से कसर नहीं छोड़ रहे थे, बावजूद इसके जिस तरह से अल्पसंख्यकों और स्थानीय लोगों ने महागठबंधन सरकार द्वारा किए गए कार्यों को सराहा , इसी का परिणाम डुमरी उपचुनाव की जीत है। वहीं मंच संचालन मीडिया प्रभारी गुलाम जावेद और धन्यवाद ज्ञापन जमीयतुल कुरैश पंचायत के महासचिव परवेज कुरैशी ने किया।

इस अवसर पर जमीयतुल कुरैश पंचायत के अध्यक्ष गुलाम गौस कुरैशी, उपाध्यक्ष अफरोज लड्डुन कुरैशी, मोईज अख्तर भोलू,पिन्टू पांडेय,राउफ अंसारी,शकील खान हसीब खान , फारुख कुरैशी, मासूक कुरैशी, सरफराज नवाज खान,आमिर कुरैशी, प्रोफेसर कुद्दुस कुरैशी, शम्स कमर लड्डुन,मो अजाद,हसीब भाई साजिद,आमीर,मो.शकील, इम्तियाज मुन्ना, फरहाद कुरैशी, सरफराज कुरैशी,आशिक कुरैशी, जाकिर काजी, एहतेशाम, आफताब, गुड्डु कुरैशी, लड्डुन खान, नौशाद खान,ओवैस आलम,मो.कुमैर मतीबुर, खालीद,रफीक, गुलाम मुस्तफा कुरैशी, नसीम,यासीन कुरैशी, इमरान हसन , सद्दाम कुरैशी, बसीर कुरैशी,अवेश कुरैशी मुन्ना,साजाद, हाजी मिन्हाज, मोइनुद्दीन कुरैशी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल थे।